राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267 आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 साई मांजरेकर ने इंस्टाग्राम पर...




रोहिणी आचार्य के पहले हम से... 12

गाजियाबाद, मंगलवार 16 अप्रैल 2024 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 41, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### जम्मू-कश्मीर के सोपोर में मां की हत्या के आरोप में शख्स गिरफ्तार

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के सोपोर इलाके में पुलिस ने सोमवार को एक व्यक्ति को अपनी मां की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि सोपोर के रफियाबाद इलाके के हादीपोरा गांव के अमीर वानी को हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया है। हत्या 14



अप्रैल और 15 अप्रैल की मध्यरात्रि को की गई। पुलिस ने कहा, आरोपी ने धारदार हथियार से हमला किया। वह पेशे से ड्राइवर है। अपराध करने के कुछ ही घंटों के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद महिला के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया।हत्या का कारण अभी तक पता नहीं चल सका है।

### पाकिस्तान में भीषण बारिश ने मचाई तबाही, गलियां बनी तालाब, 39 की मौत, बलूचिस्तान में आपातकाल घोषित

**इस्लामाबाद (आरएनएस)।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में बारिश ने बड़ा नुकसान पहुंचाया है। यहां पिछले तीन दिनों से बारिश जारी है जिसके चलते गलियां तालाब बन चुकी हैं और कई जगह सड़कें बह गई हैं। यही नहीं हालात इतने भीषण हैं कि सरकार ने बलूचिस्तान में आपातकाल घोषित कर दिया है। इस बारिश के चलते देश के अलग-अलग अब तक 39 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से 12 लोगों की मौत अकेले रविवार को ही खैबर पख्तूनख्वा में ही हो गई। इसके अलावा पंजाब में 4 और बलूचिस्तान में दो लोगों की मौत हो गई। बलूचिस्तान के मकरान में भीषण बारिश हुई और कई जगहों पर बिजली भी गिरी। इन घटनाओं में दो और लोगों की मौत हो गई। इसके साथ ही बलूचिस्तान में मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है। हालात इतने विकट हैं कि बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में इमरजेंसी घोषित की गई है। बलूचिस्तान सरकार ने अर्बन फ्लड इमरजेंसी घोषित की है और सीएम सरफराज बुगती ने ऑनलाइन मीटिंग बुलाकर हालात का जायजा लिया है। इस बारिश की वजह से पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में भी हालात बिगड़ गए हैं। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने भी हालात से निपटने के लिए मीटिंग बुलाई है। उन्होंने बैठक के बाद कहा कि हमने बचाव दलों को आदेश दिया है कि वे तत्काल लोगों को मदद करें।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस बारिश से यह भी उम्मीद है कि जलाशयों को थोड़ा पानी मिल सकेगा। कई जगहों पर झीलें और तालाब सूखने के कगार पर थे। अब इस बारिश से थोड़ी राहत मिलेगी। अफगानिस्तान में भी भारी बारिश के चलते 33 लोगों की मौत हुई है और 27 जख्मी हो गए हैं। तालिबान के शासन वाले अफगानिस्तान में भारी बारिश की वजह से कई जगहों पर घर भी गिर गए हैं। अब तक मिली जानकारी के अनुसार अफगानिस्तान में करीब 600 मकान जमींदोज हो गए, जबकि 200 जानवर भी मारे गए हैं। इस बाढ़ से बड़े पैमाने पर खेती योग्य जमीन को भी नुकसान पहुंचा है और सड़कें भी टूट गई हैं।

### इजराइल का बड़ा फैसला, एहतियात के तौर पर लगाए प्रतिबंध हटाए, शैक्षिक गतिविधियां बहाल

**जेरूसलम (आरएनएस)।** इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने सोमवार तड़के कहा कि ईरान के बीती रात के हमले से पहले एहतियात के तौर पर लगाए गए सभी प्रतिबंध हटा दिए गए हैं। ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमले से पहले इजराइल ने शनिवार को सभी शैक्षणिक गतिविधियों और बड़े आउटडोर समारोहों पर प्रतिबंध लगा दिया था। आईडीएफ ने एक बयान में कहा कि स्थिति के आकलन के बाद रविवार मध्यरात्रि से इन प्रतिबंधों को हटाने का फैसला किया गया । बयान में कहा गया है, अब पूरे इजराइल में शैक्षिक गतिविधियों को बहाल कर दिया गया है और सभाओं पर से भी प्रतिबंध हटा दिया गया है।

## दिल्ली शराब घोटाला मामले में के.कविता को बड़ा झटका, कोर्ट ने 23 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित शराब नीति घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सोमवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की एमएलसी के. कविता को 23 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सीबीआई की हिरासत समाप्त होने के बाद कविता को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। जज कावेरी बावेजा ने उन्हें सीबीआई के मामले में 23 अप्रैल तक जेल भेज दिया। ईडी के मामले में भी उनकी हिरासत 23 अप्रैल तक है।



राउज एवेन्यू कोर्ट में कविता ने कहा, यह सीबीआई हिरासत नहीं, बल्कि बीजेपी हिरासत है। वे दो साल से बार-बार पूछ रहे हैं, नया कुछ भी नहीं है। सीबीआई ने 11 अप्रैल को कविता को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। उन्हें अगले दिन कोर्ट में पेश किया गया। सीबीआई ने गवाहों के बयान, व्हाट्सऐप चैट और एक जमीन से संबंधित वित्तीय लेनदेन दस्तावेजों के आधार पर पांच दिन की हिरासत मांगी थी। उन्हें शराब नीति में आरोपी विजय नायर और अन्य के माध्यम से आप को 100 करोड़ रुपये का भुगतान करने में एक प्रमुख साजिशकर्ता के रूप में माना गया है। अदालत ने कहा था, जांच एजेंसी रिकॉर्ड से यह दिखाने में सक्षम रही है कि मामले में बड़ी साजिश का पता लगाने के लिए अब तक एकत्र किए गए सबूतों और गवाहों से उनका सामना कराने के लिए हिरासत में पूछताछ आवश्यक है।

## हर रोज 100 करोड़ जब्त कर रहा चुनाव आयोग, 75 साल के इतिहास में सबसे अधिक रिकवरी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव 2024 को निष्पक्ष रूप से करवाने के लिए चुनाव आयोग सख्त कदम उठा रहा है। सख्त कदमों के तहत चुनाव आयोग ने अब तक की सबसे बड़ी जब्ती की है। चुनाव आयोग ने आज कहा कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव अधिकारी एक मार्च से हर दिन 100 करोड़ रुपये मूल्य की जब्ती कर रहे हैं। आयोग ने बताया



कि प्रवर्तन अधिकारी लोकसभा चुनाव के लिए मतदान शुरू होने से पहले ही 4,650 करोड़ रुपये की जब्ती कर चुके हैं, जो 2019 लोकसभा चुनावों में की गई 'कुल जब्ती से अधिकइ है। यह 75 साल के इतिहास में अब तक की सबसे अधिक रिकवरी है। चुनावों में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए चुनाव आयोग देश में अलग-अलग एजेंसियों की मदद ले रहा है।

### नींद नहीं आ रही तो एक्स्ट्रा पैग लगा लेना या...

## बीजेपी नेता के महिला मंत्री पर बयान से बढ़ा विवाद

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव 2024 में विवादित कमेंट थमने का नाम नहीं ले रहा है। कर्नाटक बीजेपी के पूर्व विधायक ने राज्य की महिला मंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देकर विवादों को जन्म दे दिया है। बीजेपी के पूर्व विधायक ने महिला मंत्री पर रातों को नींद न आने का कटाक्ष करते हुए उनको शराब पीने की सलाह दे डाली। कांग्रेस सरकार की मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर ने बीजेपी पर महिलाओं के अपमान का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाले नरेंद्र मोदी की पार्टी में ऐसे ही संस्कार दिए जाते हैं।




बेलगावी लोकसभा क्षेत्र में एक जनसभा के दौरान बीजेपी के पूर्व विधायक संजय पाटिल ने कहा कि कर्नाटक में बीजेपी के लिए महिलाओं का समर्थन बढ़ रहा है। इससे कांग्रेस की मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर काफी चिंतित होंगी। उनको रातों को नींद नहीं आती होगी। पाटिल ने कहा कि बेलगावी में भाजपा के लिए महिलाओं के बढ़ते समर्थन को देखते हुए हेब्बालकर को अच्छी नींद नहीं आएगी। उनके लिए रमेश जारकीहोली को वहां चुनाव प्रचार करते देखना भी मुश्किल होगा। संजय पाटिल ने सलाह दे डाला कि हेब्बालकर को अच्छी नींद के लिए एक एक्स्ट्रा पैग लेना होगा या नींद की गोली लेनी होगी। लक्ष्मी हेब्बालकर ने बीजेपी नेता पर पलटवार करते हुए उनकी टिप्पणियों की निंदा की है। उन्होंने अपने एक वीडियो बयान में सवाल किया कि क्या पाटिल की टिप्पणी इस बात का उदाहरण है कि भाजपा महिलाओं के प्रति कितना सम्मान रखती है। यह महिलाओं के प्रति भाजपा के सम्मान को दशार्ता है। यह भाजपा का छिपा हुआ एजेंडा है। अगर आप राम, बेटी पढ़ाओ-बेटी पढ़ाओ का जाप करते हैं तो यह पर्याप्त नहीं है; आपको महिलाओं का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह हमारी हिंदू संस्कृति है। हिंदू संस्कृति के बारे में भाषण देने वाले संजय पाटिल की टिप्पणी न केवल मेरे लिए बल्कि राज्य और देश की सभी महिलाओं का अपमान है।

## लाल किले के पास रोड पर कार और ई रिक्शा के टकराने से चली गोली, गोली लगने से एक की मृत्यु और एक घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली (ऐजाज अली)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के मध्य जिला में ई-रिक्शा वालों का आतंक दिन प्रतिदिन रोड पर बढ़ता जा रहा है दिल्ली की गलियों से लेकर नेशनल हाईवे सड़कों तक ई रिक्शा वालों का हर समय आतंक रहता है। दिल्ली के नेशनल हाईवे सड़कों पर प्रतिबंध होने के बावजूद भी ई रिक्शा क्षेत्रीय पुलिस कर्मियों की मिली भगत से सर पट दौड़ती नजर आती है। जिसके कारण जाम का झाम लगा रहता है। अनाप-शनाप चलाने के कारण ई रिक्शा वाले घटना देखकर को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं। आज लाल किले के पास रिक्शा और कर के टकरा जाने से झगड़ा इतना बढ़ गया कि गोलियां चलने लगे जिसके कारण एक कर ड्राइवर की मृत्यु हो गई और एक जख्मी हो गया। कार और ई रिक्शा में टक्कर के बाद कार कैब ड्राइवर की हत्या, लड़ाई देख रहे शख्स को भी गोली लग गई।



दिल्ली के लाल किला इलाके में कार और ई रिक्शा के बीच टक्कर होने के बाद उस पर सवार दो लोगों ने कैब ड्राइवर को गोली मार दी। इलाज के दौरान साकिब नाम के चालक की अस्पताल में मौत हो गई जबकि विवाद देख रहे एक शख्स को भी गोली लगी है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। देश की राजधानी दिल्ली में लाल किला के पास एक कैब और ई रिक्शा के बीच टक्कर होने के बाद बदमाशों ने कैब ड्राइवर को गोली मार दी। करीब 4-5 राउंड फायरिंग हुई है जिससे कैब ड्राइवर के अलावा वहां मौजूद एक अन्य शख्स को भी गोली लग गई। कैब ड्राइवर की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। हमलवार अभी फरार है।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद पर हिंदू पक्ष को सुप्रीम कोर्ट से राहत, नहीं मानी मुस्लिम पक्ष की बात

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मथुरा कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। इसमें अभी फिलहाल जो बात अदालत की तरफ से निकलकर सामने आई है, उसके अनुसार शाही ईदगाह मस्जिद के सर्वे पर फिलहाल रोक जारी रहेगी।

हालांकि, इस मामले में अब सुप्रीम कोर्ट की तरफ से हिंदू पक्ष को राहत मिली है। दरअसल, मथुरा कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में शाही ईदगाह मस्जिद कमेटी ने हाईकोर्ट में सभी निचली अदालतों में चल रहे 15 मुकदमों को ट्रांसफर करने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चैलेंज किया था। साथ ही मुस्लिम पक्ष ने इस मामले में हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई पर रोक की भी मांग की थी।

लेकिन, सुप्रीम कोर्ट की तरफ से मुस्लिम पक्ष की इस मांग को खारिज कर दिया गया और हाईकोर्ट में सुनवाई जारी रहने का रास्ता साफ कर दिया। बता दें कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा की जिला अदालत में मथुरा कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में चल रहे सभी केस को हाईकोर्ट ट्रांसफर कर लिया था।

## शशि थरूर को चुनाव आयोग की चेतावनी, टीवी चैनल पर विपक्षी उम्मीदवार के खिलाफ लगाए थे 'निराधार' आरोप

तिरुवनंतपुरम (आरएनएस)। तिरुवनंतपुरम में चुनाव अधिकारी ने मौजूदा कांग्रेस सांसद शशि थरूर को अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी राजीव चंद्रशेखर के खिलाफ चुनाव प्रचार के दौरान असत्यापित आरोप नहीं लगाने को कहा है। चेतावनी 6 अप्रैल को भाजपा नेता जे.आर. पद्मकुमार द्वारा दायर की गई शिकायत के बाद आई है।

शिकायत में कहा गया था कि थरूर ने एक टेलीविजन समाचार चैनल पर एक साक्षात्कार कार्यक्रम के दौरान निराधार आरोप लगाए थे। कार्यक्रम में थरूर ने राजीव चंद्रशेखर पर वोट के लिए मतदाताओं और धार्मिक नेताओं को पैसे की पेशकश करने का आरोप लगाया था। थरूर के खिलाफ एनडीए कनवीनर वी.वी. राजेश द्वारा एक और शिकायत दर्ज की गई थी। बताया गया कि थरूर



ने साक्षात्कार में चंद्रशेखर को बदनाम करने के लिए झूठे और तुच्छ बयान दिए। चुनाव आयोग के नोडल अधिकारी ने कहा, थरूर को आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के उल्लंघन में भविष्य में निराधार आरोप न लगाने की सख्त चेतावनी दी गई है। मीडिया चैनल को यह भी निर्देश दिया गया है कि जब तक एमसीसी लागू है तब तक साक्षात्कार के विवादित हिस्से का प्रसारण न करे।

उन्हें एमसीसी लागू रहने तक साक्षात्कार के विवादित हिस्से के किसी अन्य प्रकार के प्रकाशन को हटाने/रोकने का भी निर्देश दिया जाता है। केरल में 26 अप्रैल को 20 लोकसभा सीटों के लिए मतदान होना है। तिरुवनंतपुरम सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला है। यहां से थरूर, चंद्रशेखर और पूर्व सांसद और अनुभवी सीपीआई उम्मीदवार पन्नियन रवींद्रन मैदान में हैं।

**संबोधन** भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध की उद्घोषणा है हमारा संकल्प पत्र : योगी आदित्यनाथ

## गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी हैं भाजपा के संकल्प पत्र के चार आधार : सीएम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि देश का गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति ही भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र के चार आधार हैं। उन्होंने कहा ये संकल्प पत्र मोदी की गारंटी है, जिसमें हमने विकसित भारत बनाने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ

- **देश की अस्मिता, सुरक्षा, आस्था और अर्थव्यवस्था को लेकर मोदी की गारंटी संकल्प पत्र का आधार : योगी आदित्यनाथ**
- **नये भारत, श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर भारत और विकासित भारत का ब्लू प्रिंट है संकल्प पत्र : योगी**

निर्णायक युद्ध की भी उद्घोषणा की है। उन्होंने यूपी में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए नया नारा देते हुए कहा कि "80 बनेगा आधार, एनडीए 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार।" सीएम योगी पार्टी कार्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे।

**देश को मोदी की गारंटी पर विश्वास**

मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान शिल्पी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलों से अपना संकल्प पत्र जारी किया है। इसकी पहली चार प्रतियां देश के चार सामाजिक स्तंभों का प्रतिनिधित्व करने वाली हैं। ये हैं गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी (GYAN)। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दल मात्र नहीं है, बल्कि यह भारत के विजन को मिशन मानकर प्रभावी ढंग से लागू करने के 140 करोड़ जनता की आकांक्षा बन चुकी है। आज देश का जो भी एंबीशन है वह पीएम मोदी का विजन बन चुका है और हमारे लिए वही मिशन है। इस देश को मोदी की गारंटी पर विश्वास है।

**मोदी की गारंटी इस संकल्प पत्र का आधार**

सीएम योगी ने कहा कि संकल्प पत्र में मुफ्त राशन, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, आवास योजना सहित तमाम गरीब कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखने और और उनके दायरे को बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है। संकल्प पत्र में नेशन फर्स्ट के भाव के साथ विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया गया है। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत काल का ये पहला चुनाव है, जिसमें आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्पना को लेकर चुनाव लड़ा जा रहा है। देश की अस्मिता, सुरक्षा, आस्था और अर्थव्यवस्था को लेकर मोदी की गारंटी इस संकल्प पत्र का आधार बना है।



**विकासित भारत का ब्लू प्रिंट है संकल्प पत्र**

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारा संकल्प पत्र नये भारत, श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर भारत और विकासित भारत का ब्लू प्रिंट है। ये भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध का की उद्घोषणा के साथ ही अन्त्योदय से सर्वोदय और ग्लोबल लीडर भारत के संकल्प को भी दोहराता है। ये संकल्प पत्र जिन-जिन सेक्टर्स का प्रतिनिधित्व करता है वो मोदी की गारंटी पर आधारित हैं। ये पहला आम चुनाव है जिसके प्रमाण के बारे में आश्वस्ती का भाव पूरे देश में मिल रहा है। लोगों को मोदी जी की गारंटी पर विश्वास है। विकसित भारत की आकांक्षाओं का आधार ये संकल्प पत्र बनेगा।

**महत्वपूर्ण संकल्पों पर सीएम ने दोहराई प्रतिबद्धता**

मुख्यमंत्री ने बताया कि संकल्प पत्र में समान नागरिक संहिता लागू करने, नेशनल लिटिगेशन पॉलिसी को लागू करने, कॉमर्शियल और सिविल न्यायिक प्रणालियों में बदलाव, वन नेशन वन इलेक्शन, पीएम सूर्य हर घर मुफ्त बिजली योजना, घरों के पंजीकरण की कीमत को कम करने, तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने, पीएम मुद्रा योजना की क्रैकिंग सीमा को दोगुना करने, एमएसपी में वृद्धि और पीएम मत्स्य योजना के विस्तार के लिए पार्टी के संकल्प को दोहराया गया है। इसके साथ ही सिंचाई, कोल्ड स्टोरेज और कृषि इन्फ्रास्ट्रक्चर के मिशन को देश में लागू करने, स्वस्थ भारत के संकल्प के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों और ट्रांसजेंडर्स को आयुष्मान भारत से जोड़ने, पैरामेडिक्स के प्रशिक्षण, हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने, एमएसएमई के लिए किफायती बीमा प्रोडक्ट, आग, चोरी, प्राकृतिक आपदा से बचाने के लिए बीमा, भारत को ट्वाय हब बनाने, 2025 में भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाने, 2030 तक देश को इलेक्ट्रॉनिक हब बनाने, बुटेल ट्रेन का विस्तार पूरे देश में करने, 5जी के विस्तार के साथ ही 6जी टेक्नोलॉजी विकसित करने का संकल्प भी यहां दोहराया। इसके अलावा ग्लोबल कॉन्फ्रेंस और एग्जिबिशन के लिए बड़े कन्वेंशन सेंटर के दायरे को बढ़ाने, पुलिस मॉर्डनाइजेशन, टेक सेवी सुरक्षा बल, नये आईआईटी, नये एम्स, वन नेशन वन स्टूडेंट, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, टेक्नोलॉजी के जरिए सुलभ शिक्षा के प्रति मुख्यमंत्री ने वचनबद्धता को दोहराया। साथ ही उन्होंने बताया कि 2036 में ओलंपिक की मेजबानी, नये स्टेडियम बनाने, अत्याधुनिक खेल प्रशिक्षण केंद्र, खेल उपकरणों के मैन्यूफैक्चरिंग, खेल स्टार्टअप को बढ़ावा, साइंस टेक्नोलॉजी के लिए साइंस पार्क, नदियों का संरक्षण और कायाकल्प, नमामी गंगे के दायरे को बढ़ाने, दुनिया में रामायण महोत्सव के आयोजन के संकल्प को भी हमारा संकल्प पत्र दोहराता है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश को फार्मा हब बनाने, एकीकृत सैन्य कमांड सेंटर, साइबर सुरक्षा के लिए पूरी मजबूती के साथ हमारी प्रतिबद्धता को भी यह संकल्प पत्र दोहराता है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# गैंगस्टर के 02 अभियुक्तों द्वारा जमीन बेचने व खरीदने के नाम पर धोखाधड़ी की घटनाएं कर सृजित सम्पत्ति कीमत लगभग 06 करोड 23 लाख 35 हजार 453 रुपये कुर्क की गयी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलन्दशहर (वसीम अहमद सिद्दीकी)।** जिलाधिकारी बुलन्दशहर के आदेश के अनुपालन में आज प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर एवं नायब तहसीलदार सदर द्वारा पुलिस टीम को साथ लेकर गैंगस्टर सुधीर कुमार गोयल पुत्र कृष्ण कुमार गोयल निवासी राधिका इन्कलेव थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर व जयप्रकाश पुत्र जगवीर निवासी ग्राम खालौर थाना जहांगीराबाद जनपद बुलन्दशहर द्वारा समाज विरोधी क्रिया-कलाप से आर्थिक एवं भौतिक लाभ अर्जित कर सृजित/ क्रय की गयी अचल सम्पत्ति(अनुमानित कीमत 06 करोड 09 लाख 02 हजार 10 रुपये) तथा बैंक में जमा 14,33,443/- रुपये की नकदी को गैंगस्टर अधिनियम की धारा-14(1)के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए जब्त किया गया है।






**गैंगस्टर सुधीर कुमार गोयल की जब्त की गयी सम्पत्ति का विवरण-**

03 प्लाट/मकान क्षेत्रफल लगभग 376.47 वर्ग मीटर, 0.1056 हैक्टेयर भूमि, (कुल कीमत 05 करोड 13 लाख 26 हजार 10 रुपये), 14 लाख 33 हजार 443 रुपये (विभिन्न बैंक खातों जमा)

**गैंगस्टर जयप्रकाश की जब्त की गयी सम्पत्ति का विवरण-**

1.1970 हैक्टेयर कृषि भूमि, (कुल कीमत 95 लाख 76 हजार रुपये)।

# जिला बदर शातिर अपराधी अवैध असलहा, कारतूस सहित गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अगौता।** थाना अगौता पुलिस द्वारा एक जिला बदर अपराधी को ग्राम मालागढ काली नदी के पास से अवैध असलहा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है जिसे मा0 न्यायालय द्वारा दिनांक 02-11-2023 को 06 माह की अवधि के लिये जिला बदर घोषित किया गया था। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना खानपुर पर मुअसं-90/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट व 10 यूपी गुण्डा नियन्त्रण अधि0 पंजीकृत करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया हैं।



**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

फरमान पुत्र नाजर निवासी ग्राम मालागढ़ थाना अगौता जनपद बुलन्दशहर ।

**बरामदगी-**

01 तमंचा 303 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस।

# साबितगढ़ शुगर मिल में लगा चिकित्सा शिविर...

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पहासू ।** स्थिति त्रिवेणी शुगर मिल साबिगतगढ़ में 15 अप्रैल को कैलाश हॉस्पिटल के सौजन्य से एक चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ जिसमें अस्पताल के चिकित्सा विशेषग्यों द्वारा करीब 150 मरीजों की जांच की गई । शिविर का उदघाटन फीता काटकर नवीन अग्रवाल फाइनेंस जी एम व मुकेश गिरी जी एम ने सयुक्त रूप से किया । वरिस्ठ प्रशासनिक प्रबन्धक सज्जन पाल सिंह राणा ने बताया इस चिकत्सा शिविर लगवाने का हमारा मुख्य उद्देश्य सभी त्रिवेणी परिवार के सदस्यों व आस पास व क्षेत्रीय जनता को इसका लाभ मिल सके इसके लिये लगातार पिछले कई वर्षों से गाँव गाँव मे चिकत्सा सुबिधाओं से लैस एक एम्बुलेंस लगातार हर महीने की 1 तारीख से लेकर 15 तारीख तक गांवों में जाकर मरीजों का परिक्षण करके उन्हें निशुल्क दवाएं भी उपलब्ध कराई जाती हैं । आगे भी यह अभियान जारी रहेगा चिकत्सा शिविर में कैलास हस्पताल से सुभाष शर्मा, डॉक्टर मोहित, तालान, अभिषेक शर्मा,सुमित शर्मा, रोबिन राजोरिया, टीनू,नेहा, प्रवीन शर्मा, अशोक शर्मा हिना, तमन्ना व त्रिवेणी से आयोजन समिति में डॉक्टर बिजेंद्र सिंह चौहान,राणा अरुण सिंह,ओमेंद्र पाल सिंह,जय चौधरी,रामजीत सिंह, विपिन सिंह, शेखर उपाध्याय, रुकेश कुमार,मौसम सक्सेना,वीरेंद्र सिंह अमन राणा,अनिल राघव,धीरज सिंह, रामकुमार आदि मौजूद रहे।



# विधान सभा वार आवंटित हुई ईवीएम मशीनों को आज जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की उपस्थिति में ईवीएम गोदाम को खुलवाया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर (वसीम अहमद सिद्दीकी )।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन के लिए बुलंदशहर सीट के लिए 26 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए रेंडमाइजेसन के उपरान्त विधान सभा वार आवंटित हुई ईवीएम मशीनों को आज जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी श्री चंद्र प्रकाश सिंह की उपस्थिति में ईवीएम गोदाम को खुलवाया गया। ईवीएम मशीनों को विधान सभा वार सामग्री वितरण/स्ट्रांग रूम में ले जाकर मा0 निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार कमिशनिंग की कार्यवाही की जायेगी।



इस मौके पर प्रत्याशी एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ता भी मौजूद रहे। सभी उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए गए कि ईवीएम मशीन की कमिशनिंग का कार्य अपनी निगरानी में सतर्कता से कराया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व विवेक कुमार मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**ईवीएम मशीनों को विधान सभा वार सामग्री वितरण/स्ट्रांग रूम में ले जाकर मा0 निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार कमिशनिंग की कार्यवाही की जायेगी**

# शिकारपुर में हवन कर गठबंधन के प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर ।** नगर के पुराने सिनेमा हॉल परिसर में गठबंधन के प्रत्याशी शिवराम वाल्मीकि के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन हवन पूजा कर किया गया। गठबंधन प्रत्याशी शिवराम वाल्मीकि ने नगर के दुकानदारों से पैदल जनसंपर्क किया। वहीं प्रत्याशी ने कार्यकताओं से चुनाव में की जान से जुड़ जाने की अपील की है।



इस मौके पर प्रेमवीर यादव राजकुमार बघेल दिनेश पंडित शिवकुमार शर्मा, सुभाष गांधी नवीन शर्मा शाहिद खान मुनीर अकबर साहब जावेद मलिक आदि लोग मौजूद रहे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में भी हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई अंबेडकर जयंती

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** शिकारपुर तहसील क्षेत्र के गांव मामऊं में भारत रत्न भीमराव अंबेडकर का 133 वां जन्मदिवस बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिकारपुर ब्लॉक प्रमुख पंकज कुमार गौतम एवं शिकारपुर पूर्व नगर पालिका चेयरमैन फूलवती राना ने बाबा साहब की प्रतिमा पर नमन करते हुए श्रद्धा सुमन किये अर्पित। तथा भीम अनुयायियों के साथ मिलकर केक काटकर अंबेडकर जयंती मनाई गई ।

**भीम अनुयायियों 133 वीं जयंती केक काटकर मनाई**

ब्लॉक प्रमुख पंकज कुमार गौतम ने बताया है कि बाबा साहब महान युगपुरुष,महान समाज सुधारक महान चिंतक,कानून विशेषज्ञ आर्थिक विशेषज्ञ बहुभाषी वक्ता संपादक व पत्रकार डॉ भीमराव अम्बेडकर कि आज 133 वीं जयंती के सुअवसर पर मैं उनके चरणों में अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं। पूर्व चेयरमैन फूलवती राना ने बताया है कि डॉ० भीमराव अम्बेडकर ने लगातार जातिगत भेदभाव के उन्मूलन के लिए संघर्ष किया जिसने भारतीय समाज को खंडित कर दिया था और इसे पंगु बना दिया था, भारतीय इतिहास में इनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता ये हमेशा हम लोगों के दिलों में जिंदा रहेंगे





अपने प्रगतिशील विचारों के चलते वह आज करोड़ों भारतीयों के साथ साथ दुनिया भर के लोगों के प्रेरणास्त्रोत हैं और हमेशा रहेंगे, उनके विचारों के साथ साथ उनका किरदार भी हम सबको धारण करना चाहिए जिससे कि समाज में शान्ति स्थापित हो और समानता व मानवता का शासन राज करे।इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री संजय चौधरी श्रीपाल सिंह बौद्ध नानक चंद बौद्ध शिव सिंह डॉ नरेश प्रधान इंद्रपाल सिंह रोबिन बबलू कुमार सिंह धर्मेन्द्र कुमार निगम सतपाल सिंह अरुण कुमार नीरज कुमार पूरण सिंह गजराज सिंह एलपी सिंह अंकुश प्रेमवीर विपिन जय किशोर आदि उपस्थित रहे।

# पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में खूनी संघर्ष, वृद्ध दंपति की हत्या, तीन आरोपी गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी।** क्षेत्र के गांव महौली में पुरानी रंजिश को लेकर एक ही समुदाय के दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया जिसमे दो की मौत हो गयी और, करीब एक दर्जन लोग घायल हो गये। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। सूचना पाकर पुलिस ने मरने वालो के शवो का पुंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है साथ ही पीडित पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी पक्ष के 3 को गिरफतार किया है।

जानकरी के अनुसार रंजिश के चलते मौजूदा प्रधान आरिफ व दूसरे शौकीन पक्ष में हुई पत्थरबाजी, फायरिंग के साथ जमकर लाठी डंडे चले जिसमे ग्राम प्रधान के चाचा इशाक (75) पुत्र आशिक अली और चाची जमीला (70) पत्नी इशाक अली की मौत हो गयी।

जबकि भूरा पुत्र मुबारिक, शंहशाह पुत्र अनवर, रऊफ पुत्र इशाक, अबरार पुत्र अनवर,शौकीन पुत्र मकसूद, नदीम पुत्र शौकीन, शहीद पुत्र महफूज, फैजल पुत्र बाबर सहित करीब एक दर्जन लोग घायल हुए है, सीएचसी गुलावठी के ईएमओ डॉ अमित कुमार ने बताया कि गंभीर रूप से घायल हुए लोगों को हायर मेडिकल सेंटर रेफर कर दिया गया है। घटना के बाद गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया है पुलिस स्थिती पर नजर रखे हुए है।

# 40 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब (कीमत लगभग 01 लाख 50 हजार रुपये) सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी ।** थाना गुलावठी पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर अकबरपुर रोड अलीमुद्दीन की ट्यूवैल बम्बे के पास से 01 अभियुक्त को 40 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना गुलावठी पर मुअसं-125/24 धारा 60/63 आबकारी अधि0 पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।



**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

समरदीन उर्फ सोनू पुत्र जियाउद्दीन निवासी मौहल्ला रामनगर कस्बा व थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर।

**बरामदगी-**

40 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब (अरूणाचल प्रदेश मार्क) गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ पर बताया गया कि उसके द्वारा गैर प्रांत की शराब बुलन्दशहर व आस-पास के क्षत्रों मे उच्चे दामो मे बेचकर आर्धिक लाभ प्राप्त करना चाहता था।

# आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन के द्दष्टिगत चैकिंग के दौरान 10 लाख रुपये नकद बरामद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर (वसीम अहमद सिद्दीकी)।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को शान्ति पूर्ण सम्पन्न कराने के उद्देश्य से अवैध रुप से रुपये के आदान प्रदान पर नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे चैकिंग अभियान के दौरान थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा काला आम चौराहे व शिकारपुर तिराहे से 02 अलग-अलग व्यक्तियों से कुल 10 लाख रुपये बरामद किये गये। इनके द्वारा ले जा रहे रुपयो के सम्बन्ध में कोई प्रपत्र प्रस्तुत नही किया गया। बरामद रुपयो के बारे में जानकारी कर विधिक कार्यवाही की जा रही है तथा इसकी सूचना आयकर विभाग को दी गयी है।



# चुनाव निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तथा पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराये जाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश की अध्यक्षता में संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलन्दशहर (वसीम अहमद सिद्दीकी )।** निकुंज हाल में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारियों के सम्बंध में समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी, प्रभारी अधिकारी/निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण, उड़न दस्ता टीम, स्थैतिक निगरानी एव वीडियो निगरानी टीमों के साथ सामान्य प्रेक्षक विश्व मोहन शर्मा, पुलिस प्रेक्षक शंकर चौधरी व व्यय प्रेक्षक संजय नरगस तथा जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश की अध्यक्षता में संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में उड़न दस्ता टीम, स्थैतिक निगरानी टीम व वीडियो निगरानी टीमों से कहा कि संवेदन शील क्षेत्रों व अन्य क्षेत्रों में नियमित भ्रमण करते रहें, जिससे चुनाव में धन, बल व शराब य अन्य प्रलोभन का प्रयोग न किया जा सके, किसी प्रकार का प्रलोभन संज्ञान में आने पर आयोग के निर्देशानुसार कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। बैठक में सेक्टर मजिस्ट्रेटो से कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित भ्रमण करते रहें और सामाजिक व्यक्तियों व बीएलओ से समन्वय स्थापित कर समाज की स्थिति की जानकारी प्राप्त करें। साथ ही प्रत्याशियों द्वारा होटल की पर्ची देकर खाना खिलाने की प्राप्त शिकायतों पर तत्काल संज्ञान में लेकर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिससे चुनाव निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तथा पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराया जा सके। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री श्लोक कुमार व अपर जिलाधिकारी (वि/रा) विवेक कुमार मिश्र सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



**निर्देश** ईवीएम मशीनों के संचालन के बारे में भी भौतिक रूप से प्रशिक्षण कराया जाए

# लोक सभा सीट के लिए 26 अप्रैल को होने वाले मतदान को सकुशल, पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने हेतु केंद्रीय विद्यालय बुलंदशहर में मतदान कार्मिकों को मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलन्दशहर (वसीम अहमद सिद्दीकी )।** लोक सभा सीट के लिए 26 अप्रैल को होने वाले मतदान को सकुशल, पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने हेतु आज से केंद्रीय विद्यालय, बुलंदशहर में मतदान कार्मिकों को मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी श्री चंद्र प्रकाश सिंह ने प्रशिक्षण कार्य का निरीक्षण करते हुए दिए जा रहे प्रशिक्षण के बारे में जानकारी ली। मास्टर ट्रेनर को निर्देश दिए कि सभी को मतदान के बारे में अच्छी प्रकार से प्रशिक्षण दिया जाए। जिन पीठा सीन अधिकारी द्वारा पहले निर्वाचन में प्रशिक्षण लिया गया है उनसे भी प्रशिक्षण दिलाया जाए। प्रशिक्षण ले रहे मतदान कार्मिकों से कहा कि मतदान को बिना किसी व्यवधान, एवं पारदर्शिता से संपन्न कराने के लिए मतदान कराने के बारे में सभी जानकारी होना आवश्यक है। इसलिए अच्छी प्रकार से प्रशिक्षण प्राप्त करें। किसी भी प्रकार का संशय होने पर उसका निराकरण करा ले। निर्देश दिए गए कि कार्मिकों को ई वी एम मशीनों के संचालन के बारे में भी भौतिक रूप से प्रशिक्षण कराया जाए।

**प्रशिक्षण ले रहे मतदान कार्मिकों से कहा कि मतदान को बिना किसी व्यवधान, एवं पारदर्शिता से संपन्न कराने के लिए मतदान कराने के बारे में सभी जानकारी होना आवश्यक है**



मतदान कार्य में ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों को अपने मत का उपयोग करने के लिए केंद्रीय विद्यालय में विधान सभा वार कक्षों में पोस्टल बैलेट से मतदान करने की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व श्री विवेक कुमार मिश्रा, डीडीओ श्री सुभाष नेमा, बीएसए लक्ष्मीकांत पांडेय सहित सम्बांधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# चावड़ मन्दिर से दानपात्र व इन्वर्टर चोरी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पहासू।** पहासू क्षेत्र के गांव दीघी स्थित चावड़ मन्दिर से अज्ञात चोर मंदिर में रखे बैटरी,इन्वर्टर साउंड सिस्टम तथा दानपात्र चोरी करके ले गए। सुबह को मन्दिर की साफ सफाई करने पहुंचे श्रद्धालु ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मुकुट लाल की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।



# गलगोटियास विश्वविद्यालय में दो दिवसीय डेक्सटेरिक्स-2024 हैकथॉन हुआ सम्पन्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**दनकौर।** डेक्सटेरिक्स-2024, प्रमुख हैकथॉन इवेंट, गलगोटिया विश्वविद्यालय में बड़ी सफलता के साथ संपन्न हुआ। 145 टीमों के गठन वाले 700 से अधिक प्रतिभागियों के साथ, इस कार्यक्रम ने सॉफ्टवेयर डेवलपर्स, इंजीनियरों, प्रौद्योगिकीविदों, वैज्ञानिकों और डिजाइनरों सहित विविध पृष्ठभूमि से जुडे उज्ज्वल दिमागों की सरलता और सहयोगी भावना पर प्रकाश डाला।

डेक्सटेरिक्स 4.0 को वैश्विक चुनौतियों और स्थायी विकास लक्ष्यों का समाधान करने के थीम के तहत आयोजित किया गया था। इस आयोजन का उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देना और फिनटेक, स्थिरता, स्वास्थ्य और कल्याण, वेब-3 और ब्लॉकचेन, सुरक्षा और क्लाउड, शिक्षा और पहुंच, मनोरंजन सहित विभिन्न डोमेन में वास्तविक दुनिया के समाधान बनाना है।डेक्सटेरिक्स 2024 को विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित न्यायाधीशों की मेहमानी का गौरव था। महोदय शिवांश श्रीवास्तव, सोटिफाई के फुल स्टैक डेवलपर; अभिमन्यु द्विवेदी, ब्राइटली के क्लाउड इंजीनियर; साक्षी गुप्ता, ब्राइटिटी सॉफ्टवेयर के सॉफ्टवेयर इंजीनियर; छवि गर्ग, एआर निमार्ता और






प्रशिक्षक; रोहन कुमार, बिगपिक्टो लैटिस के सॉफ्टवेयर विकास इंजीनियर; पीयूष चंद्र, सेल्सफोर्स डेवलपर; हितेश गर्ग, क्विकब्लॉक्स के उत्पाद प्रबंधक; हिमांशु सिंह, इंटरेलट के सॉफ्टवेयर डेवलपर; सार्थक अग्रवाल, वेक्टरशिफ्ट के इंजीनियर; श्रेयांश दीप, इंडिया टुडे के एसडीई; राहुल चौहान, बोटमॉक के एसडीई 3; सौरव दास, जीडीजी सिलिगुन के आयोजक; रवि सक्सेना, फ्रंटएंड डेवलपर; हनी शर्मा, इंफोएज के इंजीनियर और आशुतोष शामिल थे।हैकथॉन ने 5000 रुपये के साथ ऑल गर्ल्स और ऑल फ्रेशर्स टीम की भागीदारी और उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कारों की एक श्रृंखला की पेशकश की, प्रथम पुरस्कार 21,000 था; दूसरा पुरस्कार 15,000 था; तीसरा इनाम 10,000 रुपये का था। डेक्सटेरिक्स 2024 ने न केवल रचनात्मकता को बढ़ावा दिया बल्कि सतत विकास लक्ष्यों के महत्व पर भी जोर दिया। विविध पृष्ठभूमि के सम्मानित न्यायाधीशों के साथ, हैकथॉन ने एक निष्पक्ष और कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया सुनिश्चित की। डेक्सटेरिक्स 2024 ने समावेशिता और प्रतिभा का जश्न मनाया। कुल मिलाकर, इसने समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए प्रतिबद्ध तकनीकी नेताओं की अगली पीढ़ी के पोषण के लिए उत्प्रेरक के रूप मे कार्य किया।

# चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित करके किया गौरव का कार्य, किसान बिरादरी और पूरे देश में उत्साह का माहौल: प्रियंका अत्रि

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा (मौ. बिलाल)।** राष्ट्रीय लोकदल की प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट प्रियंका अत्रि का कहना है कि राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज्यसभा सांसद जयंत सिंह चौधरी ने एनडीए के साथ गठबंधन करके राष्ट्रीय हित में जो फैसला लिया है राष्ट्रीय लोकदल पार्टी पूरी तरह से राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ है और चुनावी पर्व में राष्ट्रीय लोकदल का प्रत्येक कार्यकर्ता जीतोड़ मेहनत कर एनडीए के प्रत्याशियों को जिताने के लिए रात दिन एक करे हुए हैं राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की तरह कार्य करते हुए निर्णय लेते हुए बागपत विधानसभा से एक ऐसे साधारण कार्यकर्ता को टिकट दिया जो चौधरी चरण सिंह के समय से पार्टी से जुड़े हुए थे पार्टी के लिए निस्वार्थ कार्य कर रहे थे जिस लोकसभा





का नेतृत्व देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने किया हो चौधरी अजीत सिंह ने किया हो उसे लोकसभा सीट पर राष्ट्रीय लोकदल के निष्ठावान कर्तव्य निष्ठावान कार्यकर्ता को टिकट देकर साबित कर दिया की जयंत चौधरी की कार्यशैली चौधरी चरण सिंह से बिल्कुल भी अलग नहीं है जिस तरीके से पार्टी को चौधरी चरण सिंह ने अपनी मेहनत ईमानदारी से सींचा था उसी मेहनत और ईमानदारी से राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी चौधरी चरण सिंह की विरासत को पूरी निष्ठा कर्तव्य के साथ आगे बढ़ा रहे हैं और एनडीए गठबंधन का नेतृत्व कर रही भाजपा सरकार देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित करके जो गौरव का कार्य किया है उससे किसान बिरादरी और पूरे देश में बहुत ही उत्साह का माहौल है मोदी का यह निर्णय पूरी किसान बिरादरी को उत्साहित करता है तथा पूरा देश जून में तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनता हुआ देखना चाहता है तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने अपने राजनीतिक सफर में हमेशा किसान मजदूर नौजवान महिलाओं के मुद्दों के साथ ही राजनीति की है ।

# गुर्जर व ठाकुरों को साधने की कवायद, 23 को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह कर सकते हैं दादरी में जनसभा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा (मौ. बिलाल)।** लोकसभा चुनाव में जातीय समीकरण भी हावी होने वाला है। इसको देखते हुए 23 अप्रैल को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में ग्रेटर नोएडा के दादरी में जनसभा कर सकते हैं।

साठा चौरासी गांव के ठाकुरों ने भाजपा उम्मीदवार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इसको देखते हुए पार्टी अब जातीय समीकरण पर भी काम करती दिखाई दे रही है। वहीं दूसरी तरफ बसपा ने भी राजेंद्र सिंह सोलंकी को मैदान में उतर कर भाजपा उम्मीदवार डॉक्टर महेश शर्मा की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा द्वारा टिकट वितरण में क्षत्रिय समाज की उपेक्षा का साठा चौरासी में तेज विरोध हो रहा है।



17 अप्रैल को क्षत्रिय स्वाभिमान सम्मेलन की तैयारी जोरों पर है। आयोजकों का दावा है कि धौलाना में आयोजित सम्मेलन में साठा चौरासी के अलावा देश भर के ठाकुर समाज के लोग शिरकत करेंगे। गाजियाबाद से कर्नल वीके सिंह का टिकट कटने से साठा चौरासी के लोग बेहद नाराज हैं।

गौरतलब है कि गौतमबुद्ध नगर में गुर्जर 3.5 लाख, मुस्लिम 3 से 3.5 लाख, ठाकुर और राजपूत 4.5 लाख, दलित 4.5 लाख, ब्राह्मण 4 लाख, अन्य 3 लाख और नए वोटर 2.58 लाख हैं। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र पांच विधानसभा सीटों नोएडा, दादरी, जेवर, खुर्जा, सिकंद्राबाद से मिलकर बना है। 2009 में यहां पहली बार लोकसभा चुनाव हुए। इसमें बसपा प्रत्याशी सुरेंद्र नागर ने जीत दर्ज की। लेकिन 2014 में वे भाजपा में शामिल हो गए। अब वो राज्यसभा सांसद हैं और भाजपा प्रत्याशी के लिए चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

2014 और 2019 में भाजपा से डॉक्टर महेश शर्मा ने यहां जीत दर्ज की और वर्तमान में सांसद हैं। भाजपा ने तीसरी बार उनको फिर से प्रत्याशी घोषित किया। उसके बाद से वे चुनाव प्रचार कर रहे हैं। हालांकि हाल ही में एक विशेष जाति के लोगों की भाजपा से नाराजगी की बात भी सामने आई है। इसके कुछ वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए। संभवतः इसके बाद ही गौतमबुद्ध नगर में भाजपा समेत अन्य दल अधिक सक्रिय हो गए हैं। माना जा रहा है की 23 अप्रैल को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दादरी में जनसभा को संबोधित कर सकते हैं। बताया जा रहा है कि इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी नोएडा आ सकते हैं। हालांकि विपक्ष की ओर से सरगर्मी थोड़ी कम दिख रही है। 22 अप्रैल को बसपा सुप्रीमो मायावती सिकंद्राबाद से ही अपने प्रत्याशी राजेंद्र सोलंकी के लिए वोट मांगेंगी।

वहीं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी यहां जनसभा कर सकते हैं। वो पहले फेज के मतदान के बाद नोएडा, दादरी में जनसभा कर सकते हैं। जातिगत समीकरण देखें तो नोएडा में सबसे ज्यादा ठाकुर हैं। यहां के गांव गुर्जर बाहुल्य हैं। इसके अलावा नोएडा और ग्रेटर नोएडा की हाईराइज सोसाइटी में नो रजिस्ट्री, नो वोट का कैंपेन चल रहा है। ठाकुर समुदाय परंपरागत रूप से भाजपा का कोर वोटर रहा है।

बहुजन समाज पार्टी ने इस बार ठाकुर समुदाय पर दांव खेलते हुए राजेंद्र सिंह सोलंकी को अपना प्रत्याशी बनाया है। पूर्व विधायक रहे सोलंकी को बसपा का कैडर वोट मिलने की पूरी उम्मीद है। इसके अलावा वह ठाकुर वोट मिलने का भी भरोसा जता रहे हैं। इसके लिए ध्रुवीकरण भी तेज हो गया है। यहां करीब चार लाख ठाकुर वोटों को भाजपा से बसपा की ओर से मोडने की कोशिश हो रही है। फिलहाल कुछ कहना मुश्किल होगा।

इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि भाजपा में भी ठाकुर समुदाय के नेताओं का बड़े पदों पर और बेहद सक्रिय होना है। चाहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हों, गृहमंत्री राजनाथ सिंह हों, विधायक पंकज सिंह और धीरेंद्र सिंह हों। सभी भाजपा के डॉ. महेश शर्मा को जीत दिलाने के लिए सक्रिय हैं। जातीय समीकरण से इतर नोएडा और दादरी के करीब 10 लाख शहरी वोटर भाजपा के लिए बोनस हैं। भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा को 2019 में नोएडा में पड़े 3.46 लाख में से 2.60 लाख वोट मिले, जबकि बसपा के सतवीर गुर्जर को 62 हजार और कांग्रेस के डॉ. अरविंद कुमार सिंह को करीब 20 हजार वोट मिले थे।

इसी तरह से दादरी में पड़े 3.24 लाख वोटों में से भाजपा को 1.94 लाख वोट मिले। दूसरी ओर बसपा को 1.17 लाख और कांग्रेस को 8555 वोट मिले। सपा चुनाव में बसपा को समर्थन दे रही थी। भाजपा का मार्जिन 2009 से 2019 तक लगातार बढ़ा है।

# सामान्य प्रेक्षक ने विश्व भारती स्कूल सेक्टर-28 नोएडा में पिंक बूथ का किया निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नोएडा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत गौतम बुद्ध नगर के लिए नियुक्त किए गए सामान्य प्रेक्षक सिमरनदीप सिंह ने विश्व भारती

**सामान्य प्रेक्षक ने अधिकारियों से कहा कि बूथ पर सभी मूलभूत सुविधाएं एवं बैरिकेडिंग आदि व्यवस्था इस समय रहते की जाए सुनिश्चित**



स्कूल सेक्टर-28 नोएडा में पहुंचकर पिंक बूथ का स्थलीय निरीक्षण किया। पिंक बूथ पर सभी महिला मतदान कार्मिकों की ड्यूटी रहेगी। उन्होंने निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों से कहा कि बूथ पर आने जाने वाले सभी रास्ते एवं बूथ के अंदर प्रकाश आदि की व्यवस्था को पूर्व में ही सुनिश्चित करा ले। सामान्य प्रेक्षक ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित की गई सभी सुविधाएं बूथ पर समय रहते सुदृढ़ कर ली जाए। उन्होंने कहा कि जिन मतदान कार्मिकों की ड्यूटी मतदान केन्द्र पर लगाई गई है, उनके लिए बिजली, पानी आदि की समस्त सुविधाएं मुहैया कराई जाए। उन्होंने मतदान केंद्र व बूथ पर साइन बोर्ड, रैंप, बैरिकेडिंग आदि की व्यवस्था समय रहते कर ली जाए ताकि, मतदान के दिन मतदाताओं को कोई समस्या न हो। उन्होंने इस अवसर पर बीएलओ द्वारा घर-घर मतदाता पर्ची वितरण कार्य की स्थिति का भी अवलोकन किया। उन्होंने बीएलओ से कहा कि सभी मतदाताओं की मतदाता पर्ची समय रहते मतदाताओं तक पहुंचा दी जाए ,ताकि मतदान के दिन मतदाताओं को कोई समस्या ना हो।

# भारतीय बाल्मिकी समाज चेतना मंच ने सपा को दिया समर्थन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नोएडा।** भारतीय वाल्मिकी समाज चेतना मंच की ओर से सोमवार को सेक्टर 49 बरौला सपा के चुनाव कार्यालय पहुंचकर समर्थन दिया गया है। गौतमबुद्धनगर के प्रत्याशी डॉ. महेंद्र नागर के समर्थन मिलकर प्रचार करने का आश्वासन दिया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय धीर्गान ने समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि पूरा वाल्मीकि समाज तन-मन धन से गठबंधन के प्रत्याशी के हक में प्रचार करेगा। सपा महानगर अध्यक्ष डॉ आश्रय गुप्ता का कहना है कि भाजपा के एक सांसद कह रहे हैं कि संविधान बदलने की लिए 270 काफी नहीं है। अगर संविधान बदलना है तो दो तिहाई बहुमत दिलाएं। इसलिए आप ज्यादा से ज्यादा सीट दिलाएं, हमें संविधान बदलना है। प्रधानमंत्री के भाषणों से दो शब्द महंगाई और बेरोजगारी गायब है। इंडिया गठबंधन का प्लान बिल्कुल स्पष्ट है। युवा इस बार प्रधानमंत्री के झांसे में नहीं आएंगे और अब वो इंडिया गठबंधन का हाथ मजबूत कर देश में रोजगार का क्रांति लाएंगे। भाजपा ने पिछले दस वर्षों में ऐसा कुछ नहीं किया है, जिससे किसान और युवाओं को लाभ मिले। वर्ष 2014 के घोषणा पत्र में एक विशेष कार्यबल बनाकर कालाधन वापस लाने का वादा किया गया था, पर इसके बजाए देश को चुनावी बॉन्ड मिले।



विशेष पैकेज के जरिए 100 जिलों से गरीबी खत्म करने का वादा किया गया था, पर भूख सूचकांक के आकड़े हमारी हकीकत को बयान कर रहे हैं। इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय धीर्गान, ओम प्रकाश चंदेलिया, रवि टांक, पीएस चंदेल, रवि वाल्मिकी, सूरजपाल मकवाना, चंद्रपाल, नितिन, दीपक, रमेश, मोंटी, वीरेंद्र वाल्मिकी, मनोज, अंकित, अनिल, रवि मौजूद रहे।

# हम राष्ट्र की मजबूती और विकास के एजेंडे पर काम करते हैं: धीरेन्द्र सिंह

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा (मौ. बिलाल)।** जेवर के विधायक धीरेन्द्र सिंह ने भारतीय जनता पार्टी जनपद गौतम बुद्ध नगर द्वारा जेवर विधानसभा के ग्राम कलूपुरा स्थित बौद्ध मिशन इंटर कॉलेज में आयोजित प्रबुद्ध जन संवाद कार्यक्रम में उपस्थित प्रबुद्धजनों को संबोधित किया इससे पहले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेवर के विधायक धीरेन्द्र सिंह व विशिष्ट अतिथि लोकसभा जनपद गौतमबुद्धनगर के प्रभारी प्रमोद गुप्ता ने विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने प्रबुद्ध जन सम्मेलन में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि "परिवारवाद-जातिवाद नहीं, सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के साथ साथ सबका कल्याण हो, यही विकसित भारत की परिकल्पना का आधार है। हम सभी ने मोदी की गारंटी को धरातल पर उतरते हुए देखा है, इसलिए जनपद गौतमबुद्धनगर के साथ-साथ पूरे देश को मोदी की गारंटी पर विश्वास है।"जनपद गौतमबुद्धनगर लोकसभा के प्रभारी प्रमोद गुप्ता ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि "जेवर कोई छोटा-मोटा नाम नहीं है, अब जेवर का नाम भारत के साथ-साथ पूरी दुनिया में गर्व के साथ लिया जाता है। एयरपोर्ट के माध्यम से जेवर का विकास बहुत तेजी से हो रहा है। विगत दिनों एक सभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी जेवर में बन रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का श्रेय आपके विधायक धीरेन्द्र सिंह को दिया था। यहां बनने वाली फिल्म सिटी को लाने के प्रयास भी जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने ही किए थे।"



# इंडिया गठबंधन को तगड़ा झटका, पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष मनोज चौधरी, आप नेता संजय चेची ने थामा भाजपा का दामन

**बुलन्द संदेश संवाददाता**

**नोएडा (खालिद सैफी)।** कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष और 2022 उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में जेवर से कांग्रेस प्रत्याशी रहे मनोज चौधरी और आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी दादरी विधानसभा संजय चेची ने आज नोएडा में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। जिसके बाद इंडि गठबंधन को तगड़ा झटका लगा है।पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी सतेंद्र सिसोदिया ने मनोज चौधरी और संजय चेची को भाजपा की सदस्यता दिलवाई । इस दौरान मनोज चौधरी और संजय चेची के सैकड़ो समर्थकों ने जमकर नारेबाजी करते हुए सभा स्थल पर पहुंचे थे। हालांकि इस अवसर पर खराब मौसम के कारण अमित शाह का सभा में मौजूद नहीं होने से मायूसी भी दिखी। उल्लेखनीय है कि मनोज चौधरी और संजय चेची चौधरी महेंद्र प्रधान के परिवार से आते हैं। जिनका ग्रेटर नोएडा और आसपास के गांव में विशेष कर गुर्जर समुदाय में विशेष महत्व रहा है । पिछले एक दशक से अधिक समय से दोनों ही नेताओं का सक्रियता सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में रहा है । अब आने वाला समय तय करेगा की कांग्रेस नेता मनोज चौधरी और आम आदमी पार्टी नेता संजय चेची के आने से भाजपा को लोकसभा चुनाव 2024 में कितना लाभ होता है।





**संबोधन** — अबकी बार 400 पार के नारे के साथ जनता का आशीर्वाद राष्ट्र का विकास ही मोदी जी की प्राथमिकता : नरेंद्र कश्यप

# मोदी की गारंटी में गरीब परिवारों के लिए सेवा, मध्यम वर्ग परिवारों का विश्वास, नारी शक्ति का सशक्तिकरण, युवाओं के लिए अवसर: नरेंद्र कश्यप

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा स्थित वाईएमसीए क्लब में मुख्य अतिथि के रूप में पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार में पिछड़ा कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नरेंद्र कश्यप ने पत्रकार बंधुओ को संबोधित करते हुए बताया की लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर भाजपा ने संकल्प पत्र जारी किया मोदी की गारंटी में गरीब परिवारों के लिए सेवा, मध्यम वर्ग परिवारों का विश्वास, नारी शक्ति का सशक्तिकरण, युवाओं के लिए अवसर और वरिष्ठ नागरिकों को वरीयता देना शामिल किया गया है। किसानों का सम्मान, मातृ पालक परिवारजनों की समृद्धि, शिक्षकों का सम्मान, एमएसएमई, छोटे व्यापारियों और विक्रेताओं का सशक्तिकरण, सबका साथ सबका विकास, विश्व बंधु भारत, सुरक्षित भारत, समृद्ध भारत, ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनेगा भारत, विश्वगुरु भारत बनाने की गारंटी को मोदी की गारंटी वाले संकल्प पत्र में स्थान दिया गया है।

मंत्री कश्यप ने बताया हमारी सरकार गरीब कल्याण को समर्पित है। हमने पिछले दस वर्षों में गरीब कल्याण के लिए जो कार्य किए हैं, उससे 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। हमने 4+ करोड़ गरीब परिवारों को पक्का घर दिया है और पीएम आवास योजना का विस्तार करके हर गरीब परिवार को गुणवत्तापूर्ण आवास की सुविधा प्रदान करेंगे। हम गांवों, कस्बों और शहरों के हर घर में नल से स्वच्छ जल सुनिश्चित करेंगे। झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले गरीब परिवारों को पक्का घर देना हमारी प्राथमिकता है। हमने पीएम उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 10 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को रसोई गैस कनेक्शन प्रदान किए हैं और इस योजना को जारी रखेंगे। हम पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से हर महीने मुफ्त बिजली उपलब्ध



कराएंगे, जिससे इन परिवारों का बिजली बिल जीरो हो जाएगा। मंत्री कश्यप ने कहा कि आधुनिक तकनीक का उपयोग कर मध्यमवर्गीय परिवारों के जीवन को आसान बनाया जाएगा। पर्यावरण के अनुकूल शहरों का विकास किया जाएगा। पार्क, खेल के मैदान, झील और तालाबों का विकास कर शहरों को रहने योग्य बनाया जाएगा। मध्यमवर्गीय परिवारों को कम दर पर आवास, अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। महिलाओं के लिए सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण और रखरखाव किया जाएगा। महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जाएगा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लागू कर लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाया जाएगा।

महिलाओं के जीवन को बेहतर बनाने के लिए सरकार कई कदम उठा रही है। खेलों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए कार्यक्रमों और सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। महिलाओं के लिए सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण और रखरखाव सुनिश्चित किया जाएगा। महिलाओं के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए विशेष ध्यान दिया जाएगा और सर्विकल कैंसर को पूरी तरह से खत्म करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लागू करके लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाया जाएगा। पुलिस थानों में महिला हेल्प डेस्क की स्थापना की जाएगी और शिकायतों की समयबद्ध जांच और समाधान के लिए व्यवस्था की जाएगी। आपातकालीन हेल्पलाइन 112 की क्षमता बढ़ाई जाएगी। तीन करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जाएगा। महिला रत्नक्ष्क को कौशल और संसाधनों से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने के नए अवसर दिए जाएंगे। कामकाजी महिलाओं के लिए औद्योगिक और आवासीय क्षेत्रों में हॉस्टल का निर्माण किया जाएगा एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य है जहाँ युवा अपनी क्षमता का पूरा उपयोग कर सकें। युवाओं को सीखने और कमाने के अवसर देने के लिए एकीकृत शिक्षा प्रणाली विकसित की जाएगी। पर्यटन में रोजगार के नए अवसर प्रदान किए जाएँगे। सरकारी भर्तियों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कानून लागू किए जाएँगे। युवाओं को राष्ट्र निर्माण में भागीदारी का अवसर देने के लिए 'मेरा युवा भारत (ट ईं१३)' लॉन्च किया गया है। स्टार्टअप इकोसिस्टम को विस्तारित किया जाएगा और स्टार्टअप के लिए फंडिंग को सुगम बनाया जाएगा।विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार के अवसरों को बढ़ाया जाएगा।

# भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग को भारी वोटों से जिताने का आवाहन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो







**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** दलित समाज की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय कृषक समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष और भारत सरकार की एमएसपी की उच्च स्तरीय कमेटी के सदस्य कृष्ण बीर चौधरी ने संबोधित किया और अतुल गर्ग को भारी वोटों से जिताने का आवाहन किया। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी की समस्त योजना को विस्तार से समझाया और बताया की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान राम का मंदिर बनवाकर देश का 500 साल पुराना इतिहास बदल दिया है जो स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा, कश्मीर से धारा 370 को हटाकर देश को मजबूती है आज भारत दुनिया की 5 वी आर्थिक शक्ति बना दिया है मोदी जी ने देश का दुनिया में सम्मान बढ़ाया है देश में आज 80 करोड़ लोगो को फ्री राशन दिया जा रहा है देश के 4 करोड़ गरीबों के पक्के मकान बनवाये है। देश को रक्षा के मामलो में मजबूती दी है स्वास्थ, शिक्षा और परिवहन में बहुत बड़े सुधार किए है।

# पुलिस ने चाकू के साथ जिला बदर को किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** सिंभावली पुलिस ने एक जिला बदर आरोपित को एक चाकू के साथ गिरफ्तार किया है।जिसके खिलाफ अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।





सिंभावली थानाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक जिला बदर आरोपी को रझैटी से खागोई की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस पूछताछ में आरोपी ने थाना सिंभावली जनपद हापुड़ के गांव खागोई का निवासी दिल्लू बताया है।जिसके कब्जे से एक नाजायज चाकू बरामद हुआ है।पुलिस ने आरोपी को जिला बदर की अवधि में जनपद की सीमा में पाया है।

# आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड के कितने लाभार्थी ? बीजेपी क्यों पैदा कर रही है कन्फ़्यूशन ?

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** बीजेपी का 2024 इलेक्शन का मैनिफेस्टो बता रहा है कि आयुष्मान स्वास्थ्य योजना का लाभ 34 +करोड़ लाभारती ले रहे है। इसमें सवाल उठता है ये 34+ क्या है? क्या बीजेपी सरकार कंप्यूटराइज्ड सिस्टम होने के बावजूद यह नहीं बता पा रही है कि कितने आयुष्मान कार्ड लाभारती अभी तक लाभ ले चुके है? डॉ बीपी त्यागी ने यह जानकारी हेल्प लाइन नम्बरों से लेने की कोशिश की लेकिन नहीं मिली। उसके बाद अपनी सभी बातें मीडिया से शेयर करते हुए कहा कि जो वेबसाइट पर जानकारी मिली वह चौंका देने वाली थी। 34 +1 के बजाय वह 6,52,35,964 मिली ,यानी मैनिफेस्टो से 5 गुना कम । इससे यह भी खुलासा हो जाता है कि बीजेपी ने मैनिफेस्टो में इतनी देर क्यों लगाई। डॉक्टर बृजपाल त्यागी ने कहा कि हेल्थ को अच्छी तरह समझता हूँ । जमीनी लेवल पर कोई काम नहीं है और न होने की उम्मीद है क्योकि मैनिफेस्टो में जिस चीज का लाभ 5 गुना दिखाया है वह उनके ही आँकड़े उनको झूठा साबित कर रहे है । बाकी सभी आँकड़ो पर नजर बनी हुई है जलद ही नेक्स्ट आर्टिकल नये आँकड़ो के साथ आपके सामने आएगा ।






# गुरुकुल खेड़ा खुर्द का 80वाँ स्थापना दिवस संपन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**दिल्ली देहात।** गुरुकुल खेड़ा खुर्द के 80 वें वार्षिकोत्सव का भव्य समापन हो गया।आचार्य राजकुमार शास्त्री यज्ञ के ब्रह्मा रहे।चौधरी ब्रह्म प्रकाश मान ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विशिष्ट

## राष्ट्रवादी शक्तियां को मजबूत करें-राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य

अतिथि अनिल आर्य (राष्ट्रीय अध्यक्ष, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद) ने कहा है आज देश में दो विचार धाराओं का टकराव चल रहा हैं एक विचार धारा देश को बांटना चाहती है और एक भारत को गौरव शाली राष्ट्र बनाना चाहती है हमें राष्ट्र वादी विचार को मजबूत बनाने के लिए उन्हें मजबूत करना है।देश की आजादी में आर्य समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा आज फिर चौकीदार के रूप में राष्ट्र रक्षा के लिए समर्पित होना है।यदि राष्ट्र सुरक्षित है तो हम सब सुरक्षित हैं अन्यथा पाकिस्तान में भी सब कुछ था।वैसाखी 13 अप्रैल 1919 जलियांवाला बाग अमृतसर के बलिदानी को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई है।उन्होंने कहा कि स्वामी रामदेव जी योग व आयुर्वेद की महान सेवा कर रहे हैं जो प्रशंसनीय है। प्रधान ब्रह्मप्रकाश मान ने कहा कि गुरुकुल में 150 छात्र निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं साथ ही 150 गायों की गौशाला भी सुचारू रूप से चल रही है।सभी के सहयोग के लिये आभार व्यक्त करते हैं।आचार्य सुधांशु ने कार्यक्रम का संचालन किया। प्रमुख रूप से दानवीर सुनील गुप्ता, ललित गुप्ता, संजय मान, सोहन लाल मुखी, अंगद सिंह आर्य, जोगेंद्र मान आदि उपस्थित थे।




# एक हो नगर निगम,राज्य और संसद चुनावों की वोटर लिस्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम स्थित शिप्रा सनसिटी में फ्लैट ओनर फेडरेशन गाजियाबाद द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मुख्य विकास अधिकारी एवं स्वीप के नोडल ऑफिसर अभिनव गोपाल, उपजिलाधिकारी एवं निर्वाचन अधिकारी अरुण दीक्षित, आरडब्लूए एवं फ्लैट ओनर फेडरेशन गाजियाबाद के चैयरमेन कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी,

## यदि कट जाए जीवित मतदाता का नाम तो उसे किया जाए सूचित

पार्षद संजय सिंह, शिप्रा सन सिटी की अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीन्द्र कुमार ने सामूहिक रूप से सभी निवासियों को मतदान की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अभिनव गोपाल ने कहा मतदान न करने वाले मतदाताओं को चुने जाने वाले जनप्रतिनिधि से सवाल करने का हक नहीं रह जाता है।

पार्षद संजय सिंह ने बताया कि शिप्रा सनसिटी मे जितने मतदाता हैं उनमे से जमीनी स्तर पर करीब छह हजार मतदाता ही मौजूद है जिनमे करीब 90 प्रतिशत इस बार अवश्य ही मतदान करेंगे, ऐसा हमारा अनुमान है। कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी ने मुख्य विकास अधिकारी और उपजिलाधिकारी से सिविल सोसाइटी के सुझाव पर दो बातें चुनाव आयोग को भेजने की अपील की। कर्नल त्यागी ने कहा कि नगर निगम, विधानसभा और लोकसभा चुनावों की वोटर लिस्ट एक होनी चाहिए। मतदाता सूची से किसी जीवित मतदाता का नाम काटने पर उसे सूचित करना अनिवार्य होना चाहिए। उन्होने अधिकारियों से कहा कि उनके अनुरोध को चुनाव आयोग तक पहुंचाकर उस पत्र की एक प्रतिलिपि हमे भी दे दी जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने इस बात पर अपनी स्वीकृति प्रदान की है।



# सिखैड़ा में घर में घुसकर किया जानलेवा हमला, पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध किया मुकदमा दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव सिखैड़ा में दबंगों के द्वारा घर में घुसकर मारपीट करते हुए जानलेवा

## पूर्व में दर्ज मुकदमे में फैसला नहीं करने से थे छुबद

हमला करने का मामला प्रकाश में आया है।जिसमें पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

विदित रहे कि सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव सिखैड़ा निवासी शहजाद चौधरी ने गांव के ही रहने वाले चार लोगों पर घर में घुसकर जानलेवा हमला करने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर उल्लेख किया है कि गांव के ही रहने वाले फरहत, सैयाद, फरदीन और शोएब के द्वारा पीड़ित के घर में घुसकर जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। साथ ही पीड़ित ने बताया कि इन्हीं दबंगों के द्वारा 9 मार्च को भी पीड़ित के घर में घुसकर पीड़ित के परिवारजनों के साथ मारपीट की गई थी। जिसको लेकर पीड़ित के भाई बिलाल ने रिजवान, सैयाद, मोहसिन और नाजिम के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया था। इसी मुकदमे में दबंग के द्वारा पीड़ित के परिवार पर फैसला करने का दबाव बनाया जा रहा था। पीड़ित और उसके परिजनों के द्वारा फैसला करने से इनकार करने पर रंजिश के चलते दबंगों ने पीड़ित और उसके परिजनों के साथ फिर से घर में घुसकर जानलेवा हमला करते हुए मारपीट की है।जिसको लेकर पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई थी। जिस पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध घर में घुसकर जानलेवा हमला करने जैसी संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



वहीं थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह का कहना है कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच की जा रही है। दोषी किसी भी शख्स को नहीं बक्शा जायेगा।

# "सेंट जॉर्ज स्कूल द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिए रैली आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**ग्रेटर नोएडा।** सेंट जॉर्ज स्कूल के प्रधानाचार्य श्री क्षितिज खन्ना की नेतृत्व में, एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, स्वच्छता के महत्व को साझा करने के लिए ग्रेटर नोएडा में एक रैली आयोजित की गई रैली के दौरान, स्कूल के विद्यार्थियों ने स्वच्छता के महत्व को समझाने के साथ-साथ अपने व्यक्तित्व विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अभियान के माध्यम से, विद्यार्थियों ने जिम्मेदारी, सहयोग, और समर्थन की भावना को सीखा। उन्होंने सामाजिक अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर प्राप्त किया और अपने समुदाय के लिए सकारात्मक परिणाम उत्पन्न किया।स्वच्छता के महत्व को साझा करने के साथ-साथ, यह अभियान बच्चों को नागरिकता और सामाजिक संबंधों में जिम्मेदारी की भावना सिखाने में मदद कर रहा है। यह उन्हें अपने व्यक्तित्व के स्वरूप का समझने में मदद कर रहा है और उन्हें समुदाय में सक्रिय भागीदार बनाने के लिए प्रेरित कर रहा है।स्कूल के इस संघर्ष को समर्थन और सराहना करते हुए, ग्रेटर नोएडा के निवासी ने भी इसमें अपना सहयोग प्रदान किया। इस प्रयास में स्थानीय समुदाय के सदस्यों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई और स्वच्छता को लेकर एक महत्वपूर्ण संदेश दिया।इस अभियान के माध्यम से, सेंट जॉर्ज स्कूल ने न केवल स्वच्छता के महत्व को साझा किया बल्कि एक सशक्त समुदाय की भावना को भी मजबूत किया। इस प्रयास का लाभ ग्रेटर नोएडा के हर नागरिक तक पहुँचे, और आने वाले समय में भी यह एक मिशन बनकर जीवित रहेगा।

# सिंभावली पुलिस ने अवैध शराब के साथ युवक को किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** सिंभावली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है।जिसके कब्जे से 20 पव्वे बरामद किए हैं। सिंभावली थानाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस डिबाई नहर पुल पर चेकिंग कर रही थी।उसी दौरान मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि एक युवक प्लास्टिक के अवैध शराब रखकर बेचने की फिराक में घूम रहा है।पुलिस ने चेकिंग शुरू कर दी। जिसमें एक संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली,तो उसके पास 20 पव्वे शराब मिली।पुलिस पूछताछ में तस्कर ने जिला हापुड़ थाना सिंभावली के गांव सलारपुर का निवासी परवीन बताया।उसके खिलाफ आबकारी एक्ट में कार्रवाई की गई है।

# इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा का दीनानाथपुर पूठी में हुआ भव्य स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** सोमवार को इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा का दीनानाथपुर पूठी, गाजियाबाद में भव्य स्वागत हुआ। यह स्वागत समारोह सपा के प्रदेश सचिव एवं पूर्व अध्यक्ष छात्र संघ योगेश यादव और प्रदेश किसान कांग्रेस नेत्री पुनम पंडित के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। इस बैठक को संबोधित करते हुए लोकसभा प्रत्याशी डॉली शर्मा ने कहा कि यदि आपलोगों को अपनी सोई किस्मत जगानी है तो ईवीएम पर हाथ का बटन ही दबाना है। आप जितना ज्यादा से ज्यादा हाथ का बटन दबाईयेगा, गाजियाबाद के समग्र विकास की उतनी अधिक गारंटी होगी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आप सबों के आदर-सत्कार भाव की मैं कायल हूँ। यदि आपने एकजूट होकर मौका दिया तो जनप्रतिनिधि का फर्ज ठीक से निभाऊंगी। आपको अपनी समस्याएं बताने के लिए मेरे पास नहीं आना होगा, बल्कि मैं खुद आपके पास आकर सामूहिक चौपाल लगाउंगी। आपकी समस्याएं पूछूँगी और ततपरतापूर्वक उसका निदान भी दिलवाउंगी। कोरोना काल में आपने जो मेरी भूमिका देखी-सुनी है, उससे भी अव्वल प्रयास करूंगी। क्योंकि उस दौर में मैं कुछ भी नहीं थी, फिर भी आपलोगों के लिए दिन-रात मेहनत करती रही। जरूरतमंद लोगों के लिए सूखा-गीला राशन से लेकर अस्पताल में बेड और ऑक्सीजन सिलिंडर तक की व्यवस्था करवाई थी। उन्होंने कहा कि जनसेवा करना मेरा स्वभाव है, क्योंकि एक राजनीतिक परिवार की थाती के रूप में मुझे यही मिला है। इसलिए यदि आपलोगों ने गाजियाबाद की सेवा करने का सुअवसर प्रदान किया तो यह मेरा अहोभाग्य होगा।





शोभा यात्रा

## नगर में धूमधाम से निकाली गई बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की भव्य शोभा यात्रा, पत्रकार को किया सम्मानित

# शोभा यात्रा का कई जगहों पर किया गया भव्य स्वागत, झांकियां बनी आकषर्क का केंद्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर (अशोक पाठक)।** सोमवार को शिकारपुर में डा० अंबेडकर समिति शिकारपुर द्वारा बाबा साहेब की शोभायात्रा नगर में धूमधाम से निकाली गई। शोभा यात्रा में निकाली गई झांकियांआकषर्क केंद्र बनी। शोभा यात्रा का कई जगहों पर भव्य स्वागत किया गया। शोभा यात्रा का शुभारंभ डा० अंबेडकर जूनियर हाई स्कूल शिकारपुर पर बसपा प्रत्याशी के भाई गंभीर सिंह जाटव ने फीता काटकर शोभा यात्रा का शुभारंभ किया । इस मौके पर क्षेत्र के सभी बौद्धजन उपस्थित रहे।

शोभा यात्रा बाराखंबा के निकट डॉ अंबेडकर जूनियर हाई स्कूल शिकारपुर से प्रारंभ होकर नगर हाईवे, जहांगीराबाद चुंगी, पेठ रोड, चैनपुर बड़ा बाजार खुर्जा अड्डा होते हुए भीम नगर खेड़ा अंबेडकर पार्क पर संपन्न हुई। शोभायात्रा में देशभक्ति पर आधारित विभिन्न प्रकार की झांकियां डीजे बैंड शहनाई आदि शामिल रही। नगर में जगह-जगह शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा कर लोगों ने स्वागत किया।

व्यवस्थाओं में अंबेडकर समिति अध्यक्ष रामबाबू से ही सतीश ठेकेदार वीरू गौतम, मनोज वाल्मीकि, मोंटू वाल्मीकि, विनय क्रांतिकारी, गोविंदा, प्रिंस गौतम, विचित्र कुमार सतीश मास्टर जी महेश कुमार मास्टर जी अनिल कुमार महेंद्र सिंह राकेश कुमार ललित कुमार आकाश सिंह बबलू कुमार प्रमोद कुमार महेंद्र बाल्मीकि पूर्व विधायक जगबीर सिंह शिवलाल प्रबंधक परमानंद बौद्ध मुकेश वाल्मीकि मिंटू वाल्मीकि लालाराम मास्टर जी सुनील कुमार हीरालाल लाइक राम जी नानक चंद बौद्ध मनोज सौदान सिंह डॉक्टर कालीचरण अरुण इंजीनियर नीरज वकील धर्मेंद्र सिंह रवि गौतम अर्जुन सिंह जमील गाजी जितेंद्र सैनी प्रेमपाल सिंह तथा नगर पालिका के अनेक कर्मचारी गण एवं क्षेत्र की जनता आदि का सहयोग रहा। पुलिस व्यवस्था कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश चतुवेर्दी ने खुद संभाली। शोभा यात्रा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। जलपान कराकर जगह-जगह स्वागत किया। शोभा यात्रा का लोगों ने जगह-जगह जल पान कराकर स्वागत किया। पत्रकार को किया सम्मानित, डॉ अंबेडकर समिति शिकारपुर के द्वार भीम नगर खेड़ा पर भगवान बौद्ध पार्क में अशोक पाठक पत्रकार को शाल ओढाकर सम्मानित किया। उन्होंने समिति का आभार व्यक्त किया।









# 18 अप्रैल योगी की सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओ ने किया जनसंपर्क

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** आगामी 18 को पिलखुवा के रामलीला मैदान में योगी आदित्यनाथ अशोकनगर, रमपुरा, मोहल्ला मंडी घर-घर जाकर, अंशुल मित्तल, डाक्टर विपिन मित्तल, विश्व प्रकाश शर्मा, ज्ञनीष माहेश्वरी, राजीव हांडा, ललित मोदी, आदि कार्यकर्ताओ के साथ



के संभावित जन सभा के मद्देनजर सुरक्षा कमांडो ने जायजा लिया। नरेन्द्र मोदी की ऐतिहासिक जीत के लिए हम अपना-अपना गिलहरी प्रयास करना है सबके प्रयास सबके समर्थन से इस बार फिर मोदी सरकार पिलखुवा मंडल की प्रभात फेरी में वोटो की अपील की साथ ही 18 तारीख को पिलखुवा में रामलीला ग्राउंड में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आ रहे हैं सभी से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर उनकी ओजस्वी वाणी को सुनने का भी अपील की।

# स्वीप कार्यक्रम 2024: स्काउट एवं गाइड ने नुक्कड़ नाटक से मतदान के प्रति किया जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार के निर्देशन में सोमवार को भारत स्काउट और गाइड जिला इकाई के तत्वाधान में श्री जैन कन्या

**व्यक्तियों को मतदाता जागरूकता की शपथ भी दिलाई**

पाठशाला इंटर कालेज,दीवान इंटर कालेज हापुड़ एवं एसएसवी इंटर कालेज हापुड़ के स्काउट गाइड द्वारा अंबेडकर तिराहे पर तीनों विद्यालय द्वारा अलग-अलग नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन कर लोगों को मतदान करने के प्रति जागरूक किया।

मेरठ तिराहे पर स्काउट एवं गाइड द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति का सड़क मार्ग पर चलने वाले व्यक्तियों ने भरपूर आनंद लिया और अपने मत के अधिकार को भली-भांति समझा। लोगों ने छात्र-छात्राओं के इस प्रयास को सराहना करते हुए भूरी भूरी प्रशंसा की। सभी स्काउट गाइड, यूनिट लीडर के द्वारा वहां उपस्थित सभी व्यक्तियों को मतदाता जागरूकता की शपथ भी दिलाई गई। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ भारत स्काउट एवं गाइड जनपद संस्था की जिला सचिव,श्री जैन कन्या पाठशाला इंटर कालेज की प्रधानाचार्या पारुल त्यागी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर संगठन के आयुक्त श्री प्रकाश शर्मा नीता कौशिक,एसएसवी इंटर कॉलेज से भारत भूषण शर्मा,संगीता रानी जैन कन्या इंटर कॉलेज से नीति शर्मा कुमारी अंकिता कुमारी,पूजा गुप्ता,वंदना सिंह,मुकेश कुमार शर्मा,दीवान इंटर कॉलेज से अंकित शर्मा,नवनीत सहगल उपस्थित रहे।






# धौलाना में धूमधाम के साथ मनाई गई डॉ.अंबेडकर जयंती

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** धौलाना क्षेत्र में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती धूमधाम और हर्षोउल्लास के साथ मनाई गई। नगर और देहात क्षेत्रों में जगह जगह सांस्कृतिक कार्यक्रमों और शोभा यात्राओं

- **क्षेत्र में कई स्थानों पर शोभायात्रा का आयोजन**
- **नील की होली खेली व जमकर किया युवाओं ने नाच**

का भी आयोजन किया गया। जिसमें डॉ अंबेडकर को माल्यापर्ण एवं पुष्प अर्पित करते हुए उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया। कस्बे की बनोखर बस्ती व बड़ा मोहल्ला स्थित भीमराव आंबेडकर की बाबा साहेब की प्रतिमा पर सुबह से ही माल्यापर्ण करने वालों का तांता लगा रहा। विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के अलावा अन्य लोगों ने भी बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

उधर तहसील परिसर में एसडीएम धौलाना संतोष कुमार उपाध्याय ने समस्त तहसील स्टाफ के साथ बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि डॉ अंबेडकर ने जीवन भर दबे कुचले और शोषितों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष किया। भारतीय संविधान की निर्माण करके बाबा साहेब ने जहां भारत को गणराज्य बनाने का काम किया। वहीं समरसता का रास्ता दिखाकर सामानता और सामान अधिकारी देकर सशक्त बनाने का काम किया। वहीं इस मौके पर डिप्टी कलेक्टर /तहसीलदार प्रवीण कुमार, कानूनगो राजीव चौधरी, हरेंद्र चौधरी तेवतिया, गौरव चौधरी, मनोज शर्मा, टिंकू राम, रितेश कुमार, राघवेंद्र सिंह, संजय पांडे, आदि मौजूद थे।

वहीं कांग्रेस कार्यकताओं ने कांग्रेस नेता डोली शर्मा के नेतृत्व डॉ. अंबेडकर जयंती मनाई और उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। भीम अनुयायियों ने गांव नारायणपुर में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगो ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्र्यापण किया और उनके आदर्श अपनाने का संकल्प लिया। इस दौरान सीओ जितेन्द्र शर्मा व कपूरपुर थानेदार आशीष पुंडीर के नेतृत्व में पुलिस बल मूस्तेद रहा ।



**नील से होली खेली व जमकर किया नाच**

डॉ. अंबेडकर जयंती पर कस्बे सहित क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर प्रभात फेरी, शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इसके अलावा टोलियों के रूप में भीम अनुयायी व समर्थक नाचते गाते व नील से होली खेलते हुए सड़कों पर दिखाई दे रहे थे। इसके अतिरिक्त काफी स्थानों पर लोगों ने भंडारे, हलवा आदि वितरण किया। धौलाना के छोटे मोहल्ले, बनौखर बस्ती, भटोनिया मोहल्ला, बड़ा मोहल्ला, में बाबा साहब की जयंती पर धूम रही । युवाओं ने अपने प्रेरणाश्रोत को बार बार नमन किया । कुल मिलाकर धौलाना में अंबेडकर जयंती की धूम देखते ही बनती थी ।

# अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह : निबन्ध व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** सोमवार को अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत मेरठ रोड स्थित ब्रेनवॉश इंटरनेशनल स्कूल में अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करें,राष्ट्र निर्माण में योगदान दें विषय पर निबन्ध व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी मनु शर्मा ने बताया कि हम लोग किस प्रकार अग्नि सुरक्षा उपायों को जीवन का अंग बनाकर राष्ट्र निर्माण में सहयोग प्रदान कर सकते है। उन्होंने बताया कि हम अपने घरों, कार्यालयों, औद्योगिक संस्थानों आदि में विद्युत वायरिंग, विद्युत उपकरणों, ज्वलनशील पदार्थों आदि के ठीक ढंग से रख रखाव एवं विभिन्न सामानों को निर्धारित स्थान पर रखकर आग की दुघर्टनाओं से स्वयं को बचा सकते है। सीएफओ ने बताया कि अग्नि सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम में पिलखुवा के केडी इंटर नेशनल स्कूल, हापुड़ के आर्य कन्या इंटर कालेज, धनौरा स्थित दिनेश विद्यापीठ, देव मेमौरियल स्कूल में मॉड ड्रिल व अग्नि सुरक्षा जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर फायरमैन सुदेश कुमार, कुलदीप चौधरी, गजेन्द्र सिंह व स्कूल, कालेज के प्रधानाचार्य मौजूद रहे।



# इंडिया गठबन्धन प्रत्याशी ने फीता काटकर किया उद्घाटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** सोमवार को इंडिया गठबंधन से काग्रेस उम्मीदवार डाली शर्मा के कार्यालय का रेलवे रोड पिलखुवा उद्घाटन हुआ जिसमे काग्रेस, समाजवादी व आम आदमी पार्टी के हजारो कार्यकर्ता व नेता उपस्थित रहे, जिसमे प्रमुख रूप से पं देवकीनंदन शर्मा, श्रीप्रकाश शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, संजीव गुड्डू ,पवन शर्मा, किशन सिह तोमर, चन्द्रमोहन चौहान, अरूण शर्मा, मौ आमिल, इकबाल अहमद, दिनेश गौड, बिलाल अहमद, आलोक शर्मा, अभितेज शर्मा, सुशील शर्मा, विकास, बाबू, कृष्ण गोपाल शर्मा, विनोद कोरी, मुंशी हबीब अहमद, कययूम अली, नरेंद्र भारद्वाज, अतुल अत्रे बबलू, प्रधान अरविंद शर्मा, विनोद शर्मा ,दीपक शुक्ल, आदेश शर्मा आदि उपस्थित हुए।



# अवैध खनन के माध्यम से धरती की कोख खाली करने पर तुले माफिया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जिला खनन विभाग की उदासीनता के चलते मिट्टी का अवैध खनन करने वाले माफियाओं के हौसले इतने अधिक बुलंद हैं कि वह जनपद के हर कोने में धरती की कोख खाली करने पर अमादा हैं। सच्चाई तो यह है कि अगर कोई व्यक्ति

**जिला खनन विभाग सो रहा है लंबी चादर तानकर**

इंसानियत के नाते पुलिस को फोन करके बुला लेता है तो पुलिस मौके पर पहुँच तो जाती है किन्तु आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने से इंकार कर देती है। साथ ही हवाला देती है कि इस मामले में संबन्धित विभाग ही मिट्टी का अवैध खनन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर सकता है। थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के गाँव सलाई में एक ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है। गाँव सलाई निवासी जाकिर पुत्र मुन्ने, फरियाद अली पुत्र माशूक अली व जाकिर पुत्र मेंहदी हसन ने उपजिलाधिकारी सदर को पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि उनकी खेती की भूमि खसरा संख्या 618 ग्राम घुंघराला में स्थित है। जिस पर सहखातेदारों के साथ संक्रमणनीय भूमिधर मालिक व काबिज हैं। हमारे खेत से अमजद, अजहर, अथर पुत्रगण स्वर्गीय असगर निवासीगण ग्राम सलाई के खेत की मेड का मिलान है। वर्तमान में सभी के खेत समतल हैं किन्तु अमजद, अजहर व अथर पैसों के लालच में आकर अपने खेत की मिट्टी का अवैध खनन कराने की फिराक में हैं। इसी मंशा से उक्त लोगों ने अपने खेतों की फसल काट ली और जेसीबी के माध्यम से अपने खेतों से मिट्टी को उठवाना शुरू कर दिया। जब इस अवैध कार्य की भनक अन्य खेत वालों को लगी तो उन्होने फोन कर-के पुलिस को बुला लिया। पुलिस को आता देख चालक तो जेसीबी को लेकर वहाँ से फरार हो गया। जब अन्य खेत मालिकों ने पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराया तो जवाब मिला कि हम आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर सकते। इस मामले में तो जिला खनन विभाग ही कार्रवाई कर सकता है।



तब जाकिर पुत्र मुन्ने, फरियाद अली पुत्र माशूक अली व जाकिर पुत्र मेंहदी हसन ने जिला खनन अधिकारी, अपर जिलाधिकारी व मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत की किन्तु अभी तक आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है जबकि अन्य खेतों के मालिकों के लिए सबसे अधिक चिंता का विषय यह है कि अगर आरोपियों ने अपने खेत से और मिट्टी उठवा ली तो उनका आवागमन व खेतों की सिंचाई नहीं हो पाएगी। इस संबंध जब जिला खनन अधिकारी नीलू शर्मा से फोन पर बात करनी चाही तो वेल जाने के बावजूद उनका फोन नहीं उठ सका। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है जब भी उन्हें फोन किया जाता है तो वह उसे रिसीव करने से पता नहीं क्यों कतराती हैं।

**स्वागत** भाजपा की तानाशाही खत्म करना हम सभी की जिम्मेदारी: डोली शर्मा

# धौलाना में डोली शर्मा का हुआ भव्य स्वागत में उमड़ पड़ा भीड़ का रैला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** धौलाना कांग्रेस के कद्दावर नेता दीपक आत्रेय के नेतृत्व में गठबंधन प्रत्याशी खुले डोली शर्मा के खुले कार्यालय में डोली के समर्थन में उमड़ी भीड़ देख हर कोई हैरान रह गया । कार्यक्रम में डोली शर्मा काफी देर बाद पहुंची लेकिन फिर भी भीड़ अपनी बेटी के लिए तल्लीनता से बैठी रही । डोली शर्मा का कार्यालय धौलाना के पहले ब्लाक प्रमुख रहे स्व पंडित सेवानंद शर्मा द्वारा रोपित संतोष कांप्लेक्स में रहा। यहां पहुंची गठबंधन प्रत्याशी डोली शर्मा ने कहा की पिछले दो दशक से भाजपा गाजियाबाद से पैराशूट प्रत्याशी उतारती आई है । जिन्होंने जीतने के बाद इस क्षेत्र के लोगो की बात तक नही सुनी विकास तो बहुत दूर की बात है। आज आपकी बेटी आपके बीच है । उन्होंने कहा की आज तक सभी भाजपा के जीते प्रत्याशियों ने क्षेत्र की जनता के हकों की अवेहलना की है । इस बार गाजियाबाद की जनता परिवर्तन की साक्षी बनेगी । गाजियाबाद की जनता ही भाजपा के ताबूत में आखिरी कील ठोक पूरे देश में एक मिशाल देने जा रही है की गाजियाबाद की जनता ने ही भाजपा की हार की नीव रखी है । दीपक आत्रेय ने कहा की भाजपा सरकार की गलत नीतियों से जनता परेशान है । इस बार हर वर्ग का जिस तरह समर्थन मिल रहा है उससे लगता है डोली शर्मा की जीत इतिहास रचने जा रही है । कार्यक्रम के बाद डोली शर्मा ने रोड शो किया जिसमे लोगो का सैलाब उमड़ पड़ा । कार्यक्रम का संचालन सपा के जिला उपाध्यक्ष पंडित श्रवण शर्मा और अध्यक्षता ठाकुर सुखवीर सिंह सपनावत ने की । इस मौके पर अभिषेक गोयल, नरेन्द्र भारद्वाज, मनोज भारद्वाज, अरविन्द शर्मा,पूनम पंडित, बबलू गुर्जर , मो बिलाल, चो हारून, योगेश कौशिक, किशन सिंह तोमर, संजय गहलौत, हरिओम चौहान, मनोज शर्मा, डा आदिल बझेड़ा, ओमिंदर तोमर , तेजपाल सिंह, वीरेंद्र शिशोदिया, डा इदरीस मालिक, नवीन शर्मा, अंकित पंडित, भास्कर पंडित, आदित्य वशिष्ठ, सोमेश्वर वशिष्ठ, अभिमन्यु वशिष्ठ, उमेश शर्मा, प्रधान अबरार अंसारी, मुरसलिम, जावेद खिचरा, आदि सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे ।







**धौलाना से शुरू होगा भाजपा का पतन , सर्व समाज के लोग एक मंच पर दिखाई दिए**

# महिला थानाप्रभारी अरुणा रॉय के द्वारा मतदान जागरूकता अभियान के तहत निकाली पिंक स्कूटी रैली

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** आज कलेक्ट्रेट परिसर से जिलाधिकारी महोदय ने प्रातः 11 बजे हरि झंडी दिखाकर रैली का किया शुभारंभ।

रैली में महिला थानाप्रभारी श्रीमती अरुणा रॉय ने स्वयं स्कूटी चलाकर हापुड़ की जनता को वोट डालने के लिए किया प्रेरित।

रैली हापुड़ कलेक्ट्रेट परिसर से होती हुई एसएसवी इंटर कॉलेज, हापुड़ तहसील आदि रोड से गुजरते हुए नगर पालिका हापुड़ में हुआ रैली का समापन।

हापुड़ की जनता में महिला पुलिसकर्मियों के द्वारा निकाली गई रैली के प्रति दिखाई दी जागरूकता। पिंक स्कूटी रैली में महिला पुलिसकर्मी, हापुड़ के अनेकों स्कूलों के महिला टीचर्स व छात्राओं ने बड़े उत्साह से भाग लिया। तथा रैली में 50 से अधिक स्कूटियो पर सवार होकर महिला थानाप्रभारी व महिला पुलिसकर्मियो ने जनता जनार्दन को वोट डालने के प्रति किया जागरूक।



## सम्पादकीय

# सीएम ममता का हास्यास्पद तर्क



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) टीम पर हमले और फिर एफआईआर, चोरी और सीनाजोरी का मामला है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी सरकार की नजर में कोई भी केंद्रीय जांच एजेंसी; एनआईए, ईडी या सीबीआई हो, वे सब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की निजी एजेंसियां हैं। इनका इस्तेमाल वे सूबे की सत्ता हासिल करने में करते हैं। लिहाजा, तृणमूल कांग्रेस (तृमूकां) ने निर्वाचन आयोग से मिलकर अनुरोध किया है कि वह भाजपा का चुनावी हित साधने में जांच एजेंसियों के दुरुपयोग रोके। तृमूकां का वहां अपनी बात रखने और उस पर उचित कार्रवाई की आशा का पूरा अधिकार है। पर अंधाधुंध विरोध में ममता इस बात को भूल जाती हैं कि वे केवल तृमूकां की अभियानी नेता भर नहीं हैं। वे मुख्यमंत्री जैसे एक संवैधानिक पद पर हैं, जिसका काम प्रदेश के साथ राष्ट्रीय एकता, सम्प्रभुता और अखंडता की रक्षा का भी है। यह तभी हो सकता है कि जब राज्य एवं संघ के कर्त्तव्यों का पालन किया जाए। पहले ईडी और अब एनआईए मामले में ऐसा नहीं हुआ है।

एनआईए की टीम 2022 के एक आतंकवादी मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार करने पहुंची थी, उस पर उनके समर्थकों, जिन्हें कांग्रेस नेता अधीर रंजन 'दीदी के गुंडेइ कहते हैं, ने हमला कर दिया। मुख्यमंत्री एनआई टीम की कार्रवाई का सपोर्ट करने, उसे पुलिस सुरक्षा देने और हमलावरों की गिरफ्तारी का निर्देश देने के बजाय हास्यास्पद तर्क दे रही हैं। ममता मुख्यमंत्री हैं, उनके अधीन पुलिस समेत राज्य की कई जांच एजेंसियां हैं, जिनकी रात की रेड एक रूटीन-वर्क है। इसी बिना पर एनआईए की रेड का विरोध गैरजिम्मेदाराना है। ममता यह भी जानती हैं कि आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए गई कोई भी टीम, अगर वह पुलिस से अभिरक्षित नहीं है तो गुस्साए परिजनों के हमले का खुला द्वार होती है। बदसलूकी का उस पर इल्जाम तो मामूली बात है जबकि यह कानूनी कार्रवाई में बाधा डालने और अफसरों पर हमले का मामला था, जिसकी प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। ममता क्या बताएंगी कि संदेशखालि का मामला इतनी ही फुर्ती से क्यों दर्ज नहीं हो सका था? दरअसल, एनआईए प्रकरण से ममता सरकार में संरक्षित आतंकवाद की फिर पोल-पट्टी खुल गई है। ऐसा करके वे चंद वोटों को ही गारंटिड कर सकी हैं। उसी समुदाय के अधिकतर लोगों एवं सूबे का भरोसा हार गई हैं, जिनकी कामना आतंकवाद-मुक्त शांतिपूर्ण-सहअस्तित्व की है।

## आज का विचार

परीक्षा सदैव अकेले में होती है, परन्तु उसका परिणाम सबके सामने आता है, इसलिए कोई भी कार्य करने से पहले उसके परिणाम पर विचार अवश्य कर लेना चाहिए।

# चंद्रगुप्त मौर्य जयंती पर विशेषः राष्ट्र निमार्ता चंद्रगुप्त मौर्य का स्थान भारतीय इतिहास में सर्वश्रेष्ठ



सुरेश सिंह बैस "शाश्वत"

चंद्रगुप्त मौर्य पहला शासक था, जिसने एक संगठित राज्य की नींव डाली। राष्ट्र निमार्ता चंद्रगुप्त मौर्य का स्थान भारत के इतिहास में बहुत ऊंचा है। साधारण से परिवार में जन्म लेकर नेपोलियन की ही भांति चंद्रगुप्त भी अपने बाहुबल के पराक्रम से भारत का सम्राट बना। चंद्रगुप्त मौर्य को ठाठबाट तथा सुंदरता से बड़ा प्रेम था। शिकार उसका प्रिय व्यसन था। इस काम के लिये उसने शिकार के वन बनवा रखे थे। उसे पशुओं की लड़ाई देखने का भी बड़ा शौक था। वह एक महान विजेता, कुशल शासक, राजनीतिज्ञ तथा प्रतिभाशाली व्यक्ति था। यूनानियों को भारत से निकाल कर उत्तरभारत के छोटे छोटे राज्यों को संगठित करके इतना विशाल साम्राज्य बनाने का श्रेय चंद्रगुप्त को ही है। दक्षिण विजय का भी प्रमाण उपलब्ध है। अपनी शासन व्यवस्था का सुंदर संगठन करके चंद्रगुप्त ने अपने महान व्यक्तित्व का परिचय दिया। चंद्रगुप्त एक दयालु प्रजापालक तथा न्यायप्रिय शासक था। कृषि, व्यापार, वाणिज्य तथा दण्ड व्यवस्था के विकास में चंद्रगुप्त ने सराहनीय कार्य किया। मेगस्थनीज का कहना है कि उसके शासन ने प्रजासुखी थी। लोग संपन्न थे और अपराध नहीं होते थे।लोगों का जीवन पवित्र एवं शुद्ध था। चंद्रगुप्त का नाम भारतीय सम्राटों में बहुत ऊंचा है। जिस समय सिंकदर पश्चिमी भारत को विजीत कर रहा था, उस समय पूर्वी भारत में राजनैतिक अराजकता फैली हुई थी। केवल मगध का राज्य ही एकमात्र शक्तिशाली राज्य था। मगध राज्य की सैनिक शक्ति से भयभीत होकर ही सिकंदर के सैनिकों ने आगे बढ़ने से इंकार कर दिया था, जिसके कारण सिकंदर को अपनी विजय अधूरी छोड़कर ही वापस लौटना पड़ा था। मगध राज्य के शासक काफी अलोकप्रिय थे। साथ ही इधर एक व्यक्ति मगध राज्य को पराजित करने की योजना बना रहा था। उस महान व्यक्ति का नाम चंद्रगुप्त मौर्य था। चंद्रगुप्त की जाति के संबंध में विद्वानों में बहुत मतैक्य है। बहुत से विद्वान उसे किसी नीच जाति का मानते हैं। कुछ विद्वान उसे क्षत्रिय मानते हैं। वहीं कुछ उसे मगध सम्राट नंद का बेटा, जो मुरा नाम की शुद्र स्त्री से उत्पन्न हुआ मानते हैं। कुछ भी हो चंद्रगुप्त एक महान वीर, योग्य तथा पराक्रमी शासक था। चंद्रगुप्त मौर्य का जन्म ई. सन से लगभग तीन सौ पैतालीस वर्ष पूर्व हुआ था। इसका पालन पोषण माता ने किया था। कुछ लोगों का मत है ,चंद्रगुप्त मगध सम्राट के यहां काम करता था। पर कुछ कारणों से राजा से उसकी खटपट हो गई। अतः उसे नौकरी छोड़नी पड़ी। चाणक्य नाम का एक ब्राम्हण भी नंद राजा का दुश्मन था ,क्योंकि राजा नदं ने उसका अपमान कर दिया था। इस प्रकार चंद्रगुप्त और चाणक्य दोनों नंदवंश को उखाड़ फेंकना चाहते थे। संयोग से चंद्रगुप्त की भेंट चाणक्य से हो गई। दोनों ने मिलकर नंदवंश के नाश की योजना बनानी शुरू की । दोनों ने कुछ थोड़ी सेना इकट्ठी की और मगध पर आक्रमण कर दिया। युद्ध में इनकी पराजय हो गई। फलस्वरूप चाणक्य तथा चंद्रगुप्त दोनों को मगध छोड़ना पड़ा। मगध से भागकर चंद्रगुप्त चाणक्य के साथ पंजाब की ओर चला गया। उन दिनों सिकंदर पंजाब के राज्यों को जीत रहा था चंद्रगुप्त ने सोचा कि यदि सिंकदर नंद राज्य को जीत ले और फिर भारत से वापस चला जाये, तो मैं नंदराज्य पर अधिकार जमा लूं। इस विचारसे चंद्रगुप्त सिकंदर से मिला। पर उसकी बात से सिकंदर चिढ़ गया। और उसने अप्रसन्न होकर चंद्रगुप्त को मार डालने की आज्ञा दे दी, पर चंद्रगुप्त किसी तरह सिकंदर के चंगुल से भाग निकला। सिकंदर के वापिस जाने के बाद पंजाब में ही रहकर चंद्रगुप्त ने सेना इकटठी करनी शुरू कर दी। चाणक्य ने भी उसकी पूरा 'सहायता की दोनों ने मिलकर पंजाब के राजाओं को भी उकसाया। इस प्रकार चंद्रगुप्त के पास काफी विशाल सेना हो गई। और साथ ही वह पंजाब की जनता तथा राजाओं में लोकप्रिय हो गया। सेना -इकट्ठी करके चंद्रगुप्त ने सिकंदर के उन सेनापतियों के विरुद्ध युद्ध की घोषणा कर दी। जिन्हें सिकंदर लौटते समय उन राज्यों का गवर्नर बना गया था, जो उसने जीते थे। चंद्रगुप्त ने अपनी सेना के बल से उत्तर पश्चिमी भारत से यूनानियों को मार भगाया। इस प्रकार पंजाब पर उसका पूर्ण अधिकार हो गया। इसके बाद चाणक्य ने काश्मीर की पहाड़ियों के राजा पर्वतेश्वर से संधि कर ली, ताकि एक विशाल सेना लेकर मगध के साम्राज्य पर आक्रमण किया जा सके। इस प्रकार एक विशाल सेना लेकर चंद्रगुप्त मगध के नंद शासक पर आक्रमण करने चला। नंद राज्य का सेनापति भद्रशाल था। वह अपनी सेना लेकर युद्ध क्षेत्र में आ गया पर चंद्रगुप्त के सामने वह ठहर नहीं सका। चंद्रगुप्त इस युद्ध में विजयी रहा। इसके बाद नंदवंश के अन्य लोगों का भी वध कर दिया गया। इस प्रकार मगध पर अधिकार हो जाने के बाद संपूर्ण उत्तरी भारत पर चंद्रगुप्त का अधिकार हो गया। इन युद्धों में चाणक्य ने चंद्रगुप्त की बड़ी सहायता की थी। इन युद्धों की विजय में जहां चंद्रगुप्त की वीरता का महत्व है वहां चाणक्य की कूटनीति तथा बुद्धि का भी है। इस प्रकार चंद्रगुप्त मौर्य मगध का सम्राट बना। चाणक्य को उसने अपना प्रधानमंत्री बनाया। मगध के सिंहासन पर बैठने के बाद चंद्रगुप्त ने अपनी सेना का बहुत सुंदर संगठन किया। उसकी सेना में छह लाख पैदल बीस हजार घुडसवार और नौ हजार लडाकू हाथी थे। चंदगुप्त का राज्य मगध और पंजाब तक सीमित नहीं था। जूनागढ़ के शिलालेख से तो यह भी प्रमाण मिलता है कि सौराष्ट्र भी उसके राज्य के अधीन था। कुछ इतिहासविदों का कहना है कि छह लाख सेना लेकर चंद्रगुप्त दक्षिण विजय को गया एवं वहां भी उसने अधिकार स्थापित किया। चंद्रगुप्त के शासन कार्य में उसका प्रधानमंत्री चाणक्य उसकी बड़ी सहायता करता था। चंद्रगुप्त की शासन व्यवस्था बहुत अच्छी थी। उसके संपूर्ण शासन को आठ अंगों में बांटा जा सकता है। केंद्रीय शासन, प्रांतीय शासन, नगर शासन, जनपद ग्रामीण शासन, सैनिक प्रबंध, न्याय व्यवस्था, अर्थ विभाग, गुप्तचर विभाग ।

### केंद्रीय शासन–

शासन का सारा अधिकार सम्राट को प्राप्त था। वह स्वतंत्र था और उसके मार्ग में कोई बाधा नहीं थी। देश के लिये वही कानून बनाता और देश का सबसे बड़ा न्यायाधीश भी वहीं था। अपनी प्रजा के प्रति चंद्रगुप्त कभी उदासीन नही रहा। उसने वहीं कार्य किये, जो प्रजा के लिये हितकारी थे। मौर्य शासन कठोर व निरंकुश था। और समय को देखते हुए ऐसा होना ठीक ही था। शासन के काम में सम्राट की सहायता के लिए एक मंत्री परिषद थी। मंत्रियों के अधीन और भी बहुत से कर्मचारी होते थे। चाणक्य चंद्रगुप्त का प्रधानमंत्री था, मंत्री परिषद की एक अंतरंग समिति थी, जिसमें प्रधानमंत्री, पुरोहित, सेनापति तथा युवराज होते थे। युद्ध और शांति के मामले में सम्राट को परापर्श देने के लिये कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों की एक समिति होती थी, पर सम्राट मंत्री परिषद या इस समिति की राय मानने के लिये विवश नहीं था। इसके अलावा अन्य भी अनेक महत्वपूर्ण पदाधिकारी थे।

### प्रांतीय शासन–

संपूर्ण साम्राज्य प्रांतों में विभाजित व समीप के प्रांतों का शासन स्वयं सम्राट के अधीन होता था और दूर के मुख्य मुख्य प्रांतों का शासन राजकुल के कुमार करते थे। चंद्रगुप्त का साम्राज्य कितने राज्यों में विभक्त था वह ज्ञात नहीं है प्रांत के शासको को बारह सौ पण वार्षिक वेतन मिलता था। प्रांत जनपदों में बंटे हुये थे। एक जनपद में कई गण होते थे, गण का अधिकारी स्थानिक कहलाता था। कई गांवों को मिलाकर एक गण बनता था। प्रत्येक गांव में एक मुखिया होता था। इसी प्रकार नगरों में मुख्य अधिकारी नागरिक होता था।

### नगर शासन–

पाटलीपुत्र के नगर शासन के संबंध में अनुमान है कि सभी बड़े नगरों में भी ऐसी ही व्यवस्था रही होगी। नगर का शासन नागरिकों के हाथ में था। उस समय आजकल की सी नगरपालिकाएं होती थी। नगर के शासन का सारा कार्य समितियों द्वारा होता था। और प्रत्येक समिति में पांच सदस्य होते थे। पहली समिति औद्योगिक शिल्पों की देखभाल करती थी। कारीगरों तथा शिल्पकारों की देखभाल करना तथा उनका परिश्रम के निर्धारित करना इसी समिति का काम था। दूसरी समिति विदेशियों की गतिविधियों तथा उनकी आवश्यकताओं का ध्यान रखती थी। ऐसा लगता है कि चंद्रगुप्त के राज्य में विदेशियों की संख्या काफी थी, तीसरी समिति नगर में होने वाले जन्मों तथा मृत्युओं का हिसाब रखती थी, चौथी समिति सामान्य व्यापार तथा वाणिज्य के लिये उत्तरदायी थी। लेनदेन में सही मापों तथा बांटों का प्रयोग किया जाये इस बात की निगरानी वही समिति करती थी। एक से अधिक वस्तुओं का व्यापार करने वालों को अपेक्षाकृत अधिक कर देना पड़ता था, कारखानों तथा उत्पादों का निरीक्षण करना पांचवी समिति का काम था। यह समिति ध्यान रखती थी कि नई व पुरानी वस्तुयें एक साथ मिलकर न बेची जाये।

## जिंन्दगी वतन की पहरेदार हो जाए,

जिंन्दगी वतन की पहरेदार हो जाए,
मौत भी आए तो कसूरवार हो जाये'

मौत भी हो इतनी शानदार शहीदी,
जिंदगी भी अपने पर शर्मसार हो जाये।

जमाने से मिले जख्मो को जीयो ऐसे
कि बहता लहू भी गुनहगार हो जाये,

तेरी मेरी दोस्ती हो ऐसी जुदा '
कि दुश्मन का वार भी प्यार हो जाये।

दोस्तों में ना हो कभी इतनी तल्खी,
कि हमे दुश्मनो पे एतबार हो जाये।

इन्सान कभी इतना जहरीला न हो संजीव
कि हमे साँपो से प्यार हो जाये।

सर जमीं पर लुटा दो लहू अपना,
बहता लहु भी खुशबूदार हो जाए।




संजीव ठाकुर

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# साझेपन की की संवेदना



विजय गर्ग

एक समय था जब हमारे अपने पड़ोसियों से भी चाचा-चाची, ताऊ-ताई, दादा- दादी के उसी प्रकार के रिश्ते होते थे, जैसे हमारे अपनों से। मगर जैसे-जैसे पश्चिम से प्रेरित शहरी जीवनशैली हम पर हावी होती चली गई, लोगों समाज के रूप में सिमटना भी आत्मसात लिया। अब नौबत यह आ गई है कि आज का युवा वर्ग किसी की सलाह को भी दखल बताता है और उसे बर्दाश्त करने को तैयार नहीं है। इसमें वह अपनी तौहीन मानता है । चिंता की बात यह है कि यह स्थिति अब केवल शहरों में सीमित नहीं रही, गांवों में भी परसती जा रही है। नतीजा यह हुआ कि अधिकांश दंपति शादी के बाद अपने परिवार से अलग ज्यादा पसंद करते हैं।

संयुक्त परिवारों का सबसे बड़ा लाभ यह था कि सुख में तो सभी मिल-जुलकर खुशी बांटते ही थे, असली सहभागिता दुख की स्थितियों में होती थी। साझेपन और संवेदना की जरूरत दुख में ही पड़ती है। परिवार के रूप में एकल स्वरूप में सिमटने वाले समाज को यह से तब समझ में आता है, जब दुख भरा वक्त आता है। बच्चों को घर के बुजुर्ग उनके जीवन के लिए ऐसी सीख दे जाते थे, जो भविष्य में उनके काम आती थी । यह सिलसिला निरंतर जारी रहता था। पानी के बहाव की स्थिति होती है कि वह ऊपर से नीचे को बहता है। यह संयुक्त परिवारों के जीवन की पाठशाला की पढ़ाई थी । आज बच्चों को रोजी-रोटी की शिक्षा यानी जीविका की शिक्षा तो स्कूल-कालेज में दी जा रही है। उसमें कोई कसर नहीं है । उस ओर मां बाप का भी बच्चों पर पूरा दबाव है । वे रात-दिन एक किए हुए हैं। अलग से कोचिंग भी कराते हैं । जीविका की शिक्षा स्कूल- कालेजों में मिल जाती है, लेकिन जीवन की शिक्षा का स्कूल-कालेजों में ही नहीं, घर-परिवारों में भी अभाव हो गया। जीवन की सीख किसे कहते हैं यह आज के अधिकांश युवाओं को पता ही नहीं है । उनकी केवल एक ही धुन है कि जैसे भी हो, बस पैसा कमाओ। यही वह परिवार और समाज से सीख रहा है । इसी चक्कर में उसके अपनों से भी रिश्ते-नाते टूटते जा रहे हैं । गांवों को लेकर चिंता इसलिए होगी कि आज भी हमारे देश के करीब सत्तर फीसद लोग गांवों में रहते हैं। जिन लोगों ने गांवों से शहरों की ओर कूच किया, उसमें उनकी कोई न कोई मजबूरी रही। रोजी-रोटी की तलाश या फिर गांवों में शिक्षा की उचित व्यवस्था नहीं होने से लोग शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। शहरों में जाकर उनकी आर्थिक स्थिति और शिक्षा से जुड़ी समस्या तो हल हो जा सकती है, लेकिन इसी के साथ- साथ धीरे-धीरे उन पर महानगरीय रंग चढ़ता जाता । यह सब कोई एक दिन में नहीं हो जाता है। इसमें वर्षों और कई दशक भी लगते हैं। गांवों से शहरों में लोगों को इसकी चकाचौंध ने इस कदर अपने आगोश में लिया कि धीरे-धीरे गांवों से उनके रिश्ते नाते खत्म होते चले गए। हालांकि ऐसा नहीं कि शहर के लोग अपने बच्चों को जीवन की बेहतर सीख नहीं देते हैं, मगर गांवों में बच्चों को मिले पाठ के मुकाबले के शहरों के संस्कारों में जमीन- आसमान का अंतर है । शहरों के बच्चे अपने घर में और बाहर देखते हैं कि किस प्रकार से अनेक परिजन दांवपेच लगा कर पैसा कमा कर लाते हैं। कैसे रातों रात लोग लखपती, करोड़पति और अरबपति बन जाते हैं । वे यह भी देखते हैं कि किस प्रकार से लोग इस आपाधापी और गलाकाट प्रतिस्पर्धा में लोग किसी का बुरे से बुरा करने में भी नहीं हिचकते । एक समय था जब गांव की बेटी सबकी बेटी के रूप में प्यार और संरक्षण पाती थी। गांव का कोई व्यक्ति जब अपनी बेटी से मिलने उसकी ससुराल जाता था, तो उस गांव में अपने गांव की ब्याही गई किसी अन्य लडकी के भी घर मिलने चला जाता था और उसे आशीर्वाद देता था। वह महिला भी उसे अपने गांव के रिश्ते के अनुसार भइया, चाचा, ताऊ, बाबा कहकर संबोधित करती थी। वह आने वाले से अपने परिवार के बारे में समाचार तो सुनती ही थी, पूरे गांव के बारे में भी पूछती थी। यह था एक दूसरे से जुड़ाव ।

## मंगलवार का राशिफल

**मेष** — अधिक लोन लेने के लिए ना सोचे, लोगों से सहयोग मिलेगा, वाहन से धार्मिक यात्रा पर जाएंगे, रिश्तों को एकसाथ लेकर चलें। भाग्य प्रतिशत-60

**वृषभ** — किसी मित्र द्वारा आपकी समस्या सुलझेगी, पास पड़ोसी से अच्छे संबंध रहेंगे, अपनी योग्यता का करियर में प्रदर्शन करेंगे। भाग्य प्रतिशत-77

**मिथुन** — सामाजिक संस्था के साथ कार्य कर सकते है, नर्सिंग होम जाना पड़ेगा, अच्छी नींद आयेगी, धन वृद्धि से हर्ष होगा।
भाग्य प्रतिशत-72

**कर्क** — रुके कार्य बनेंगे, कोई सौदा हो सकता है,मशीनरी, कपड़ा, एक्सपेलर, टाइल, व्यवसाय में है तो फायदा होगा। पत्नि की बात समझ आयेगी। भाग्य प्रतिशत- 70

**सिंह** — औषधि, प्राकृतिक तेल, खाद्य सामग्री व्यवसाय में है तो उन्नति करेंगे, गुरु का सानिध्य प्राप्त होगा, परेशानियों से उबर जाएंगे।
भाग्य प्रतिशत-77

**कन्या** — टैलेंट का प्रदर्शन करेंगे, पास के रिश्तेदार मिलने आयेंगे,ठण्डी जगह पत्नी संग टूर पर जा सकते है। भाग्य प्रतिशत-67

**तुला** — सरकारी नौकरी दिलाने का कोई वायदा कर सकता है, जल, बिजली, विभाग में संविदा कर्मी को नौकरी संबन्धी खुशखबरी मिलेगी।
भाग्य प्रतिशत-62

**वृश्चिक** — भाग्य पक्ष में मुश्किल रहेगी, माँ का स्वास्थ्य सुधरेगा, परिश्रम बढ़ेगा, सरकारी सेवा में है तो कड़ा निर्देश देंगे, भाई से सहयोग मिलेगा।
भाग्य प्रतिशत- 69

**धनु** — किसी बात पर सोच विचार बढ़ेगा, नतीजा पक्ष में रहेगा, करियर को नई ऊँचाइयाँ मिलेगी, जल अधिक पिए। भाग्य प्रतिशत- 83

**मकर** — वैवाहिक जीवन में तालमेल बढ़ेगा, नेवी, ट्रेडिंग, किताबे व्यवसाय से लाभ होगा, कल्पना शक्ति अच्छी होगी लेखन करेंगे। भाग्य प्रतिशत-76

**कुंभ** — घर मे सुख शांति रहेगी, सेटल होने से खुश रहेंगे, नौकरी में लोड रहेगा, इलेक्ट्रोनिक उपकरण व्यवसाय मध्यम रहेगा।
भाग्य प्रतिशत-61

**मीन** — करियर तय करने में परेशानी रहेगी, घर वाले लोन ले सकते है, गुरु की सलाह से कार्य करे, लेबोरेट्री, हेल्थ इंश्योरेंस कार्य चलेगा
भाग्य प्रतिशत-60



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# बस्तर लोकसभाः मोदी के जुमलों पर न्याय का हथौड़ा भारी



संजय पराते

वे डरे हुए हैं, बदहवास है। बावजूद इसके कि आंकड़े उनके पक्ष में है, इस बार जमीनी हकीकत कुछ और बयां कर रही है। इस हकीकत को वे भी पहचान रहे हैं। इसलिए वे और भी डरे हुए हैं, बदहवास हैं। मोदी के जुमलों पर न्याय का हथौड़ा भारी पड़ रहा है। बस्तर लोकसभा में विधानसभा की 8 सीटें हैं। हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में तीन सीटें -- बस्तर, बीजापुर और कोंटा -- कांग्रेस ने जीती हैं, तो चार सीटों -- कोंडागांव, नारायणपुर, जगदलपुर और चित्रकोट -- पर भाजपा ने जीत दर्ज की थी। इन 8 सीटों पर कांग्रेस को सम्मिलित रूप से 4,01,538 वोट तथा भाजपा को 4,81,151 वोट मिले थे। इस प्रकार भाजपा 79,613 वोट और 7.91% वोटों के अंतर से आगे थी।

वर्ष 2019 के पिछले लोकसभा चुनाव के परिणाम से विधानसभा चुनाव के ये परिणाम भाजपा के लिए आश्वस्तिदायक हैं। तब भाजपा को लोकसभा चुनाव में 3,63,545 वोट ही मिले थे और कांग्रेस को 4,02,527 वोट। इस प्रकार कांग्रेस के दीपक बैज ने भाजपा के बैदूराम कश्यप को 38,982 वोट और 4.27% के अंतर से हराया था। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने पिछली बार जिन दो सीटों पर विजय पाई थी, उनमें से एक बस्तर थी। इस प्रकार बस्तर लोकसभा में पांच साल पहले कांग्रेस से 4.27% वोटों से पीछे रहने वाली भाजपा आज 7.91% वोट से आगे हैं। निश्चित ही ये आंकड़ें प्रभावशाली हैं और भाजपा के पक्ष में हैं। इसके बावजूद भाजपा के चेहरे पर चिंता की लकीरें हैं और वह पूरी तरह आश्वस्त नहीं हैं। क्यों? इसका एक कारण तो मतदाताओं का वह असामान्य व्यवहार ही है, जिसने दिसंबर 2018 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को भारी भरकम जीत दिलाने के चार माह बाद ही अप्रैल 2019 में हुए लोकसभा के चुनावों में उसे पटकनी देने में कोई संकोच नहीं किया था। इस बार भी मतदाता कहीं ऐसा ही 'खेला' नहीं कर दें! दूसरा कारण, लगातार दस सालों से केंद्र में सत्ता में बने रहने और 2013-18 के दौरान केंद्र और राज्य दोनों ही स्तर पर सत्ता में बने रहने से पैदा सत्ता-प्रतिकूलता का कारक है, जिसने पिछली बार राज्य की सत्ता से उसे 10% वोटों के अंतर से बाहर कर दिया था। तीसरा कारण, स्वयं भाजपा की वे नीतियां हैं, जिससे राज्य की जनता और खासकर बस्तर की आदिवासी और गरीब जनता भुगत रही है। इसी बदहवासी ने भाजपा को मोदी की कथित गारंटी के बावजूद अपना उम्मीदवार बदलने को मजबूर किया है। इस बार उसने एक भूतपूर्व सरपंच महेश कश्यप को टिकट दिया है, जिसकी राजनैतिक पृष्ठभूमि यही है कि वह संघ के आनुषंगिक संगठनों बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद से जुड़ा रहा है और धर्मांतरण विरोधी आंदोलनों की अगुआई करते हुए ईसाई आदिवासियों पर हमले करता रहा है। इस चेहरे को सामने रखकर संघ-भाजपा ने हिन्दुत्व का कार्ड खेलने की कोशिश की है। कांग्रेस ने भी अपना प्रत्याशी बदला है और उसने लगातार 6 बार विधायक निर्वाचित हुए और भूपेश मंत्रिमंडल के आबकारी मंत्री कवासी लखमा को मैदान में उतारा है। कांग्रेस प्रत्याशी का व्यक्तित्व निश्चित ही भाजपा पर भारी पड़ रहा है।

बस्तर में मोदी की 8 अप्रैल को सभा हो चुकी है। राम मंदिर, धर्मांतरण और असफल हो चुकी केंद्रीय योजनाओं की जुगाली करने के सिवा उनके पास कोई मुद्दा नहीं था। मोदी गारंटी का जुमला भी था, लेकिन बेरोजगारों के लिए रोजगार, किसानों के लिए एमएसपी और कर्जमुक्ति, आदिवासियों के लिए राज्य प्रायोजित उत्पीड़न से मुक्ति और वनाधिकार, पेसा और मनरेगा कानूनों के क्रियान्वयन की गारंटी सिरे से गायब थी। पिछली कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार पर तो वे गरज-तरज रहे थे, लेकिन अपने किए दुनिया के सबसे बड़े चुनावी बांड घोटाले पर चुप थे। उनके भाषण इस बात के संकेत थे कि एक व्यक्ति और एक दल के शासन को लादने की पूरी गारंटी है। वहीं 13 अप्रैल को हुई अपनी सभा में राहुल गांधी का पूरा भाषण मुद्दों पर केंद्रित था। आदिवासियों, बेरोजगार नौजवानों, गरीबी की समस्या उनके भाषण के केंद्र में थी और भाजपा की सांप्रदायिक नीतियों पर उन्होंने अपना निशाना साधा। रायपुर के वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार सोनी कहते हैं कि बस्तर के आदिवासियों को धारा 370 के हटने या राम मंदिर के निर्माण से कोई मतलब नहीं है। इन मुद्दों को सामने रखकर भाजपा को अपनी जीत का सपना नहीं देखना चाहिए। लेकिन पत्रकार पूर्णचंद्र रथ का कहना है कि बस्तर लोकसभा क्षेत्र के शहरी हिस्से (जो अपेक्षाकृत बहुत छोटा है) में भाजपा का प्रभाव कांग्रेस से ज्यादा है। जगदलपुर के एक नौजवान कांग्रेसी कार्यकर्ता भुजित दोशी कहते है कि मोदी की सभा के मुकाबले राहुल की सभा का बड़ी होना बताता है कि बस्तर में हवा किस ओर बह रही है। महिलाओं के उत्थान के लिए हर वर्ष उन्हें 1 लाख रुपए देने के वादे के साथ ही आज राहुल गांधी ने किसानों की कर्जमुक्ति, उन्हें एमएसपी की कानूनी गारंटी देने और नौजवानों से खाली पदों को भरने का जो वादा किया है, वह मोदी की किसी भी गारंटी पर भारी पड़ेगी। दरभा के आदिवासी नौजवान संतोष यादव ने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार आने के बाद नक्सलियों के दमन के नाम पर आदिवासियों का उत्पीड़न बढ़ गया है और भाजपा सरकार फिर से नए रूप में सलवा जुडूम को लाना चाहती है। लोहंडीगुड़ा के आदिवासी टाटा के लिए बंदूक की नोंक पर उनकी जमीन छीनने की रमन सरकार की करगुजारी को अभी तक नहीं भूले हैं। नगरनार के स्टील प्लांट को मोदी सरकार आज भी निजीकरण की सूची में रखे हुए हैं। इसलिए बस्तर का नौजवान मोदी की किसी भी गारंटी पर विश्वास करने के लिए तैयार नहीं है। हंसते हुए वे कहते हैं -- "हाथी के दांत दिखाने के और होते हैं, खाने के और। मोदी गारंटी का यही हाल है।" उल्लेखनीय है कि रमन राज में संतोष नक्सलियों के साथ संबंध रखने के झूठे आरोप में कई माह जेल काट चुके हैं।




लेकिन फिर वही सवाल : जीतेगा कौन? क्या कांग्रेस 80,000 वोटों की खाई को पाटने में सफल हो पाएगी?पत्रकार रितेश पांडे एक मशहूर मजाक की याद दिलाते हैं : जनता तो चाहती है कि कांग्रेस जीते, लेकिन यदि कांग्रेसी ही भाजपा को जीताना चाहे तो...? वे कहते हैं कि विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की हार का यह एक बड़ा कारण था। लेकिन अब कांग्रेसी इस हार से सबक लेकर एकजुट होंगे और मोदी के जुमलों पर न्याय का हथौड़ा भारी पड़ेगा।

# चैत्रीय नवरात्र: सातवें दिन श्रद्धालुओं ने की मां कालरात्रि देवी की पूजा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** चैत्रीय नवरात्रि के सातवें दिन श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के साथ में स्वरूप कालरात्रि की विधि विधान से आराधना की। मां कालरात्रि के जयकारों से देवालय गूंज उठे। विधि विधान से महामाई की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। मां से मनौती मांगी। सोमवार को साधकों ने मां कालरात्रि के प्रिया नीले रंग के वस्त्र पहनकर श्रद्धालुओं ने पूजन किया। धूप दीप नारियल मेवा मिष्ठान फल फूल आदि पदार्थों से पूजा अर्चना की। अनुष्ठान कर रहे साधकों ने दुर्गा सप्तशती का पाठ किया। महाकाली मंदिर के पुजारी मोनू शर्मा ने बताया कि कालरात्रि अरशद कल को जीतने वाली जन्म पालन और कल यह देवी के तीन स्वरूप हैं। एक बार देवी मां को भगवान शिव ने कई कह दिया इसलिए उनका नाम काली पड़ गया। मां कालरात्रि के पूजन करने से जातक को किसी प्रकार का भाई और देष नहीं सताता। शुभ फल की प्राप्ति होती है। प्रतिदिन शाम को मंदिर में होने वाली विशेष आरती में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु नर नारी भाग लेकर देवी मां के स्तुति कर रहे हैं। मंदिरों में सुबह से शाम तक घंटे घड़ियाल बजते रहे। जिससे क्षेत्र का माहौल भक्तिमयहो गया।



# लाइब्रेरी साइंस में हुआ व्याख्यान का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग में डॉ0 बी0 आर0 अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के प्रोफेसर व डीन, डॉ0 एम0पी0 सिंह ने इन्फोर्मेशन लिटरेसी यूजेज ऑफ लाइब्रेरी एण्ड ऑनलाईन रिसोर्सेज विषय पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष डॉ0 सुधीर त्यागी ने मुख्य वक्ता प्रो0 डॉ0 एम0पी0 सिंह एवं विभाग के सभी शिक्षकों के साथ मिलकर माँ सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलन कर किया।

**लाइब्रेरी एण्ड इन्फोर्मेशन साइंस डिपार्टमेंट में इन्फोर्मेशन लिटरेसी: यूजेज ऑफ लाइब्रेरी एण्ड ऑनलाईन रिसोर्सेज**

विभागाध्यक्ष डॉ0 सुधीर त्यागी ने मुख्य वक्ता डॉ0 एम0पी0 सिंह का संक्षिप्त परिचय दिया। इस अवसर पर डॉ0 एम0पी0 सिंह ने सभी उपस्थित विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज सूचना साक्षरता सूचना की आवश्यकता होने पर पहचानने की क्षमता हैं और आवश्यक जानकारी का पता लगाने, मूल्यांकन करने और प्रभावी ढंग से उपयोग करने की क्षमता हैं। सूचना का होना आज अत्यन्त महत्वपूर्ण है जिससे जानकारी एकत्र करना और उसका उपयोग करना सरल व कुशल बनाया जा सके। आज के परिवेश में सूचना साक्षरता की आवश्यकता अत्यधिक है। दुनियाभर में हम प्रति सेकेण्ड ढेरों जानकारियों का उपभोग करते है। हम इन्टरनेट के माध्यम से सर्च करते है अपने फोन पर अपडेट प्राप्त करते है साथ ही हम अपनी नौकरियों या शिक्षा कक्षाओं के लिए सक्रिय पाठक भी हैं। हमें आजीवन सीखने के लिए सूचना साक्षरता की आवश्यकता है हमारे पास उपलब्ध संसाधनों की मात्रा पहले की तुलना में कही अधिक जटिल व चुनौतीपूर्ण है। इतनी अत्यधिक तकनीकी प्रगति से परिपूर्ण आज की



दुनिया में अत्यधिक सूचनाओ व जानकारियों का विस्फोट दिन प्रतिदिन हो रहा हैं। सूचना साक्षरता के उपकरण जैसे सॉफ्टवेयर सहित प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों का उपयोग करने की क्षमता, संसाधन साक्षरता, सूचना संसाधनों के स्वरूप, प्रारूप, स्थान और पहुँच के तरीकों को समझने की क्षमता, सामाजिक संरचनात्मक साक्षरता जानकारी कैसे सामाजिक रूप से स्थित और उत्पादित की जाती है इसका ज्ञान आज सूचनाओं के विशाल संग्रह में बहुत सारी अनुपयोगी, पक्षपातपूर्ण, त्रुटिपूर्ण व अपूर्ण सूचनाएँ भी भरी पडी है। इसलिए विभिन्न कोणो से मूल्यांकन भी अत्यन्त आवश्यक हैं।

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ0 सुधीर त्यागी ने कहा कि बदलते परिदृश्य में पुस्तकालय व सूचना विज्ञान का क्षेत्र निरन्तर विकसित हो रहा हैं। डिजिटल युग में पुस्तकालय के वर्तमान युग में बढतें कदम के फलस्वरूप आज सूचना साक्षरता की आवश्यकता अत्यंत महत्वपूर्ण है। सूचना साक्षरता किसी व्यक्ति की वह योग्यता है जिसके द्वारा जाना जाता हैं कि उसे किस सूचना की आवश्यकता है तथा वह सूचना कहाँ मिलेगी। आज हर तरफ से सूचना का विस्फोट हो रहा है। ऐसे में सही सही सूचना कम से कम प्राप्त कर लेना एक महती योग्यता है।

# छतारी दोराहा त्योर बुजुर्ग मूढ़ाकरीमपुर में डॉ.भीमराव अम्बेडकर जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**छतारी (बुलंदशहर)।** भारतीय संविधान के निमार्ता डॉ. बी.आर. अंबेडकर की जयंती मनाई जाती है. बता दें कि अम्बेडकर जी ने अपना जीवन समाज के वंचित वर्गों के उत्थान और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित कर दिया। छतारी मूढ़ाकरीमपुर में डॉ भीमराव अंबेडकर की भव्य शोभा यात्रा में शामिल सभी महिला-पुरुषों ने जय भीम का नारा लगाकर डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई. शोभा यात्रा छतारी दोराहा अम्बेडकर पार्क असगरपुर से त्योर बुजुर्ग होते हुए मूढ़ाकरीमपुर में स्थित बाबा अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण व प्रसाद के साथ बाद समाप्त हुई. भारत विकास जिला मिडिया प्रभारी भीम आर्मी सुरजीत कुमार गौतम प्रशांत कुमार प्रशांत जाटव संतोष कुमार विकास कुमार अजय कुमार एडवोकेट गौरव कुमार सुधीर कुमार दर्शन जाटव उदयपुर गौतम इस दौरान भीम आर्मी के लोगों ने कहा कि बाबा की हर बातें सभी अपने जीवन में उतारे. आज जिस प्रकार से संविधान के साथ छेड़खानी करने की बात कही जा रही है, यह हम सभी के लिए गंभीर बात है, हम सभी आज बाबा के जयंती पर वचन लें कि संविधान की रक्षा हम सब मिलकर करेंगे।



# सड़क में घटिया सामग्री लगाए जाने पर भड़के मोहल्ले के लोग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांधला।** सड़क मानक के अनुरूप ने बनाए जाने को लेकर मोहल्ले के लोगों में रोष व्याप्त है। मोहल्ले वासियों ने हंगामा प्रदर्शन करते हुए सड़क और नाला निर्माण मानक के अनुसार बनाए जाने की मांग कर जिलाधिकारी से की है।


कस्बे के मोहल्ला रायजादगान वार्ड नंबर 3 के लोग जर्जर सड़क निर्माण के लिए लगातार प्रशासन से मांग कर रहे थे। मोहल्ले वासियों की मांग पर प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए उक्त जर्जर सड़क का निर्माण डूडा विभाग के द्वारा छोडा गया, जिस पर कई दिन पूर्व निर्माण कार्य ठेकेदार के द्वारा शुरू कर दिया गया। मोहल्लेवासियों का आरोप है कि ठेकेदार मानक के अनुरूप कार्य नहीं कर रहा है और नाली निर्माण में भारी अनियमिताएं हैं।आरोप है कि नाली निर्माण भी मानक के अनुसार नहीं हो पा रहा है ,जिसके कारण बनने से पूर्व ही नाली में पानी का रिसाव शुरू हो गया है। पानी के रिसाव के कारण पानी लोगो के घरों तक पहुंच रहा है। आरोप है कि सड़क निर्माण से पूर्व चल रहे नाली निर्माण में सीमेंट और सरिया मानक के अनुरूप नहीं लगाया जा रहाहै। आरोप है कि जब मोहल्लेवासियों ने ठेकदार द्वारा बनाई जा रही नाली का विरोध किया तो ठेकेदार ने मोहल्लेवासियों के साथ अभद्रता की ,जिसके कारण मोहल्लेवासियों में आक्रोश भरा हुआ है। सोमवार को आक्रोशित लोगों ने जमकर हंगामा किया और जिलाधिकारी से सड़क निर्माण मानक के अनुसार कराए जाने की मांग की है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि लंबे समय से मोहल्ले के लोग जर्जर हालत में सड़क का दंश झेल रहे थे लेकिन ठेकेदार और कुछ विभागीय लोग अपने निजी स्वार्थ के लिए सड़क मानक के अनुसार नहीं बना रहे है। मोहल्ले वासियों ने चेतावनी दी है कि अगर सड़क निर्माण मानक के अनुरूप ना किया गया तो मोहल्ले वासियों के द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस संबंध में डूडा विभाग के जेई गौरव कुमार का कहना है कि इस प्रकार की कोई जानकारी उन्हें नही है,अगर इस तरह का कोई मामला है तो मौके पर टीम भेजकर जांच कराकर मानक के अनुरूप कार्य कराया जायेगा।



# डीलर असलम शेख के घर पर कैराना पुलिस की दबिश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांधला।** कैराना निवासी एक युवक ने कस्बे के एक दबंग प्रॉपर्टी डीलर से परेशान होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर खुदकुशी कर ली। मर्तक ने अपना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दो लोगों को जिम्मेदार बताया है। कस्बे का प्रॉपर्टी डीलर अपने मकान से फरार हो गया,कैराना पुलिस ने गिरफ्तार करने के लिए दबिश दी हैं, प्रॉपर्टी डीलर के द्वारा घर से फरार होने का मामला चर्चा में बना हुआ है। कस्बा कैराना निवासी युवक इरशाद ने अपना एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया है, वायरल वीडियो में बताया गया कि उसका दो प्रॉपर्टी डीलरों ने प्लांट हड़प लिया है। और अब दोनों प्रॉपर्टी डीलर उस पर दबाव बना रहे हैं। मृतक ने कस्बा निवासी प्रॉपर्टी डीलर असलम शेख निवासी पंजाब नेशनल बैंक के निकट का नाम लेकर अपना वीडियो वायरल कर दिया। वायरल वीडियो में बताया गया कि दो लोगों की वजह से उसने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया है। और अब वह है खुदकुशी करने के लिए जा रहा है। परिजनों ने एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था अस्पताल में इरशाद की मौत हो गई थी। वीडियो वायरल होते ही कस्बा निवासी प्रॉपर्टी डीलर असलम शेख अपने मकान से फरार हो गया। कैराना पुलिस ने आरोपी डीलर की गिरफ्तारी के लिए उसके घर पर दबिश दी,मगर घर पर ना होने के कारण पुलिस वापस लौट गई। वायरल वीडियो सोशल साइट पर वायरल हो रही हैं, प्रॉपर्टी डीलर के द्वारा घर से फरार होने का मामला चर्चा में बना हुआ है।



# एसएसटी टीम एवं थाना अहमदगढ़ पुलिस मिलकर वाहनों को रोक कर चौराहे पर किया चैक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** लोकसभा चुनावों को लेकर पुलिस हर चौक चौराहे पर ड्यूटी पर मुस्तेद है उसी क्रम में सोमवार को अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के रानीवाला चौराहे पर एसएसटी टीम तथा स्वयं थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सक्सेना द्वारा अपनी हमराही थाना पुलिस बल के साथ प्रत्येक वाहन की चेकिंग की गई। थाना प्रभारी ने बताया है कि चुनावों को लेकर यह सघन चेकिंग की जा रही है कि कोई व्यक्ति किसी वाहन में कोई आपत्ति जनक वस्तु तो नही ले जा रहा है। जैसे कि अवैध हथियार नकदी शराब आदि वस्तु तो वाहन में नही ले जा रहा।आज चेकिंग में रोडवेज बसों में सवारियों द्वारा ले जाया जा रहा समान को भी चेक किया गया उसके बाद बसों को रवाना किया गया।प्रचार वाहनों की रोक कर परमिशन चेक की गई उधर सघन चेकिंग देखकर कार व दो पहिया वाहन चालकों में खलबली मच गई और इधर उधर से वाहनों को निकालनी की कोशिश की गई लेकिन थाना प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस को अलर्ट कर दिया जिससे कोई बच कर निकलना पाये।



# भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोटशक्ति वंदन मंडल सभा आयोजित की गई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी लोकसभा क्षेत्र 14 बुलंदशहर शिकारपुर विधानासभा 69 , पहासू मंडल की मंडल अध्यक्ष पूजा भारद्वाज जी के नेतृत्व में शक्ति वंदन मंडल सभा आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि आदरणीय श्री मति विमला सोलंकी जी पूर्व विधायक सिकंदराबाद ,रहीं जिसमें उन्होंने केंद्र सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं से अवगत कराया और बताया कि कैसे 2014 से पहले महिलाओं पर अत्याचार हुआ करते थे कैसे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आने के बाद महिलाएं अपने आपको सुरक्षित और सशक्त महसूस करती है चाहे वो उज्जवला योजना, शौचालय ,किसान सम्मान निधि हो इस तरह से स्वयं सहायता समूह बनाकर रोजगार देने का कार्य किया हो। इसी क्रम में जिला सोशल मीडिया प्रभारी राधा सिरोही, संध्या बालियान सलेमपुर मंडल की मंडल अध्यक्ष आशा लता, मंडल अध्यक्ष मीनू शर्मा, रूपाली सूर्यवंशी,आशंका शर्मा, सोनिया त्यागी, राधा वाल्मीकि ,राजकुमारी देवी , जिला पंचायत के सदस्य अनिल सूर्यवंशी, मंडल के मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह के साथ भाजपा के जिला पदाधिकारी मंडल पदाधिकारी उपस्थित रहीं। वही नगर में जनसंपर्क कर भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर भोला सिंह के पक्ष में वोट मांगे।



# श्री कृष्ण कुमार जैन की पुण्य स्मृति पर निःशुल्क हेल्थ कैम्प का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर ।** आज डीएम रोड स्थित श्री हेल्थी विंग हॉस्पिटल पर स्व. श्री कृष्ण कुमार जैन की पुण्य स्मृति पर अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ पुलकित नरेश जैन व स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ श्रुति मोहन उनियाल ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे मुफ्त ओपीडी के साथ 20 परसेंट दवाओं पर छूट देने के साथ ओजोन थैरेपी का एक सीजन फ्री दिया गया ,कैम्प का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक था किंतु भीड़ ज्यादा होने के कारण शाम 6 बजे कैम्प का समाप्तीकरन किया गया । कैम्प में 57 हड्डी व मांसपेशी, 35 लोग पेट व छाती,42 महिलाओं का निःशुल्क जाँच कर दवाएं दी,ग्राम पिलखनवाली रूपेश कुमार उम्र 40 वर्षीय ने कहा की मेरे घुटने से चला नही जाता था और मैं वॉकर का सहारा लेकर चलता था लेकिन आज मैं घुटने में बदलाव महसूस कर रहा हूँ और कुछ कदम बिना वॉकर के चला भी हूँ ,ग्राम शेखुपुर रोड़ा निवासी ज्योति शर्मा ने बताया कि उसे महिलाओ से सम्बंधित परेशानी थी लेकिन डा श्रुति मोहन से बात करके वह काफी सन्तोष अनुभव कर रही है, इस कैम्प में अस्पताल के स्टाफ डॉ रहमान, डॉ जितेंद्र,डा अमित गुप्ता, डॉ जैनव , शोएब, पुष्पेंद्र, संगीता, तुषार, शिवानी, निशा, रूमाना, इरम,जायद ने भी भरपूर सहयोग किया। कैम्प में विशाल शर्मा, चन्द्रपाल शर्मा, राज शर्मा, रणवीर चौधरी का विशेष सहयोग रहा।




## संक्षिप्त समाचार

### कालिज के छात्रों ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्राओं ने जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल (जेएनएमसीएच) के वार्ड में एक स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें वैश्विक स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए, विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर कल्याण के महत्व पर प्रकाश डाला। इस वर्ष की थीम ह्यमेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकारह्न थी, जो हर जगह, हर किसी के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा और सूचना तक पहुंच के साथ-साथ पीने के पानी, स्वच्छ हवा, अच्छे पोषण, अच्छे आवास, सभ्य कामकाज और पर्यावरण को बचाने के अधिकार पर जोर देती है।नर्सिंग की प्रिंसिपल प्रोफेसर फरहा आजमी के मार्गदर्शन में नर्सिंग द्वितीय सेमेस्टर की छात्राओं ने स्वास्थ्य, शिक्षा, अच्छे पोषण, स्वच्छ हवा के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए पोस्टर और चार्ट की मदद से जेएनएमसीएच के वार्ड 10 में स्वास्थ्य शिक्षा का आयोजन किया।

### लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत चैकिंग के दौरान 02 लाख 98 हजार रुपये नकद बरामद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलन्दशहर (वसीम अहमद सिद्दीकी)।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को शान्ति पूर्ण सम्पन्न कराने के उद्देश्य से अवैध रुप से रुपये के आदान प्रदान पर नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे चैकिंग अभियान के दौरान थाना ककोड पुलिस द्वारा सतीश ढाबा के पास एक गाडी से कुल 02 लाख 98 हजार रुपये बरामद किये गये। इनके द्वारा ले जा रहे रुपयो के सम्बन्ध में कोई प्रपत्र प्रस्तुत नही किया गया। बरामद रुपयो के बारे में जानकारी कर विधिक कार्यवाही की जा रही है तथा इसकी सूचना आयकर विभाग को दी गयी है।

### अपराधिक व्यक्तियों के 485 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये, 4169 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये गये

**लखनऊ ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1844 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 14 अप्रैल, 2024 तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 485 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये ।

**महायज्ञ** — यज्ञ संसार का श्रेष्ठतम कर्म है, यज्ञ मनुष्यों और देवताओं के बीच सम्बन्ध स्पापित करने वाला माध्यम है

# टीरी में आयोजित महायज्ञ में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बागपत।** जनपद बागपत के टटीरी कस्बे में आयोजित 51 कुण्डीय विशाल सहस्त्रचन्ड़ी महायज्ञ एवं संत समागम् में दिल्ली एनसीआर सहित दूर-दराज क्षेत्रों से प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालुगण पहुँच रहे है। परम पूज्नीय स्वदेश स्वरूप ब्रहमचारी जी महाराज वृंदावन वालो ने यज्ञ के छठे दिन यज्ञ के महत्व और यज्ञ की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कहा कि यज्ञ भारतीय संस्कृति का प्राण और वैदिक धर्म का सार है। यज्ञ ही संसार का श्रेष्ठतम कर्म है और संसार का श्रेष्ठतम कर्म यज्ञ ही है। बताया कि यज्ञ हमारी प्रतिदिन की पूजा में शामिल होना चाहिए। यज्ञ के आयोजन से भौतिक सम्पदा प्राप्त होने के साथ-साथ आध्यात्मिक सम्पदा भी प्राप्त होती है। यज्ञ रोगों और महामारियों से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। यज्ञ मनुष्यों और देवताओं के बीच सम्बन्ध स्पापित करने वाला माध्यम है। यज्ञ से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और वातावरण शुद्ध होता है। 51 कुण्डीय विशाल सहस्त्रचण्डी महायज्ञ समिति के अध्यक्ष अंकुर पंड़ित व राजेश पंडित गढ़ वालों ने बताया कि 9 दिवसीय यज्ञ 9 अप्रैल 2024 को प्रारम्भ हुआ था और 17 अप्रैल 2024 को यज्ञ की पूर्ण आहुति होगी और विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा। यज्ञ आचार्य पंड़ित मनोहरलाल जी निबाली वालो ने बताया कि यह महायज्ञ विश्व तथा क्षेत्र की सुख शान्ति एवं समृद्धि हेतु किया जा रहा है। सेवादार प्रवीण कुमार ने बताया कि महायज्ञ में श्रद्धालुगण यज्ञ में आहुति देने के साथ -साथ, संगीतमय काशी जी आरती, संतो के प्रवचन, भगवान के भजन, कीर्तन और भक्तिमय नृत्य व नाटिकाओं में बढ़चढ़कर भाग ले रहे है। समिति के महामंत्री संजीव शर्मा और दीपक गोयल ने बताया कि श्रद्धालुगण महायज्ञ में अपने शारीरिक, मानसिक, आर्थिक कष्ट निवारण हेतु यज्ञ भगवान की 108 परिक्रमा कर रहे है। समिति के कोषाध्यक्ष प्रवीण गोयल व मनोज गुप्ता मितली वालो ने बताया कि आने वाले श्रद्धालुओं के लिए जलपान और खाने की पर्याप्त व्यवस्था की गयी है। यज्ञ कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों को कमेटी द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख समाजसेवी संजय रूहेला सभासद बागपत, नेशनल अवार्डी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन, राजीव मित्तल उर्फ राजू, एड़वोकेट अचिन गर्ग, डा प्रशान्त शर्मा, आलोक शर्मा, भूषण गुप्ता, कपिल गुप्ता उर्फ कन्हैया, विशाल गुप्ता सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।



# अल्फ़ाज़ अपने फाउंडेशन ने आयोजित किया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर देश भर में स्वीप प्लान चलाया जा रहा है। इसके तहत लोगों को अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी को लेकर लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु जगह जगह

**नवीन नगर अल्फाज ने आयोजित किया कार्यक्रम 'मतदान के अल्फाज'**

अनोखी पहल की जा रही है। इसी क्रम में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के चलते अल्फाज अपने फाउंडेशन की ओर से नवीन नगर स्थित प्राचीन शिव मंदिर के प्रांगण में टीम सदस्य एवं युवा साथियों द्वारा मतदान पर केंद्रित रचनाओं का पाठ करते हुए मतदान की अपील की गई। इस कार्यक्रम में गीतकार मयंक शर्मा एवं दोहाकार राजीव प्रखर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। साथ ही पंकज शर्मा एवं मंजू लता सक्सैना विशिष्ठ अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। साथ ही कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के कई निवासियों ने अपने अपने विचार रखते हुए शत प्रतिशत मतदान का महत्व भी बताया। इस दौरान सह संस्थापक अमर सक्सैना ने सुनाया कि 'मैं भी मतदान करूंगा', वहीं नन्हें बच्चे अक्षत थरेजा ने भी मतदान पर आधारित चार पंक्तियां पढ़ीं, सदस्य कमल शर्मा, आकांक्षा, मोहिनी, आकृति सिन्हा एवं समस्त अतिथियों ने अपने अपने विचार रखे और मतदान को आवश्यक बताते हुए मत की जरूरत समझाई। बता दें कि कार्यक्रम में सूरज सक्सैना, ऋषभ, नमिता, कुसुम, ममता, सुनीता अरोड़ा, रेखा शर्मा, निर्मला, शशि, दक्ष जौहरी, आदि कई क्षेत्रवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन राघव गुप्ता और संस्थापिका अभिव्यक्ति सिन्हा द्वारा कविता पढ़ने के उपरांत आभार अभिव्यक्ति की




गई। गौरतलब है कि अल्फाज संस्था की इस गतिविधि में सभी ने मतदान करने और कराने की शपथ भी ली। बताते चलें कि देशभर में होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियां न सिर्फ राजनीतिक पार्टियां कर रही हैं बल्कि प्रशासन भी मतदाताओं को जागरूक करने और वोट का प्रतिशत बढ़ाने के लिए पूरी तरह से लगा हुआ है। जहां एक ओर प्रत्याशी लोगों के घरों में जाकर सभाएं करते हुए अपने लिए वोट मांग रहे हैं तो वहीं प्रशासन विभिन्न आयोजन कर उनके वोट के महत्व को बताते हुए मतदान की अपील कर रहा है। राजनीतिक दलों और प्रशासन के उत्साह और आयोजनों ने मतदाताओं में चुनाव को लेकर काफी जोश जगा दिया है।

अल्फाज के युवा साथियों ने पढ़ी मतदान केंद्रित कविताएं। कविताओं के माध्यम से मतदान के लिए किया जागरूक। अल्फाज संस्था ने अपने विचार रख बताया मतदान का महत्व। गीतकार मयंक शर्मा और दोहाकार राजीव प्रखर रहे मुख्य अतिथि। संस्थापिका अभिव्यक्ति सिन्हा ने काव्यपाठ करने के उपरांत की आभार अभिव्यक्ति। सह संस्थापक अमर सक्सैना ने पढ़ी कविता 'मैं भी मतदान करूंगा'। अक्षत थरेजा ने सुनाई मतदान पर कविता। मंजू लता सक्सैना, पंकज शर्मा, आकांक्षा, मोहिनी, आदि लोगों ने अपनी बात से की मतदान की अपील। सूरज सक्सैना, नमिता, कुसुम, ममता, सुनीता, रेखा, शशि, आदि रहे श्रोता। संचालन राघव गुप्ता ने किया। ऋषभ सक्सैना ने देखा मैनेजमेंट।

## शोभायात्रा में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया

# धूमधाम से निकाली गई बाबा साहेब डा० भीमराव अम्बेडकर की विशाल शोभायात्रा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** सोमवार को बनिया खेड़ा ब्लॉक के ग्राम मौलागढ़ अंबेडकर पार्क से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भारत रत्न बाबा साहेब डा0 भीमराव अम्बेडकर का 133 वॉ जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस वार जन्मोत्सव पर महिलाओ ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और नगर में निकलने वाली भव्य शोभायात्रा में शमिल हुई। शोभायात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा फीता काटकर किया गया साथ ही

बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर वौद्व बन्दना की गई। और अध्यक्ष द्वारा बैच लगाकर सभी को सम्मानित किया गया शोभायात्रा में भगवान वौद्व की झांकी दर्शको के लिए अकर्षक का केन्द्र रही।इस शोभायात्रा में डीजे पर बाबा साहेब के गाने पर युवा शक्ति व महिला शक्ति हजारों की संख्या में जय-जय भीम के नारे के साथ झुमते नजर आये। शोभायात्रा में सबसे पहले युवा पंचशील का झण्डा लेकर चल रहे थे। उनके पीछे ढोल नगाड़ों के साथ बाबा साहेब की झांकी थी। उनके पीछे भगवान वौद्व की झांकी के साथ एक के पीछे एक डीजे की धुन पर युवा नचाते नजार आये। वही महिला शक्ति भी बाबा साहेब के गानो की धुन पर भी झुमती नजर आई। इस बार शोभायात्रा नगर में चर्चा का विषय बनी रही। शोभा यात्रा का नगर में जगह-जगह फूलो से स्वागत किया गया।

यह शोभायात्रा ग्राम मौलागढ़ से होते हुए,मौलागढ़ अंबेडकर पार्क, विकास





नगर विकास नगर होते हुए मौलागढ़ स्थित अंबेडकर पार्क पर सभा मे तब्दील हो गई। जहॉ पर समिति के पदाधिकारियों के साथ मुख्य अतिथि द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। और समारोह में मुख्य वक्ताओं द्वारा बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान मुख्य रूप से मौजूद रहे। भिक्षुणी धम्मानिया, सतीश प्रेमी, रामरूप सिंह, नरेंद्रकुमार, रामौतार, राजेश कुमार, अमर पाल, विजय सिंह, कुलदीप, अनिकेत कुमार, रोहित कुमार, बंटी, हरवीर बौद्ध, अशोक कुमार, जीतू कुमार, राजीव कुमार, करतार सिंह आदि।

# चोरी की मोटरसाइकिल व अवैध शस्त्र के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** पुलिस अधीक्षक जनपद संभल के निर्देशन में जनपद संभल में कानून व्यवस्था अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बनियाढेर द्वारा अलावलपुर की पुलिया ग्राम अलावलपुर से थाना बनिया ढेर पर पंजीकृत मुअस 115/2024 धारा 379 भादवि के अभियुक्त ताहिर उर्फ बुंदु पुत्र जाहिद निवासी मोहल्ला बंजारी कुआं कस्बा नरौली थाना बनिया ढेर जनपद संभल को एक अवैध तमंचा 315 बोर व एक मोटरसाइकिल नंबर up,24 s6317 के साथ गिरफ्तार किया गया



गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक आकाश कांस्टेबल मौसम राम कांस्टेबल विपिन कुमार थे।

# बाबा साहेब का जन्म महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया

बुलन्द संदेश्ज्ञ ब्यूरो

**बरेली (सददाम खान)।** भमोरा थाना क्षेत्र के गांव रामपुर कांकर में इस बार भी हर वर्ष की तरह बड़ी धूमधाम से बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती समारोह मनाया गया इस मौके पर सुबोध वर्जन ने कहा बाबा साहब द्वारा लिखित संविधान के ही वजह से आज हमारे समाज के बहुत से लोग ऊंचे ऊंचे पदों पर बैठे हैं लेकिन उन्हें समाज की बिल्कुल भी परवाह नहीं है वहीं कुछ गांव




वालों पर आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ लोग राजनीतिक की वजह से हमारा प्रोग्राम में कुछ दिक्कत पैदा करते हैं ओमपाल सागर ने कहा बाबा साहब के संविधान की वजह से ही हमारे सामाज के कुछ लोग प्रधान विधायक सांसद मंत्री भी बन बैठे हैं लेकिन वह बाबा साहब के योगदान को भूल गए हैं हम सब को आज बाबा साहब के बताए हुए रास्ते पर चलने की जरूरत है तभी समाज आगे बढ़ेगा।

# सीकर हादसा: मेरठ में मची चीत्कार, सिसकियों संग गुजरी रात, आज पहुंचेंगे शव, खंदक बाजार बंद

**मेरठ (आरएनएस)।** राजस्थान के सीकर में सात लोगों के मरने की मनहूस खबर मेरठ पहुंची तो कोहराम मच गया। हार्दिक बिंदल का पूरा परिवार खत्म हो गया है। मौसी नीलम और उनके बेटे आशुतोष की भी मौत हो गई है। दोनों परिवारों का दुख इतना है कि शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। रिश्तेदारों की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। किसी की समझ में नहीं आ रहा है कि ढाढ़स बंधाएं तो कैसे बंधाएं। रात से दोनों परिवारों के घर पर सिसकियां गूंज रही हैं। परिचित-रिश्तेदार शवों के इंतजार में हैं। हर कोई यही कह रहा है कि ये क्या हो गया। राजस्थान के सीकर में सात लोगों के मरने की मनहूस खबर मेरठ पहुंची तो कोहराम मच गया। हार्दिक बिंदल का पूरा परिवार खत्म हो गया है। मौसी नीलम और उनके बेटे आशुतोष की भी मौत हो गई है। दोनों परिवारों का दुख इतना है कि शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। रिश्तेदारों की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। किसी की समझ में नहीं आ रहा है कि ढाढ़स बंधाएं तो कैसे बंधाएं। रात से दोनों परिवारों के घर पर सिसकियां गूंज रही हैं। परिचित-रिश्तेदार शवों के इंतजार में हैं। हर कोई यही कह रहा है कि ये क्या हो गया। मेरठ में मुकेश गोयल के बेटे और पत्नी की मौत की सूचना पर हैंडलूम वस्त्र व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने आपातकालीन बैठक बुलाकर सोमवार को खंदक बाजार बंद रखने का निर्णय लिया है। व्यापारी प्रतिष्ठान बंद कर शोक व्यक्त करेंगे। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद सोमवार दोपहर तक शव मेरठ पहुंचने की उम्मीद है। उसके बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा। भाजपा के पूर्व विधायक सत्यप्रकाश अग्रवाल के साले स्वर्गीय महेश बिंदल का परिवार ब्रह्मपुरी के शिव शंकरपुरी कॉलोनी में रहता था। परिवार में बेटे हार्दिक बिंदल (40) हार्दिक की पत्नी स्वाति बिंदल (37) बेटी सिदीक्षा (6) नितीशा (2) और मां मंजु (62) थीं। हार्दिक शारदा रोड पर देसी तड़का नाम से रेस्टोरेंट और गारमेंट की दुकान करते थे। शादी के बाद गठजोड़ की रस्म के चलते परिवार को दर्शन करने सीकर जीण माता के मंदिर में जाना था। शनिवार को हार्दिक अपने परिवार और माधवपुरम के आरके पुरम में रहने वाली मौसी नीलम (55) व उनके बेटे आशुतोष (35) के साथ सेंट्रो कार से निकले थे। जीण माता के दर्शन करने के बाद रविवार को पूरा परिवार सालासर बालाजी के दर्शन करने जा रहा था। शाम को सीकर जिले में फतेहपुर कोतवाली थाना क्षेत्र की आशीर्वाद पुलिया के पास कार आगे चल रहे ट्रक में घुस गई। भीषण टक्कर के बाद कार और ट्रक में आग लग गई। कार लॉक होने के कारण पीछे बैठे लोग बाहर नहीं निकल पाए। पलभर में परिवार के सभी सात लोग जिंदा जल गए। सूचना पर जब तक फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची, तब तक कार पूरी तरह से जल चुकी थी। शव बुरी तरह से जल गए थे। गाड़ी की नंबर प्लेट भी जल चुकी थी।

**मोबाइल में मिले सिम से हुई पहचान**

कार के पूरी तरह से जलने के कारण मृतकों की पहचान कर पाना मुश्किल था। कार में एक अधजला मोबाइल मिला तो उसमें से पुलिस ने सिम निकालकर दूसरे मोबाइल में डाल लिया। फोन आने पर पता चला कि सभी मृतक मेरठ के रहने वाले हैं। इसके बाद पुलिस ने मेरठ में फोन करके सूचना दी। आशुतोष की बहन नेहा ने फोन सुना। इसके बाद हार्दिक के ताऊ को सूचना दी गई। रिश्तेदार शवों को लाने के लिए सीकर पहुंच गए हैं। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शवों को मेरठ लाया जाएगा।

# अधिकारियों के निर्देश पर अब कस्तूरबा गांधी विद्यालय में रात में दर्ज होगी शिक्षिकाओं और छात्राओं की उपस्थिति

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रदेश में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में नियमित शिक्षिकाओं व छात्राओं के रात में विद्यालय छोड़कर जाने का मामला विभाग के संज्ञान में आने के बाद इस पर सख्ती करते हुए बेसिक शिक्षा विभाग ने शिक्षिकाओं व छात्राओं की रात में भी उपस्थिति दर्ज करने और ऑनलाइन इसे प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश-दिए हैं। जानकारी के अनुसार शिक्षिकाओं, -छात्राओं के रात में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में वार्डेन के साथ ही पूर्णकालिक शिक्षिकाओं व छात्राओं की रहने की व्यवस्था है।




लेकिन, हाल में कराए गए निरीक्षण में पूर्णकालिक शिक्षिकाओं व छात्राएं रात में विद्यालय परिसर में नहीं मिली। रात में वे अपने घर चली जाती थीं। इसे देखते हुए शासन ने प्रेरणा तकनीकी फ्रेमवर्क को लागू करने और रात में बालिका कस्तूरबा आवासीय विद्यालय की इस व्यवस्था को सख्ती से लागू किया जाए। शिक्षिकाएं ऑनलाइन छात्राओं की उपस्थिति लेकर प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड करेंगी । साथ ही अपनी खुद की भी फोटो सहित उपस्थिति पोर्टल पर रात नौ से साढ़े नौ बजे के बीच अपलोड करेंगी। इस व्यवस्था का समय समय पर औचक निरीक्षण भी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि अनेक विद्यालयों में पूर्णकालिक शिक्षिकाएं देर शाम को अपने घर चली जाती हैं कुछ विद्यालयों में नियम कानून ताक पर रखकर कुछ शिक्षिकाएं आवासीय विद्यालय में अपने पति एवं बच्चों के साथ रह रही है । इनकी भी उपस्थिति दर्ज करने का फैसला किया है। अपर मुख्य सचिव से इस मामले में विभाग के आला अधिकारियों ने शिकायत की है।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत निकाली गई मतदाता जागरुक रैली

बुलन्द संदेश ब्यूरो


**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना )।** सोमवार को श्री संग्राम सिंह इंटर कालेज सैदपुर गंगू में छात्र-छात्राओं द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली द्वारा जनता को किया गया जागरुक,पहल मतदान फिर जलपान वोट करना आपका अधिकार है।



## चैत्र नवरात्रि के सातवें दिन मंदिरों में मां कालरात्रि की पूजा की गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** सोमवार को नगर के देवी मंदिरों में मां कालरात्रि की पूजा अर्चना की गई बताते चले की मां कालरात्रि की पूजा सातवें दिन बड़ी विधि विधान से की गई हिंदू शास्त्र में मां कालरात्रि को शुभंकरी महायोगेश्वरी और महायोगिनी भी कहा जाता है माना जाता है कि कालरात्रि माता शनि ग्रह को नियंत्रित करती हैं और मां की पूजा से शनि के दुष्प्रभाव दूर होते हैं कहा जाता है की मां कालरात्रि की पूजा और उपवास करने से नकारात्मक शक्तियां दूर हो जाती हैं और



आरोग्य की प्राप्ति होती है मां कालरात्रि की पूजा करते हुए लाल रंग के वस्त्र पहनना बहुत शुभ माना जाता है मां कालरात्रि को गुड अति प्रिय माना जाता है जिसके चलते माता रानी को गुड़ का भोग लगाया जाता है।

# सुदामा चरित्र एवं रुक्मणी विवाह के साथ कथा संपन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी)।** हिंदू नव वर्ष 9 अप्रैल से प्रारंभ सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ अमरपुर काशी के द्वारा आयोजित माता चामुंडा देवी स्थान पर चल रही सात दिवसीय कथा का विश्राम कथा व्यास आचार्य पंडित ओम शास्त्री के मुखारविंद से सुदामा चरित्र एवं रुक्मणी विवाह के साथ संपन्न हुई ।

कथा व्यास के स्थल पर पहुंचते ही भक्तों ने पुष्प वर्षा करके स्वागत किया व्यास पीठ एवं कथा व्यास का तिलक पूजन मुख्य अजमान एवं सह यजमान के द्वारा श्रद्धा भाव से करने के पश्चात पंडित मोहनलाल शर्मा सेवा भारती नगर अध्यक्ष बिलारी अपनी धर्मपत्नी के साथ पगड़ी पहनकर पटका भेंट कर माल्यार्पण किया एवं संगीत के बांधों को तिलक दक्षिण प्रदान किया ।

ठाकुर हरि सिंह पूर्व प्रधानाचार्य सादिक कलिजपुर ठाकुर विनय राठौर चंदौसी सविता राठौर सोनू अभिषेक संगीत सौरभ कठेरिया एवं विजय यादव जे पी सिंह यादव पूर्व उप निरीक्षक संचालक पहल कोचिंग सेंटर नेशनल हाईवे अमरपुर काशी सुरेंद्र सिंह आचार्य जगन्नाथ यादव ठाकुर पान सिंह चौहान ठाकुर अरविंद सिंह चौहान सुशीला सैनी शकुंतला चौहान सुषमा सैनी ललिता सैनी शिवानी सैनी रचना यादव रघुवीर यादव राम खिलाड़ी यादव खंधारी यादव बड़ी संख्या में दर्जनों गांव के भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी।






राजकुमार यादव ठाकुर सोमपाल सिंह तोमर डॉक्टर रामशरण सिंह डॉक्टर वीरेंद्र राठौर देवेंद्र तोमर महेंद्र सैनी राजेश कुमार दिवाकर एडवोकेट सुरेंद्र सिंह रेणु ठाकुर आदि ने कथा में भाग लिया। समिति के आयोजकों को ब्याज संबंध से कथा व्यास ने सभी को तिलक कर पगड़ी पहनकर प्रसाद देकर आशीर्वाद के साथ सम्मानित किया कथा का कुशल संचालन सेवा भारती जिला अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जीवन धारा नमामि गंगे फाउंडेशन एवं प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने किया।


चामुंडा मंदिर के टाइल्स निर्माण के कार्य करने हेतु रघुराज यादव अध्यक्ष के द्वारा भेज कर नापतोल कराया गया। शिका टाइल्स लगाने का कार्य प्रारंभ होगा । पूरे गांव की सुख समृद्धि हेतु कल महागौरी अष्टमी को सामूहिक यज्ञ का आयोजन होगा एवं प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

**पूजन** | नवरात्रि के नौ दिनों में मां अपने अलग-अलग स्वरूप में आकर वरदान देती हैं : संगीता भार्गव

# एबीसी किड्स मोंटेसरी स्कूल में नौ देवियों के स्वरूपों का पूजन किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** सोमवार को नगर के स्टेशन रोड स्थित एबीसी किड्स मोंटेसरी स्कूल में नवरात्रि के पावन पर्व पर स्कूल की छोटी-छोटी कन्याओं का नौ देवियों के रूप में पूजन कर उनका भोग लगाया गया । इसके बाद उनको भेंट देकर उनसे आशीर्वाद लिया। स्कूल संचालिका संगीता भार्गव ने बताया कि नवरात्र के नौ दिनों तक मां दुर्गा के अलग-अलग रूपों की पूजा और व्रत किया जाता है। इन नौ दिन में हर दिन मां अपने अलग-अलग स्वरूपों में आकर हमको वरदान देती है। पहली शैलपुत्री, दूसरी ब्रह्मचारिणी, तीसरी चंद्रघंटा, चौथी कूष्मांडा, पांचवी स्कंध माता, छठी कात्यायिनी, सातवीं कालरात्रि, आठवीं महागौरी और नौवीं सिद्धिदात्री। ये मां दुर्गा के नौ रुप हैं। इस दौरान हम अपने स्कूल में हर साल अपने स्कूल



की छोटी-छोटी कन्याओं का पूजन करते हैं और उनका भोग भी लगाते हैं। उनको भेट देकर उनसे आशीर्वाद लेते है। कार्यक्रम का शुभारंभ देवी मां दुर्गा के नौ रूपों की भव्य आरती और पूजन करके किया गया।उसके बाद स्कूल की छोटी-छोटी कन्याओं का पूजन किया गया उनका लाल चुन्दरी पहना कर श्रृंगार किया गया तथा फल उपहार दही जलेबी की भेंट दी गई ।इस दौरान इस दौरान सभी शिक्षिकाओं ने कन्याओं के पैर छूकर आशीर्वाद लिया तथा कन्याओं ने स्कूल में नौ देवियों के रूप को धारण कर स्कूल में भक्तिमय वातावरण का निर्माण किया । पूजन में दिव्या, नेहा ,सोनम, नीरज,निशा, शालू, श्वेता, कोमल, दीपाली, सरिता, संतोष,अनुषा,मनप्रीत, काजल,अर्शी,रक्षा, दीक्षा, दिव्या,रूपाली,मंतषा, मीनू, इशिता, पारुल,शिखा आदि शिक्षिकाओं का सहयोग रहा ।

# पुलिस ने दस वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** पुलिस अधीक्षक जनपद संभल तहत थाना बनियाढेर मुङ्गअङ्गसङ्ग 116/24 धारा 147/149/ 323/504/ 506 भादवि मैं वांछित आतिफ पुत्र मशहूर, नजीर, राहत पुत्र नजीर, नसीम पुत्र नजीर, नजीर पुत्र कल्लू खां निवासी ग्राम जनैटा थाना बनिया ढेर जनपद संभल



के निर्देशन में जनपद संभल में कानून व्यवस्था अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के मंसूर अली पुत्र भरे, फराज पुत्र मशरूर , मशरुर पुत्र भरे, अब्दुल पुत्र वली मोहम्मद, तालिब पुत्र नजीर, वसीम पुत्र को उ नि हिमांशु गौतम द्वारा मय पुलिस टीम के ग्राम जनैटा से गिरफ्तार किया गया।

# कानपुर में सातवीं बार टला सपा विधायक पर कोर्ट का फैसला,अब सुनंवाई 20 को

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** यहां आगजनी मामले में आरोपी समाजवादी पार्टी के विधायक इरफान सोलंकी पर आज 15 अप्रैल को होने वाला फैसला सातवीं बार टल गया है। यहां का एमपी एमएलए कोर्ट अब उनके मामले की सुनवाई 20 अप्रैल को करेगा।

कोर्ट इसके पहले पिछली 5 तारीखों पर फैसला टाल चुकी है। अब छठी बार आज 15 अप्रैल को फैसला आना था लेकिन आज या फैसला सातवीं बार टल गया। अब 20 अप्रैल को सुनवाई होगी।

अवगत कराते चलें कि यहां की नजीर फातिमा ने वीते साल 8 नवंबर को जाजमऊ थाने में समाजवादी पार्टी के विधायक इरफान सोलंकी उनके भाई जज्बा सोलंकी समय कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था । घटना के मामले में वादिनी का आरोप था कि कानपुर सीसामऊ के विधायक हाजी इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान सोलंकी ने अपने गुंडों के साथ प्लॉट पर कब्जा करने की नीयत से 7 नवंबर को उनका अस्थाई घर फूंक दिया था।

इसी मामले में दर्ज मुकदमे की एमपी/एमएलए फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई पूरी हो चुकी है। बस अब फैसला आना है।

सपा विधायक इरफान सोलंकी के इस मामले में पहले भी कोर्ट ने फैसला सुनाने को लेकर 14 मार्च फिर 19, 22, 28 मार्च और फिर 4 अप्रैल को फैसला सुनाने को लेकर तारीख दी थी, लेकिन इन पांचों तारीखों पर फैसला टाल कर इसकी अगली तारीख आज 15 अप्रैल दी गई थी लेकिन कोर्ट ने आज भी फैसला टाल दिया है। अब 20 अप्रैल को सुनवाई होगी। इस मामले में यहां की कमिश्नर पुलिस तगड़ी तैयारी के साथ पहले से ही सक्रिय थी।

# प्राथमिक विद्यालय हरदत्तपुर में मनाया गया वार्षिकोत्सव और स्वागत समारोह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूं/सहसवान ।** शासन के निर्देशानुसार परिषदीय विद्यालयों द्वारा अभिभावकों समाज और छात्र छात्राओं को विद्यालय की प्रगति से अवगत कराने के लिये और विद्यालयों को आकर्षण का केन्द्र बनाये रखने के लिए विभिन्न कार्यक्रम कराए जाते हैं। इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय हरदत्तपुर में वार्षिकोत्सव और स्वागत समारोह मनाया गया ।

कक्षा में प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त छात्र छात्राओं को और उनके अभिभावकों पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ए.आर.पी ओमप्रकाश ने की तथा संचालन नोडल टीचर अजीत सिंह ने किया। इस अवसर पर संकुल शिक्षक इकबाल अहमद नरेश पाल , प्रमोद कुमार, ज्योति शर्मा, सुन्दरलाल, विजय सिंह, दिनेश कुमार, रामकुमार, तथा अभिभावकों में एस एम सी अध्यक्ष मनोज, परवेश,मोहनलाल, रतनलाल, सतीश, शिवकुमार, नेतराम, महावीर, किशन पाल, महावीर, भूरी, सोनी, आदि मौजूद रहे कक्षा में प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त छात्र छात्राओं को और उनके अभिभावकों पुरस्कृत सम्मानित किया गया ।






# ऑल इण्डिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड की बैठक, 17 अप्रैल को विरोध प्रदर्शन का ऐलान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ ।** ऑल इण्डिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव, मौलाना यासूब अब्बास के अवास,अवध प्वाइंट, नक्खास, लखनऊ में आज दिनांक 15 अप्रैल, 2024 को एक प्रेसवार्ता हुई जिसे ऑल इण्डिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष, मौलाना सैयद साएम मेंहदी और बोर्ड महासचिव, मौलाना यासूब अब्बास ने सम्बोधित किया।



मौलाना यासूब अब्बास ने बाताया कि आज से 101 वर्ष पूर्व जन्नतुल-बकी मदीना में रसूले इस्लाम स.अ. की बेटी जनाबे फातिमा स.अ. और हमारे 04 इमामों के रोजों को आले सऊद ने ध्वस्त कर दिया था जिसके विरोध में हर साल प्रर्दशन होते हैं और रौजों को दोबारा निर्माण कराने की मांग की जाती है लेकिन सऊदी अरब हुकूमत ने न तो रौजों को बनवाया है और न ही हमें बनाने की इजाजत देते हैं। मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि इस्लाम धर्म में जोर जबरदस्ती नहीं है अपने नजरयात जबरदस्ती दूसरों पर लादने को इस्लाम मना करता है लेकिन सऊदी अरब अपनी विचारधारा को समस्त मुसलमानों पर लागू करना चाहता है इसी संदर्भ में मेरी ओर से 17 अप्रैल, 2024 को दिन में 12:30 बजे, शहीद स्मारक, लखनऊ में सऊदी हुकूमत के खिलाफ एक विशाल विरोध प्रर्दशन (एहतिजाज) का आयोजन किया गया है। जो शान्तिपूर्ण तरीके से सऊदी अरब की हुकूमत के खिलाफ होगा जिसमें बड़ी संख्या में उलेमा, खुतबा, मातमी अन्जुमनें, शोअरा और बहुत बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। बोर्ड के महासचिव, मौलाना यासूब अब्बास ने बड़ी संख्या में लोगों से इस विरोध प्रर्दशन में शामिल होने की अपील की।

इस प्रेसवार्ता में मौलाना मिर्जा जाफर अब्बास, मौलाना एजाज अतहर, मौलाना इन्तिजाम हैदर समेत कई अन्य धर्म गुरु शामिल हुए।

# अंतरराष्ट्रीय लेखक,पत्रकार डॉ. शम्भू पवार डॉ.अंबेडकर कीर्ति अवार्ड से सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली ।** अखिल भारतीय मठ सतगुरु कबीर आश्रम सेवा संस्थान बड़ी खाटू द्वारा भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर जयंती पर डॉ.अंबेडकर कीर्ति अवार्ड समारोह 2024 का आयोजन किया गया।

कबीर मठ के महंत भारत भूषण डॉ.नानक दास महाराज के सानिध्य में नागोर के फरडोद ग्राम में आयोजित समारोह में चिड़ावा के अंतरराष्ट्रीय ख्यातिनाम लेखक ,पत्रकार, विचारक एवं धरा गवर्नर डॉ. शम्भू पंवार को डॉ.अंबेडकर कीर्ति अवार्ड से सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सूरत, गुजरात के कस्टम व सीजीसटी असिस्टेंट कमिश्नर डी. आर. रेवाला ,अति विशिष्ट अतिथि धरा धाम इंटरनेशनल के प्रमुख एवम मानद कुलपति सौहार्द शिरोमणी डॉ.सौरभ , इसरो के वैज्ञानिक रवि कुमार वर्मा, पद्मश्री हिम्मत राम भांबू ने वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर डॉ.शंभू पंवार को एक कस्बे से पत्रकारिता शुरू कर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक अपनी सार्थक व सटीक लेखनी से अजा,जजा, निर्धन, असहाय,जरूरतमंद की आवाज को बुलंद करने एवम सामाजिक सरोकारों में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ.अंबेडकर कीर्ति अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया । उल्लेखनीय है कि डॉ.शंभू पंवार गत 38 वर्ष से पत्रकारिता व लेखन के क्षेत्र में कार्य कर रहे है। वैश्विक स्तर पर साहित्य,समाज सेवा,पर्यावरण, मानवीय सेवा , गौ सेवा के क्षेत्र में महती भूमिका निभा रहे है । इनको पूर्व में भी पत्रकारिता एवम सामाजिक सरोकारों के लिए अनेक राष्ट्रीय एवम अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड व उपाधियों से नवाजा जा चुका है। डॉ.पंवार को देश विदेश से सामाजिक, साहित्यिक संस्थाओं एवम नामचीन साहित्यिक विभूतियों ने खुशी जाहिर करते हुवे, बधाई प्रेषित की है।




# शिक्षाविद डॉ.निशा अग्रवाल की चार पुस्तके लोकार्पित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ख्यातीनाम लेखिका,साहित्यकार एवम शिक्षाविद डॉ.निशा अग्रवाल की चार पुस्तके युवा पीढ़ी के बढ़ते कदम, बाल शिक्षा में नवाचार , मशीनों की बुद्धिमताः एक अध्ययन और योग शिक्षण का जयपुर में समारोह पूर्वक भव्य लोकार्पण हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धरा धाम प्रमुख, मानद कलपति सौहार्द शिरोमणि संत डॉ सौरभ पाण्डेय , विशिष्ट अतिथि के रूप में उर्दू पाठ्यक्रम समिति यूपी के सदस्य डॉ अहसान अहमद, निरोजा ग्रीन इंडिया परिवार फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. नीरज गुप्ता, विश्व रिकॉर्ड होल्डर एवं अंतरराष्ट्रीय पत्रकार डॉ शंभू पंवार, समाज सेवी समीर पांडेय एवं सैयद सादान उपस्थित रहे। अतिथियों का मैंथलीशरण अग्रवाल ने साफा और माला पहना कर स्वागत किया। लेखिका डॉ.निशा अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में अपनी पुस्तक युवा पीढ़ी के बढ़ते कदम" के माध्यम से, हम युवा पीढ़ी के साथ संवाद को बढ़ावा देते हैं और उनकी अवधारणाओं, विचारों और दृष्टिकोणों को समझते हैं। इस पुस्तक का उद्देश्य युवा पीढ़ी को निरंतर उत्साहित करना है ताकि वे समाज में अपना नया और सकारात्मक योगदान कर सकें। इस तरह बाल शिक्षा में नवाचार पुस्तक नवीनतम शिक्षण पद्धतियों, शिक्षा मानकों, और बालकों की जरूरतों का विवेचन करती है। यह शिक्षा के क्षेत्र में नए और अद्वितीय दृष्टिकोण और तकनीकों का परिचय देती है ताकि शिक्षकों और शिक्षिकाओं को अपने शिक्षा कौशल को मजबूत करने का मार्गदर्शन किया जा सके।अंत में अरुण कुमार ने आभार व्यक्त किया।



# मुस्लिम इदरीशी महासभा की बैठक में दर्जी समाज के उत्थान और विकास पर विस्तार से की गयी चर्चा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अयोध्या।** मुस्लिम इदरीशी महासभा इदरीसिया (दर्जी) समाज की वार्षिक बैठक उस्ताद देग की फातिहा के मुबारक मौके पर आज मया ब्लॉक के बेरासपुर में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का आगाज आयते कलामुल्लाह अल्लाह के मुकद्दस कलाम से शुरू हुआ।

और नातिया कलाम पेश करते हुये बुजुर्ग मौलवी अब्दुल जब्बार ने हजरते इदरीस अलैहिस्सलाम के बयानात पेश किये। जिसमें मुख्यअतिथि के रूप में मुस्लिम इदरीशी महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रमुख महाराष्ट्र जनाब मसूद हक्कानी इदरीशी जी ने सभा को सम्बोधित करते हुये समाज को एकजुट करने आपसी मेल-मिलाप ,भाईचारा कायम रखने वा समाज को संगठित रहने की बात कहीं। और विशिष्ट अतिथि के रूप में मुस्लिम इदरीशी महासभा अम्बेडकर नगर के जिला संगठन मंत्री नसीम इदरीशी ने समाज के विकास पर अपनी राय बेबाकी से रखीं। एवं तुगलकाबाद नई दिल्ली से आये शौकत अली और मोहम्मद समीर ने समाज के प्रति हर विषम परिस्थिति में अपने समाज की हर तरह से खिदमत करने की बात कहीं।

**मुस्लिम इदरीशी महासभा मया ब्लॉक अध्यक्ष एवं जिगिनियाँ सरजमीं आस्ताने के खादिम वा युवा समाजसेवी मास्टर मुबारक अली इदरीशी जी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुये अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के हित में चलाई जा रही प्री - मैट्रिक ,पोस्ट मैट्रिक, मेरिट कम मीन्स, बेगम हजरत महल वा मौलाना आजाद शादी शगुन जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं एवं क्रान्तिकारी वीर अब्दुल हमीद के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला।**

मुस्लिम इदरीशी महासभा मया ब्लॉक अध्यक्ष एवं जिगिनियाँ सरजमीं आस्ताने के खादिम वा युवा समाजसेवी मास्टर मुबारक अली इदरीशी जी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुये अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के हित में चलाई जा रही प्री - मैट्रिक ,पोस्ट मैट्रिक, मेरिट कम मीन्स, बेगम हजरत महल व मौलाना आजाद शादी शगुन जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं एवं क्रान्तिकारी वीर अब्दुल हमीद के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। बैठक में इदरीसिया( दर्जी )समाज से जुड़ी कई समस्याओं और मामलों का बिरादरी की सर्वसम्मति से निस्तारण भी किया गया।

और अन्त में कार्यक्रम का समापन कार्यक्रम का संचालन कर रहे मुस्लिम इदरीशी महासभा के मया ब्लॉक अध्यक्ष मास्टर मुबारक अली इदरीशी सहित सभी बिरादरी के लोगों ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जनाब मसूद हक्कानी इदरीशी जी को माला पहनाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर उन्हें सम्मानित भी किया गया।इस अवसर पर बिरादरी के चौधरी मौलवी अब्दुल जब्बार, पूर्व चौधरी जाबिर अली, मास्टर राहत अली सलमानी,उस्मान गनी,सोहराब अली,जियाउल्ला, मुसीबत अली, मोहम्मद मुस्लिम, मोहम्मद कैफ इदरीशी, मेराज अली, बरकत अली,असगर अली एवं इरशाद इदरीशी पार्षद नगर निगम अयोध्या सहित बड़ी संख्या में इदरीशी बिरादरी के लोग मौजूद रहें।

# भारत के लोगों को मोदी की गारंटी पर विश्वास है: धनखड़

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली ।** पश्चिमी दिल्ली लोकसभा का कार्यकर्ता सम्मेलन आज बहुत ही उत्साह पूर्वक सम्पन्न हुआ हरी नगर स्थित क्वात्रा टेंट में आयोजित इस कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रदेश भाजपा के प्रभारी ओपी धनखड़, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विरेन्द्र सचदेवा, प्रदेश भाजपा के संगठन महामंत्री पवन राणा, पश्चिमी दिल्ली लोकसभा की भाजपा प्रत्याशी कमलजीत शहरावत, पश्चिमी दिल्ली लोकसभा के प्रभारी जय प्रकाश जेपी, वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव बब्बर,पवन शर्मा,लोकसभा चुनाव संयोजक सुमन शर्मा, पश्चिमी जिला अध्यक्ष राजकुमार ग्रोवर, नजफगढ़ जिला अध्यक्ष रमेश शौखंदा, प्रदेश उपाध्यक्ष , मोहन लाल गेहरा, आदि नेता मंच पर मौजूद रहे इस कार्यकर्ता सम्मेलन में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता समुची पश्चिमी दिल्ली से पहुंचे कार्यकर्ताओ में बहुत ही उत्साह भरा हुआ था और जो राम को लाये है हम उनको लायेंगे दिल्ली में फिर से भगवा फहराएंगे के गीत पर नाच रहे थे, प्रदेश भाजपा प्रभारी ओम प्रकाश धनखड़ ने अपने जोशीले अंदाज के भाषण में कार्यकर्तओ में जोश भर दिया पश्चिमी दिल्ली लोकसभा चुनाव प्रत्याशी कमलजीत शहरावत ने शहराना अंदाज में अपना भाषण देकर कार्यकर्ताओ में एक नई उमंग पैदा कर दी, संगठन महामंत्री पवन राणा ने कार्यकताओं को चुनाव मैदान में मतदाताओ को अपनी और आकर्षित करने के टीप्स बताये एवं मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर घर जाकर बताने के लिए कहा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विरेन्द्र सचदेवा ने कार्यकताओं को चुनाव के लिए कमर कसकर अपने काम में लगने की हिदायत दी। पश्चिमी दिल्ली लोकसभा के इस कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओ का उत्साह देख कर लगता है की कमलजीत शहरावत की जीत तय है मंच संचालन की जिम्मेदारी सुमन शर्मा ने निभाई। व्यवस्था की जिम्मेदारी गगन साहनी जनकपुरी और रजिस्ट्रेशन की जिम्मेदारी महिला मोर्चा की बहनो ने बहुत बढ़िया ढंग से निभाई।




# प्रथम चरण के चुनाव के लिए उत्तराखंड रवाना किए गए 440 होम गाड्र्स के जवान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**फर्रुखाबाद।** प्रथम चरण के चुनाव के लिए उत्तराखंड 440 होम गाड्र्स को किया रवाना किया गया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार व होमगार्ड कमांडेंट ने ब्रीफ कर पुलिस लाइन से होमगार्ड को उत्तराखंड के लिए रवाना किया । पुलिस अधीक्षक ने हरी झंडी दिखाकर होमगार्ड को प्रथम चरण के चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए ब्रीफ किया । लोकसभा चुनाव में होम गार्डो की चुनाव संपन्न कराने में व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अहम भूमिका रहेगी। फतेहगढ़ के पुलिस लाइन ग्राउंड से ब्रीफ कर गाड़ियों से रवाना किया गया ।



# डीएम ने स्वयं गेहूं कटाई कर क्राप काटिग का किया शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**फर्रूखाबाद।** सोमवार को जिलाधिकारी के निर्देशन में तहसील सदर परगना पहाड़ा के गांव ढिलावल में गेहूं की कटाई करो क्राप कटिंग का शुभारंभ किया गया। जिले के जिलाधिकारी डॉक्टर बीके सिंह ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ तहसील सदर के गांव ढिलावल निवासी किसान विश्वनाथ के खेत गाटा संख्या 283/0.214 है0 में से 43.5 वर्ग मी0 में क्रॉप कटिंग की गई। इस अवसर पर



जिलाधिकारी ने स्वयं गेहूँ की कटाई कर क्रॉप कटिंग का शुभारंभ किया इस दौरान,महेंद्र सिंह आई ए एस (प्रशिक्षु)एवं प्रशिक्षु उप जिलाधिकारी आशीष भारद्वाज, को क्रॉप कटिंग का प्रशिक्षण दिया गया,उक्त एरिया में क्रॉप कटिंग के परिणाम स्वरूप 18.600 कि0ग्रा0 गेंहूँ उत्पादित हुआ,इस अवसर पर संवंधित अधिकारी व तहसील कर्मी मौजूद रहे।

आयोजन

## शहरी क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रमों में भाजपा प्रत्याशी ने की शिरकत

# विकास के मामले में देश को अग्रणी बनाना चाहती भाजपा : रणजीत सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हिसार (राजेश सलूजा)।** हिसार लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह चौटाला ने कहा है कि भाजपा हर वर्ग की हितैषी पार्टी है। भाजपा शासनकाल में देश व प्रदेश का जो विकास हुआ है, उसे कोई दरकिनार नहीं कर सकता।


रणजीत सिंह चौटाला शहर के वार्ड 6 की गली नंबर 7, टिब्बा दानाशेर व 12 क्वाटर रोड क्षेत्रों में जनसभाओं के दौरान क्षेत्रवासियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीति व नीयत देशहित की है, भाजपा देश को विकास के मामले में अग्रणी बनाना चाहती है और हर नागरिक तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना चाहती है। यही कारण है कि देश के बच्चे–बच्चे की जुबान पर तीसरी बार मोदी सरकार का नारा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अपना वोट उन्हें देकर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में अपना योगदान दें। भाजपा लोकसभा मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम व जलपान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक अनिल अग्रवाल व पवन यादव रहे। इस मौके पर भाजपा नेता रवि सैनी, हिसार लोकसभा प्रभारी लखमी शर्मा, पूर्व जिला महामंत्री प्रवीण पोपली, सब्जी मंडी मंडल अध्यक्ष लोकेश असीजा, ईश्वर सैनी नाटा, सुंदर सोनी, जसवीर यादव, महेंद्र जाट, सुरेंद्र यादव, बबलू यादव, धर्मपाल शर्मा, रामवीर जाट, राधेश्याम सोनी, सोनू कांगड़ा, दीपक वाल्मीकि, विशाल कांगड़ा, रतन जांगड़ा, महेंद्र मरोडिया, नितिन शर्मा, कैलाश वर्मा, प्रताप फौजी, दीपक सोनी व मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।



# ग्रीन वैली स्कूल के मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**फरुखाबाद।** ग्रीन वैली स्कूल फरुर्खाबाद के वार्षिक परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम में विद्यालय के मेधावी नौनिहालों को विद्यालय की प्रधानाचार्या सावरा सिद्दीकी ने मेडल एवं ट्राफी देकर उनके हौसलों में पंख लगा दिए। बताते चलें कि विद्यालय में नौनिहालों को उनके रूचि एवं खेलकूद के साथ जोड़ते हुए शिक्षा दी जाती है। विद्यालय में योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों द्वारा शिक्षण कराया जाता है। विद्यालय में प्रधानाचार्य सावरा सिद्दीकी प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने बाले बच्चों को ट्रॉफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया। उर्जित कुशवाहा को भी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबन्धक रमेश चंद्र राजपूत जी ने सभी मेधावी छात्रों को बधाई एवं आशीर्वाद दिया। इस अवसर बच्चों के माता-पिता एवं विद्यालय के शिक्षकों तालियों से सभी बच्चों का हौंसला बुलंद किया।



# अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह धूमधाम से मनाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी)।** तहसील क्षेत्र के ग्राम अमरपुर काशी मे स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मे अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह धूमधाम से मनाया गया ।
अग्निशमन विभाग के द्वारा पूरे उत्तर प्रदेश में अग्नि सामान सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आदर्श कन्या जूनियर हाई स्कूल अमरपुर काशी के द्वारा जागरूकता रैली निकालकर प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से सभी आचार्यों के सहयोग से फायर स्टेशन बिलारी के प्रभारी देवेंद्र सिंह द्वारा अपनी पूरी टीम के साथ छात्र छात्राओ एवं अभिभावकों को अग्नि सुरक्षा के संबंध में विस्तार से बताया गया। जिसमें बीड़ी सिगरेट जलती हुई ना डालें डालें इससे भयंकर अग्निकांड हो सकता है। माताएं गरम-गरम राख चूल्हे में ना डालें इससे भी भयंकर अग्निकांड हो सकता है बिजली की 60 सर्किट गैस चूल्हे की लीकेज से माचिस की तीली से छोटी सी भूल के कारण अग्निकांड भयंकर रूप ले लेता है। इसलिए हमें इन लापरवाहियों से सावधान रहने की आवश्यकता है । यदि रसोई के एलपीजी सिलेंडर में आग लगे सिलेंडर खड़ा रखा है तो डरने की







आवश्यकता बिल्कुल नहीं है किसी प्लास्टिक की बाल्टी अथवा भीगी हुई झूठ की बोरी से या कंबल से रेगुलेटर के ऊपर ढक दें। ऑक्सीजन न मिलने के कारण अग्नि की लपट तुरंत बंद हो जाएगी घबराने की आवश्यकता नहीं है। जैसे ही कहीं आग लगे तत्काल 112 नंबर अथवा 101 नंबर पर फोन करें। तब तक समाज के लोगों को आवाज लगा लगाकर बुलाकर आग बुझाना प्रारंभ करें। जिससे सफलता मिल जाए। दमकल वाहन का इंतजार करते रहे ।अग्नि प्रयास करके हिम्मत से बुझाते रहें। इस अवसर पर प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने अग्नि विभाग के सभी अतिथियों का पुष्प वर्षा करके तिलक लगाकर जय श्री राम पटका भेंट कर सामूहिक रूप से अभिवादन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कथा व्यास पुरातन छात्र आचार्य पंडित ओम शास्त्री ने किया। कार्यक्रम में ठाकुर पान सिंह चौहान, पूर्व प्रधानाचार्य ने भी विचार व्यक्त किया।
इस अवसर पर लक्ष्मीकांत वर्मा, कपिल कुमार, अनिल कुमार, फायरमैन एलपीजी गैस सिलेंडर में आग लगाकर बुझाने की विधि बताई एवं सूखे पत्ते में आग लगाकर दमकल वाहन के पानी के प्रेशर से बुझा कर दिखाया छोटे फायर सिलेंडर के प्रयोग को भी समझाया। इस अवसर पर बच्चों ने पोस्टर प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया जिन्हें पुरस्कृत किया गया।
कार्यक्रम में कृष्ण वीर सागर, शिवकुमार शर्मा, राकेश प्रजापति, ऋषिपाल सिंह यादव, महेंद्र सैनी पूर्व छात्र, पुष्पेंद्र यादव, गजेंद्र यादव, नेतराम सिंह, नरपत मौर्य, बालिका शिक्षा प्रमुख मीनू यादव, कुमारी भावना यादव, ने छात्राओं को स्वागत गीत एवं पुश वर्ष में सहयोग किया। स्वागत गीत में कुमारी दिव्यांशी सैनी कुमारी लक्ष्मी यादव निशा यादव एवं गुंजन ठाकुर ने भाग लिया।

# चकफाजलपुर में बाबा भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर के किया याद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** सोमवार को ब्लॉक क्षेत्र के निकटवर्ती ग्राम चकफाजलपुर मे डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर मुख्य अतिथियों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित करके याद किया। कार्यक्रम मे भाजपा मंडल





महामंत्री ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर ने बताया कि भीमराव आम्बेडकर, डॉक्टर बाबा साहब आम्बेडकर नाम से लोकप्रिय,भारतीय बहुज्ञ, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, और समाज सुधारक थे ।
उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतो से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था। उन्होंने दलितों की शिक्षा पर जोर दिया उनके पास 16 डिग्रियां थी। कार्यक्रम में जिला संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ अमर सिंह सैनी,मंडल उपाध्यक्ष हाजी मजलूम पाशा,आसिफ पाशा एडवोकेट, मदनपाल सिंह, वीरेंद्र सिंह, खेमचंद, राजा बाबू, सतीश कुमार गौतम, ऋषिपाल सिंह, वीर सिंह, जोगिंदर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# "बुलन्द संदेश "की ग्राउंड रिपोर्ट : कांठ के साप्ताहिक बाजार में "अमीरों के पुराने कपड़ों से गरीबों का 70 में ढक" रहा है तन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)** । नगर में प्रत्येक सोमवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार में अमीरों के पुराने कपड़ों से गरीब लोगों का मात्र ?70 में तन ढक रहा है। नगर में मुख्य बाजार स्थित मनोहर मार्केट में सोमवार को दो दर्जन से ज्यादा पुराने कपड़ों के फड लगते हैं इन पर गरीब लोग कपड़ों की खरीदारी करते हैं। "बुलंद संदेश " ने आज इस बाजार का दौरा किया और पुराने कपड़े बेचने वालों से बातचीत की उन्होंने बताया कि अमीर लोग अपने पुराने कपड़े लोगों को देते हैं उसके बदले में उनको स्टील के बर्तन खरीदने वाले देते हैं' मात्र 20 में साड़ी 40 में पेंट और 30 में शर्ट यहां बिक रही थी। ग्रामीण क्षेत्र से आए गरीब लोग इन पुराने कपड़ों को खरीद रहे थे। इन पुराने कपड़ों में ब्रांडेड कंपनियों की पैंट शर्ट रखी हुई थी आज के आधुनिक युग में ब्रांडेड कंपनियों की पैंट शर्ट काफी महंगी है ।और यहां नई पेंट की सिलाई 250 है शर्ट की सिलाई 200 तक ली जा रही है ऐसे में गरीब लोगों को नए कपड़े सिलवाना काफी मुश्किल है मेहनत मजदूरी करके अपना पेट पाल रहे मजदूरों के पास इतने पैसे भी नहीं है कि वह अपने परिवार को नए कपड़े सिल्वा सके इसीलिए इस बाजार में पुराने कपड़ों की जमकर खरीदारी होती है। पुराने कपड़े बेचने वालों ने बताया कि कुछ पुरुष में महिलाएं संपन्न परिवारों में जाते हैं और उनके यहां से कपड़े ले आते हैं बदले में उनका स्टील के बर्तन अन्य सामान देते हैं।





# कांठ तहसील बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के लिए 22 एवं 23 अप्रैल को होगा नामांकन, 29 अप्रैल को मतदान के बाद चुनाव परिणाम की होगी घोषणा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)** । तहसील बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का चुनाव कराने के लिए गठित एल्डर कमेटी कि आज हुई बैठक में वर्ष 2024 के चुनाव कार्यक्रम को लेकर विचार विमर्श के बाद चुनाव कार्यक्रम घोषित किया गया । 22 एवं 23 अप्रैल को सुबह 11:00 बजे से 2:00 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। आपत्ति व जाँच - 24 अप्रैल को होगी। 25 अप्रैल को 11 से 02 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। मतदान 29 अप्रैल को सुबह 10:00 से 2:00 तक होगा । मतदान के बाद दोपहर 3:00 बजे मतगणना होगी और परिणाम घोषित किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि एल्डर कमेटी का गठन 18 मार्च को किया गया था। कमेटी की सोमवार को हुई बैठक में कमेटी के अध्यक्ष शमशाद अहमद, उपाध्यक्ष गजेंद्र कुमार ,सचिन महावीर सिंह ,सहसचिव डॉक्टर विनीत एडवोकेट, व्यवस्थापक प्रदीप कुमार एडवोकेट, मीडिया प्रभारी दीपक बिश्नोई एडवोकेट मौजूद थे। खबर लिखे जाने मतदाता सूची जारी नहीं हुई थी।



# गोवर्धन पूजा के साथ भगवान श्री कृष्ण को 56 भोग लगाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी )।** श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन का व्यास आचार्य ओम शास्त्री ने भक्ति श्रोता गानों को गोवर्धन पूजा के प्रसंग का तार से कथा सुनाते हुए श्री कृष्ण को छप्पन भोग भक्तों ने प्रस्तुत किया । कथा में अनेक प्रकार के आध्यात्मिक प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा मनुष्य जीवन बहुत ही अनमोल है इसे जितना अधिक ज्ञान की डुबकी लगा सके वह लगाते रहे। कहीं भी किसी भी महीने में पुराण कथा भागवत कथा श्री राम कथा सत्संग प्रवचन यज्ञ हवन आदि कार्यक्रम हो रहे हो अपने व्यस्ततम जीवन से थोड़ा समय निकालकर अवश्य जाना चाहिए इससे व्यक्ति के पाप से छुटकारा मिलता है और जीवन धन्य होता है।
यह जीवन मोह माया के बंधन में फंसा हुआ है इसे हमें अपने नेक कार्यों में लगाकर जीवन को सफल बनाना चाहिए इस अवसर पर बाली सिंह चौहान पुष्पेंद्र तेजभान राघव तेज प्रताप एडवोकेट भारतीय किसान संघ की पूरी टीम राजेश कुमार गुप्त जे पी यादव पूर्व उप निरीक्षक ठाकुर पान सिंह चौहान कृष्ण गोपाल सैनी इससे बड़ी संख्या में भक्ति कथा श्रवण करने पहुंचे। व्यास पीठ से सभी का व्यास के द्वारा सम्मान किया गया मुरादाबाद से धनेश शर्मा, रिया शर्मा, चंद्रावती यादव, सुशीला सैनी, ललिता सैनी, रेनू सिंह, कुमारी आकांक्षा ठाकुर एवं कथा श्रवण करने आसपास के दर्जनों गांव से भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम का संचालन सेवा भारती मुरादाबाद जिला अध्यक्ष पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने किया।
कथा व्यास ने अनेक भक्तों को नशा छोड़ने के लिए आग्रह किया जिसमे रामकिशोर सिंह ने गुटका छोड़ने का संकल्प लिया शराब सिगरेट जुआ जैसी बुरी आदतों को छोड़ने का भी संकल्प लिया गया ।
कथा व्यास ने कहा जो भी अपना नशा छोड़ देंगे उनके घर का शादी विवाह कथा कोई भी संस्कार में निशुल्क संपन्न कराऊंगा। कथा के अंत में संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती को भी स्मरण किया गया । इस दौरान बड़ी संख्या मे भक्तगण मौजूद रहे ।





# प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर में मतदाता स्लोगन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली, "पहले मतदान फिर जलपान"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )** । शासन के निर्देश पर सोमवार को मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बच्चों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली एवं विद्यालय में स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने प्रतिभाग किया' प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर (द्वितीय) छजलैट में विद्यालय के बच्चों शिक्षक शिक्षिकाओं ने गांव में मतदाता जागरूकता रैली निकाली' रैली में बच्चों ने मतदाता जागरूकता के अनेक के नारे लगवाकर नए मतदाता , दिव्यांग मतदाता एवं वृद्ध मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की और मतदान के लिए जागरूक किया' मतदाता जागरूकता रैली गांव में विभिन्न मार्गो से होती हुई स्कूल में आकर समाप्त हो गई। रैली में पंचायत सहायक सलेमपुर शुभम कुमार, इंचार्ज अध्यापिका प्रियंका चौधरी, रोली श्रीवास्तव, लता प्रियंका यादव,मुमताज,आसमा, पारूल चौधरी, विमल कुमार एवं एसएमसी अध्यक्ष मोहम्मद सलमान का सहयोग रहा। इस अवसर पर विद्यालय में स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें वोट के महत्व के विषय में बच्चों ने स्लोगन लिखे ' स्लोगन प्रतियोगिता में बच्चों ने रुचि लेकर प्रतिभाग किया।





# मतदाताओं को जागरूक करने के लिए डायट ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)** । जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) कांठ के उप शिक्षा निदेशक /प्राचार्य डॉक्टर ओपी गुप्ता के निर्देशन में डीएलएड के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ के लोगों ने आज नगर में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता रैली निकाली है और 19 अप्रैल को अधिक से अधिक मतदान करने का आह्वान किया। रैली का शुभारंभ वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र सिंह रावत ने हरी झंडी दिखाकर किया। जागरूकता रैली डायट के प्रशासनिक भवन से प्रारंभ हुई जो तहसील कचहरी परिसर से होते हुए कांठ हरिद्वार मुख्य मार्ग से होते हुए कंबोडिया होटल, मोहल्ला पट्टी वाला होते हुए डायट में समाप्त हुई। रैली में सारे काम छोड़ो सबसे पहले वोट दो, पहले मतदान फिर जलपान, ,बनो देश के भाग्य विधाता अब जागो प्यारे मतदाता' जैसे अनेक जागरूक नारों से लिखी पट्टियां लेकर छात्र छात्राएं हाथों में लेकर चल रहे थे । संस्थान के प्रवक्ता शीतल कुमार ने डीएलएड के छात्र-छात्राओं से मानव श्रृंखला बनवाकर मतदान के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर डॉ सुनील कुमार, डॉ नेहा इकबाल, टीना वर्मा, आशुतोष त्यागी, राशिद अली, अजय विक्रम, आदि मुख्य उपस्थित रहे। मतदाता जागरूकता रैली में डीएलएड प्रशिक्षुओं में मोहम्मद अमन मंसूरी, बिंदेश्वर प्रजापति, विवेक कुमार, युवराज देवल, हर्षिता बिश्नोई, गजेंद्र कुमार, आकाश चौधरी, अनुज कुमार, शिवम कुमार, शिल्पी बिश्नोई, महिमा चौधरी, भावना गुप्ता, आदि मौजूद रहे।



# रुपए बांटने से रोकने को गठित उड़न दस्ता 50 हजार की रिश्वतखोरी में फंसा, तीनों पर रिपोर्ट हुई दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )** । लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को लुभाने के लिए रुपये बांटे जाने से रोकने के लिए गठित उड़नदस्ता ही रिश्वतखोरी में फंस गया है। अमरोहा के प्रापर्टी डीलर दीक्षित शर्मा की कार से बरामद दो लाख रुपये वापस करने के लिए उनसे 50 हजार रुपये की रिश्वत ले ली। प्रापर्टी डीलर की शिकायत पर एसएसपी हेमराज मीना ने सीओ कोतवाली सुनीता दहिया से जांच कराई। उड़न दस्ता में शामिल मजिस्ट्रेट (नलकूप विभाग के अवर अभियंता) सुरजीत कुमार, कैमरामैन सुशील कुमार और सिपाही दुष्यंत के पास से रकम मिल गई। तीनों पर प्राथमिकी दर्ज कर मजिस्ट्रेट व कैमरामैन को हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार अमरोहा के ग्राम नन्हेड़ा अत्यारपुर मूल निवासी दीक्षित शर्मा अब मुरादाबाद में परिवार के साथ रहते हैं। शुक्रवार की शाम वह कार से बुधबाजार के सुपरबाजार मोबाइल का कवर लेने गए थे। कार से बरामद दो लाख रुपये वापस करने को लिए थे 50 हजार रुपए आरोपी की जांच एसएसपी ने कराई थी। । शहर के इंपीरियल तिराहे पर उड़न दस्ते ने चेकिंग के लिए कार रुकवाई। उन्हें कार के डेशबोर्ड में रखे दो लाख रुपये मिले। दीक्षित शर्मा का कहना है कि उन्होंने रुपये व्यापारी से उधार लेकर आने की बात कही। उड़न दस्ते ने उन्हें धमकाया। 50 हजार रुपये लेकर उन्हें छोड़ा। चेकिंग प्वाइंट पर ही पीछे से कार में आकर कैमरामैन सुशील ने रिश्वत ली। दीक्षित शर्मा का कहना है कि उनका व्यापारिक वाहन वाणिज्य कर विभाग ने सीज कर दिया था। उसका जुमार्ना जमा करने के लिए व्यापारी से रुपये उधार लिए थे। इसके बाद उन्होंने एसएसपी से शिकायत की। सीओ को मौके पर आरोपितों से ही धनराशि बरामद कि उसके बाद एसएसपी ने कार्रवाई की।

# कंपोजिट विद्यालय हकीमपुर के बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली, देश हित में मतदान बहुत जरूरी : कपिल सिरोही

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार के निर्देश पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए आज ग्रामपंचायत नेमतुल्ला नगर विद्यालय के छात्र छात्राओं एवं स्टाफ के लोगों ने मुरादाबाद लोकसभा के लिए आगामी 19 अप्रैल कों होने वाले मतदान के लिए मतदाता जागरूकता रैली निकाली । रैली का शुभारंभ उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा संघ के ब्लॉक अध्यक्ष डॉक्टर कपिल सिरोही ने किया उन्होंने मतदाताओं से ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की है। सोमवार को स्कूल के बच्चों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली को संबोधित करते हुए डॉ कपिल सिरोही (अध्यक्ष, उत्तरप्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ छजलैट ) ने कहा कि मतदाता जब बूथ पर पहुंचेगा लोकतंत्र मजबूत होगा उन्होंने देश हित में मतदान करना आवश्यक बताया' जागरूकता रैली में",मतदान करना सभी की जम्मेदारी है", मतदान तभी सफल है जब उसमे सभी की भागेदारी है" पहले मतदान फिर जलपान आदि नारे लगाकर ग्रामीणों कों जागरूक किया गया। रैली में प्रधान अध्यापक समेंदर सिंह, मोनिका विश्नोई, ब्रजबाला, किरन बाला,मिनाक्षी वर्मा, रजनी अरोरा, हरपाल सिंह,पुष्पा देवी (ग्राम सचिव), पूनम विश्नोई (आँगनबाड़ी कार्यकत्री), रिंकू व पायल (आशा वर्कर), विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राए व ग्रामीण उपस्थित रहें।



**निर्देश** राज्य परियोजना निदेशक कंचन वर्मा ने डायट प्राचार्य, बीएसए, खंड शिक्षा अधिकारी, ए आरपी आदि को...

# अप्रैल माह में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करने और विभिन्न लक्ष्य को प्राप्त करने के दिए निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )** । राज्य परियोजना निदेशक कंचन वर्मा ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी खंड शिक्षा अधिकारी, डायट मेंटर, एआरपी एवं एस आर जी को भेजे पत्र में अप्रैल माह में गतिविधियों एवं क्रिया कलापों के किर्यान्वयन, बेहतर समन्वयन, गैप एनालिसिस, सतत अनुश्रवण एवं अकादमिक पहलुओं के संचालन में निर्धारित मासिक समीक्षा बैठकों का आयोजन कराये जाने एवं प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित KPIs को ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। कंचन वर्मा ने अधिकारियों को प्रेषित पत्र में कहा है कि निपुण लक्ष्य ऐप पर अपलोड किये जाने हेतु आवंटित दक्षताओं पर निर्देशानुसार 100 प्रश्नों का निर्माण तथा प्रेरणा पोर्टल पर सबमिट करना, स्पॉट असेसमेंट सहित 100% यूनीक वि?द्यालयों का मेंटर्स द्वारा सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया जाना, डायट प्राचार्य की अध्यक्षता में सभी एस०आर०जी०, ए०आर०पी०, डायट मॅटर्स और DC ट्रेनिंग की मासिक बैठक आयोजित करते हुए गैप एनालिसिस एवं टार्गेटेड इंटरवेंशन्स सुनिश्चित करना,
कक्षा 6 से 8 का शिक्षण कार्य करने वाले शिक्षकों द्वारा नियमित रूप से शिक्षक सहायक चैटबॉट' पर उपलब्ध पाठ योजना एवम कार्यपत्रक का उपयोग करना, शिक्षकों ? द्वारा संदर्शिका का उपयोग किया जाना, टैबलेट, स्मार्ट क्लास एवं ICT लैब के सम्बन्ध में निर्गत रडढ का अनुपालन सुनिश्चित कराना,
राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा निर्गत निर्देश के क्रम में बच्चों की उपस्थिति पंजिका तथा मध्यान्ह भोजन पंजिका का डिजिटाइजेशन, 100% विदयालयों में कक्षा 1-5 के लिए संदर्शिका तथा शिक्षण अधिगम सामग्री का उपयोग सुनिश्चित कराना, विद्यालयों में शत-प्रतिशत शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराना तथा अनधिकृत रूप से अनुपस्थित शिक्षकों पर कार्यवाही सुनिश्चित करना, DTF के साथ DM/CDO द्वारा मासिक डाटा रिपोर्ट आधारित समीक्षा बैठक तथा इरअ द्वारा इएड के साथ डाटा रिपोर्ट आधारित साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन करना, बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा 20 यूनीक विद्यालयों का निरीक्षण किया जाना, 5 स्पॉट असेसमेंट सहित 100% यूनीक विद्यालयों का मेंटर्स द्वारा सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया जाना, गुणवत्ता संवर्धन से सम्बंधित गतिविधियों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति प्रबंध पोर्टल पर भरा जाना, कक्षा 6 से 8 का शिक्षण कार्य करने वाले शिक्षकों द्वारा नियमित रूप से 'शिक्षक सहायक चैटबॉट' पर उपलब्ध पाठ योजना एवम कार्यपत्रक का उपयोग करना आदि कार्य के अधिकारियों के निर्देश दिए हैं।



# गला घोटकर की गई थी किशोरी की हत्या, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ खुलासा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** छजलैट थाना क्षेत्र के गांव मुस्तापुर खंडसाल निवासी किशोरी की हत्या गला घोंटकर की गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसकी पुष्टि हुई है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। एसओ छजलैट के मुताबिक अभी उन्हें रिपोर्ट नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलते ही हत्या का केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। तहसील कांठ के थाना छजलैट के गांव मुस्तापुर खंडसाल निवासी 16 वर्षीय किशोरी की शनिवार सुबह मौत हो गई थी। परिवार के लोग पुलिस को सूचना दिए बिना चोरी छिपे दफन करने की तैयारी कर रहे थे। तभी किसी ने 112 पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे एसओ छजलैट अर्जुन त्यागी की टीम ने जब पूछताछ की तो परिवार के लोग बीमारी से मौत की बात कहकर पोस्टमार्टम कराने से मना करने लगे। हालांकि कुछ ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जताई, जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शनिवार को ही पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। रविवार को जब किशोरी का पोस्टमार्टम हुआ तो गला घोंटकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई। पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। इस संबंध में एसओ छजलैट अर्जुन त्यागी के मुताबिक अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी अभी थाने पर नहीं आई है। तहरीर या पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलते ही हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने हत्याकांड की गहनता से जांच शुरू कर दी है। जल्द ही वारदात का खुलासा किया जाएगा। पुलिस भी इस पूरे मामले की गंभीरता से हर स्तर से जांच कर रही है इस मामले की गांव में चर्चा है कि किशोरी ईद के दिन गांव के ही एक युवक के साथ भाग गई थी। परिवार वालों ने खोज कर उसे उसी दिन शाम को बरामद कर घर लाए थे। शनिवार को अचानक घर वालों ने उसकी मौत की बात बताई तो सभी भौचक्के रह गए। माना जा रहा है कि घर वालों ने ही गला घोंटकर किशोरी की हत्या की है।




# साई मांजरेकर ने इंस्टाग्राम पर शेयर की ब्लू बॉडीकॉन ड्रेस में तस्वीरें,फैंस हुए दीवाने

भारतीय अभिनेत्री साई मांजरेकर ने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह ब्लू बॉडीकॉन ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही हैं. उन्होंने अपने बालों को खुला रखा है और हल्का मेकअप किया है. तस्वीरों में वह अलग-अलग पोज दे रही हैं. साई मांजरेकर की इन तस्वीरों को उनके फैंस द्वारा खूब पसंद किया जा रहा है. कई फैंस ने उनके लुक की तारीफ करते हुए कमेंट किए हैं. एक फैन ने लिखा, आप बहुत खूबसूरत लग रही हैं, तो दूसरे ने लिखा, आपकी ड्रेस बहुत प्यारी है। साई मांजरेकर सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं. वह अक्सर अपनी तस्वीरें और वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर करती रहती हैं. इंस्टाग्राम पर उनके 1.9 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं। साई मांजरेकर एक भारतीय अभिनेत्री हैं जो हिंदी, मराठी और तेलुगु भाषा की फिल्मों में काम करती हैं। वह अभिनेता महेश मांजरेकर और मेधा मांजरेकर की बेटी है। उन्होंने दबंग 3 (2019) के साथ अभिनय की शुरूआत की, जिसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ महिला पदार्पण नामांकन के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार मिला।

# राजपाल यादव की फिल्म काम चालू है का ट्रेलर हुआ रिलीज, 19 अप्रैल को जी5 पर होगा प्रीमियर

राजपाल यादव ने हिंदी सिनेमा में बतौर कॉमेडी कलाकार खुद को स्थापित किया है। अब तक फिल्मों में अपनी अलग-अलग भूमिकाओं से वह दर्शकों को हंसाते नजर आए हैं। हालांकि, कई बार राजपाल कह चुके हैं कि उन्हें खुद को कॉमेडी कलाकार कहलवाना पसंद नहीं है। बहुत संभव है कि उनकी आगामी फिल्म काम चालू है देखने के बाद दर्शक उन्हें सिर्फ कॉमेडी अभिनेता कहना बंद कर दें। ऐसा हम क्यों कह रहे हैं, वह आप इस फिल्म का ट्रेलर देखकर समझ सकते हैं, जो आज जारी हो चुका है।



फिल्म काम चालू है में राजपाल यादव गंभीर भूमिका में नजर आ रहे हैं। वह एक ऐसे पिता का किरदार अदा कर कर रहे हैं, जो अपनी जान से प्यारी बेटी का शव कंधों पर ढोता है और फिर उसके इंसाफ की लड़ाई लड़ता है। ट्रेलर में वह इस भूमिका के साथ न्याय करते नजर आ रहे हैं। यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी। इसे 19 अप्रैल को जी5 पर देखा जा सकेगा।

इस फिल्म में अभिनेत्री जिया मानेक भी नजर आएंगी। पर्दे पर पहली बार राजपाल यादव और जिया मानेक की जोड़ी बन रही है। जिया फिल्म में राजपाल की पत्नी का किरदार निभा रही हैं। कुरंगी नागराज भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। वह राजपाल यादव की बेटी की भूमिका में हैं। काम चालू है का निर्माण बेसलाइन स्टूडियोज और पाल म्यूजिक एंड फिल्म्स ने मिलकर किया है।

# फिल्म डंक-वन्स बिटन ट्वाइस शाइ से हिंदी सिनेमा में वापसी कर रही हैं निधि अग्रवाल

एक्ट्रेस निधि अग्रवाल अपनी अपकमिंग ओटीटी डेब्यू फिल्म डंक - वन्स बिटन ट्वाइस शाइ को लेकर पूरी तरह से तैयार हैं। वह पहली बार बिकनी अवतार में नजर आएंगी। एक्ट्रेस थोड़े अंतराल के बाद हिंदी सिनेमा में वापसी कर रही हैं। वह पिछली बार 2017 में हिंदी फिल्म मुन्ना माइकल में नजर आईं थीं। प्रेरणा अरोड़ा द्वारा निर्मित इस फिल्म में सुचित्रा कृष्णमूर्ति और विनय पाठक के साथ तुषार कपूर और शिविन नारंग भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। डंक के बारे में बात करते हुए निधि ने कहाः तेलुगु, तमिल और हिंदी में अपनी उपस्थिति स्थापित करने के बाद अब



मैं एक छोटे अंतराल के बाद हिंदी सिनेमा में वापसी कर रही हूं और साथ ही दक्षिणी फिल्म परिदृश्य पर भी अपना दबदबा बना रही हूं।

एक्ट्रेस ने कहा कि उनके पास रोमांचक परियोजनाओं की भरमार है।

उन्होंने कहा, मैं वर्तमान में महान पवन कल्याण और राजा साब के साथ एक मनोरम पीरियड फिल्म हरि हर वीरा मल्लू में काम कर रही हूं। जहां मैं प्रतिभाशाली प्रभास के साथ स्क्रीन शेयर कर रही हूं।

निधि ने कहा, उम्मीद बहुत अधिक है क्योंकि दोनों फिल्में इस साल रिलीज होने वाली हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों के दर्शकों को लुभाने का वादा करती हैं।


एक्ट्रेस ने कहा कि इन सबके बीच उनकी नजर एक स्क्रिप्ट पर पड़ी, जो मुझमें गहराई से समा गई और इसने मेरे अंदर एक असाधारण प्रदर्शन देने की उत्सुकता जगा दी।

निधि ने कहा, दक्षिण में दो नायकों और एक अन्य आशाजनक स्क्रिप्ट के साथ मैं सिनेमाई परिदृश्य में धूम मचाने के लिए तैयार हूं।

# बॉक्स ऑफिस में लडखड़ाये अजय देवगन की मैदान, दो दिन में 10 करोड़ भी नहीं कमा पाई फिल्म

अजय देवगन की 'मैदान' साल 2024 की मच अवेटेड फिल्म थी. 'मैदान' के ट्रेलर में अजय देवगन की परफॉर्मेंस देखने के बाद फैंस का फिल्म के लिए एक्साइटमेंट लेवल काफी बढ़ गया था. ईद के मौके पर इस फिल्म ने सिनेमाघरों में दस्तक दी और इसे अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की 'बड़े मियां छोटे मियां' से क्लैश भी करना पड़ा. वहीं फिल्म लेकर जहां काफी हाईप था लेकिन 'मैदान' की ओपनिंग काफी ठंडी रही. फिल्म ईद पर रिलीज होने के बावजूद 10 करोड़ भी नहीं कमा पाई. चलिए यहां जानते हैं अजय देवगन की फिल्म का दूसरे दिन बॉक्स ऑफिस पर कैसा हाल रहा

देश के बेहद फेमस फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीन की बायोपिक 'मैदान' काफी उम्मीदों के साथ सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. फिल्म को क्रिटिक्स और तमाम सेलेब्स सहित ऑडियंस से भी अच्छा रिव्यू मिला लेकिन ये फिल्म दर्शकों को थिएटरों तक खींच नहीं पाई और और इसकी ओपनिंग निराशाजनक रही।



अजय देवगन की इस फिल्म ने बुधवार को पेड प्रीव्यू और गुरुवार को थिएट्रिकल रिलीज के बाद 7.10 करोड़ का कलेक्शन किया. 'मैदान' ने ईद पर रिलीज हुई अब तक की सभी फिल्मों में सबसे कम कमाई की है. वहीं अब 'मैदान' की रिलीज के दूसरे दिन यानी शुक्रवार की कमाई के शुरूआती आंकड़े भी आ गए हैं।

सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'मैदान' ने रिलीज के दूसरे दिन यानी शुक्रवार को 2.75 करोड़ की कमाई की है. इसी के साथ 'मैदान' का दो दिनों का कुल कलेक्शन अब 9.85 करोड़ रुपये हो गया है।

'मैदान' ने घरेलू बाजार में तो कुछ खास कमाल नहीं दिखाया हालांकि वर्ल्डवाइड अजय देवगन की इस फिल्म ने थोड़ा दम दिखाया. फिल्म के मेकर बोनी कपूर ने 'मैदान' की पहले दिन की दुनियाभर में हुई कमाई के आंकड़े शेयर किए हैं. इसके मुताबिक 'मैदान' ने वर्ल्डवाइड 10.70 करोड़ से ओपनिंग की है. वहीं दूसरे दिन फिल्म के 15 करोड़ का आंकड़ा पार करने की उम्मीद है।

अजय देवगन की पिछली रिलीज 'शैतान' ने पहले दिन 14.5 करोड़ कमाए थे तो दूसरे दिन 18.74 करोड़ की कमाई की थी. इसी के साथ 'शैतान' ने दो दिनों में ही 33.5 करोड़ का कलेक्शन कर लिया था. वहीं '100 करोड़ के बजट में बनी 'मैदान' बॉक्स ऑफिस पर काफी धीमी स्पीड से बढ़ रही है. फिल्म रिलीज के दो दिनों में भी घरेलू बाजार में 10 करोड़ का आंकड़ा पार नहीं कर पाई है. ऐसे में फिल्म की परफॉर्मेंस को देखते हुए इसका अपनी लागत वसूलना काफी मुश्किल लग रहा है।

# नो एंट्री 2 में हुई श्रद्धा, कृति और मानुषी की एंट्री, कॉमेडी का तड़का लगाएंगी अभिनेत्रियां

बोनी कपूर पिछले काफी समय से सुर्खियां बटोर रहे हैं। जब से बोनी ने अपनी फिल्म नो एंट्री के सीक्वल का ऐलान किया है, उनका नाम मीडिया खबरों में बना हुआ है।फिल्म में नजर आने वाले अभिनेताओं के नाम पर निमार्ता पहले ही मुहर लगा चुके हैं। हालांकि, फिल्म की अभिनेत्रियों को लेकर अभी तक कोई जानकारी सामने नहीं आई थी।अब एक रिपोर्ट में इसमें नजर आने वाली अभिनेत्रियों




के नाम का भी खुलासा हो गया है। बोनी ने पहले ही यह साफ कर दिया है कि नो एंट्री 2 में मुख्य भूमिका में वरुण धवन, अर्जुन कपूर और दिलजीत दोसांझ नजर आएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, नो एंट्री 2 में काम करने वाली अभिनेत्रियों का चयन भी हो गया है। कथित तौर पर फिल्म से मानुषी छिल्लर, श्रद्धा कपूर और कृति सैनन के जुडने की खबर है।दावा किया जा रहा है कि तीनों अभिनेत्रियां फिल्म में कॉमेडी का तड़का लगाती नजर आएंगी। सूत्रों ने बताया है कि मानुषी, कृति और श्रद्धा फिल्म में अर्जुन, वरुण और दिलजीत के साथ स्क्रीन साझा करती दिखाई देंगी।बता दें, मानुषी ना केवल कृति और श्रद्धा के साथ पहली बार साथ काम करती दिखाई देंगी, बल्कि वह तीनों अभिनेताओं के साथ भी पहली बार स्कीन साझा करेंगी।यह भी बताया जा रहा है कि तीनों अभिनेत्रियां फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिकाओं में होंगी, जो कहानी को और ज्यादा मजेदार बनाने का काम करेगा।

बोनी ने अर्जुन, वरुण और दिलजीत ने नाम पर मुहर लगाते हुए कहा था, जो भी नाम बताए गए हैं वे सही हैं। फिल्म में वही अभिनेता मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। आइए आशा करते हैं कि चीजें अच्छी तरह से काम करेंगी और यह नो एंट्री की तरह ही दिलचस्प और मजेदार बेनगी। इसकी स्क्रिप्ट बिल्कुल शानदार है। मैं बस इतना कह सकता हूं कि यह स्क्रिप्ट पहली वाली की तुलना में और ज्यादा मजेदार है। नो एंट्री 2 साल 2005 में रिलीज हुई फिल्म नो एंट्री का सीक्वल है, जिसमें सलमान खान, फरदीन खान और अनिल कपूर मुख्य भूमिका में थे।नो एंट्री को दर्शकों ने बेशुमार प्यार दिया था और यह बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। फिल्म का निर्देशन अनीज बज्मी ने किया था और नो एंट्री 2 की कमान भी वही संभालेंगे।नो एंट्री 2 पर काम इसी साल दिसंबर से शुरू हो जाएगा। अगले साल यह सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

# थलाइवर 171 के नए पोस्टर में जबरदस्त लुक में दिखे रजनीकांत, 22 अप्रैल रिलीज होगा फिल्म का टाइटल

गत वर्ष बॉक्स ऑफिस पर जेलर सरीखी फिल्म देने वाले रजनीकांत की इस वर्ष विशेष भूमिका वाली फिल्म लाल सलाम को असफलता का मुंह देखना पड़ा। इस फिल्म का निर्देशन ऐश्वर्या रजनीकांत ने किया था, जो रजनीकांत की बेटी हैं। असफलता को पीछे छोड़ते हुए रजनीकांत ने अपनी अगली फिल्म का ऐलान कर दिया है। उनकी इस फिल्म का निर्देशन लोकेश कनगराज करने जा रहे हैं, जिनकी पिछली तीन फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त परचम लहराया था। उनकी पिछली प्रदर्शित फिल्म लियो थी, जिसने थलापति विजय नजर आए थे।



रजनीकांत की 'जेलरइ ने देश के साथ पूरी दुनिया में धमाल मचा दिया और बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की। बहरहाल हम बात कर रहे हैं रजनीकांत की अगली फिल्म की। वे जल्द ही डायरेक्टर लोकेश कनगराज के साथ नई फिल्म लेकर आ रहे हैं। मेकर्स ने थलाइवर 171 मूवी का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज कर दिया है। इसमें रजनीकांत का धांसू लुक नजर आ रहा है। फिल्म का टाइटल फिलहाल सामने नहीं आया है।

'लियोइ और 'विक्रमइ जैसी सुपरहिट फिल्म बनाने वाले लोकेश का रजनीकांत के साथ यह पहला प्रोजेक्ट है। लोकेश ने एक्स (ट्विटर) पर पोस्ट शेयर करते हुए फिल्म के बारे में अपडेट दिया। फिल्म का टाइटल 22 अप्रैल को रिवील किया जाएगा। पोस्टर में रजनीकांत सोने की घड़ी से बनी हुई हथकड़ी पहने दिख रहे हैं।

उन्होंने गोल्डन फ्रेम वाला सनग्लास भी कैरी किया हुआ है। पोस्टर के बैकग्राउंड मैकेनिकल है, जिसमें घड़ी की मैकेनिज्म देखने को मिलती है। फिल्म प्री-प्रोडक्शन फेज पर है, जो इस साल के अंत तक रिलीज हो सकती है। प्रोडक्शन सन पिक्चर्स कर रहा है, जिन्होंने पिछले साल सितंबर में इसका ऐलान किया था। फिल्म में शिवकार्तिकेयन का भी खास रोल है।

# आयुष्मान खुराना का नया गाना अंख दा तारा हुआ रिलीज, प्रशंसकों ने लुटाया प्यार

बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना को अभिनय के अलावा गायिकी का भी खूब शौक है। प्रशंसक को भी उनके नए गानों का इंतजार रहता है।अब आयुष्मान का नया गाना अंख दा तारा रिलीज हो चुका है, जिसके बोल कुंवर जुनेजा ने लिखे हैं।

इस गाने को प्रशंसकों का काफी प्यार मिल रहा है।आयुष्मान ने अंख दा तारा गाना साझा करते हुए लिखा, मेरा अंख दा तारा तुम हो और अब यह तुम्हारा हुआ।



आयुष्मान ने मिट्टी दी खुशबू और पानी दा रंग जैसे कई हिट गाने गाए हैं।उन्होंने हाल ही में देश के अग्रणी संगीत लेबल वार्नर म्यूजिक इंडिया से हाथ मिलाया है, जो दुनियाभर के दर्शकों और कलाकारों तक उनका संगीत पहुंचाएगा।

वार्नर म्यूजिक इंडिया संगीत से जुड़ी एक मशहूर कंपनी है, जिससे दिलजीत दोसांझ से लेकर अरमान मलिक तक कई कलाकार जुड़े हैं।

आयुष्मान को आखिरी बार अनन्या पांडे के साथ फिल्म ड्रीम गर्ल 2 में देखा गया था।

# डॉ0 त्रिपाठी आयुर्वेद निदानशाला एवं पंचकर्म सेन्टर का मुख्य सचिव ने किया उद्घाटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र ने आज रायबरेली रोड, लखनऊ के सरस्वतीपुरम में राजवैद्य शिव शंकर त्रिपाठी द्वारा स्थापित ह्यडॉ0 त्रिपाठी आयुर्वेद निदानशाला एवं पंचकर्म सेन्टर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आयुष लीना जौहरी, आयुर्वेद निदेशक डॉ0 प्रकाश चन्द्र सक्सेना सहित बड़ी संख्या में गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र ने इस अवसर पर आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत की प्राचीनतम विधा आयुर्वेद का अपना एक विशेष महत्व है। हमारा देश आयुर्वेद का मूल स्थल रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी भारतीय चिकित्सा पद्धति चाहे आयुर्वेद हो, योग हो, सिद्धा हो, प्राकृतिक हो सभी में ह्यसर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयह्ल की कामना की गई हैं। भगवान धन्वन्तरि ने आयुर्वेद को जन्म देकर एक बहुत बड़ी विधा मानव कल्याण के लिये हम सभी को दिया है। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी ने जब पूरी दुनिया को हिला दिया था, तो उस समय हमारी आयुष पद्धतियां कारगर सिद्ध हुईं और इसी के माध्यम से जनमानस ने अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर अपना जीवन सुरक्षित किया।

**आयुर्वेद चिकित्सक डॉक्टर के स्थान पर वैद्य लिखें : दुर्गा शंकर मिश्र**

**कोविड महामारी के दौरान आयुष पद्धतियां कारगर सिद्ध हुई : मुख्य सचिव**

श्री मिश्र ने कहा कि पिछले 9-10 वर्षों में हमारे देश में आयुष का बहुत विकास हुआ है। उत्तर प्रदेश में कई हजार आरोग्य केन्द्र बन चुके हैं। देश के लोगों को स्वस्थ्य बनाये रखने के लिये आयुर्वेद की और जड़ी-बूटियों को पहचाने की जरूरत है। उन्होंने आयुर्वेद के चिकित्सकों से अपने नाम के आगे डॉक्टर न लिखकर वैद्य लिखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्राचीन भारत में राजाओं के दरबार में जिस प्रकार कुल गुरू होते थे, उसी प्रकार कुल वैद्य भी होते थे। वैद्य की प्रथा हमारे देश की बहुत बड़ी ताकत थी। उस ताकत को महसूस किया जाना चाहिए।




मुख्य सचिव ने राजवैद्य शिव शंकर त्रिपाठी जी की सराहना करते हुए कहा कि मैं उन्हें पिछले तीस वर्षों से जानता हूँ जब वे राजभवन में चिकित्सा अधिकारी के पद पर कार्य करते थे। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि राजवैद्य शिव शंकर त्रिपाठी द्वारा स्थापित यह ह्यडॉ0 त्रिपाठी आयुर्वेद निदानशाला एवं पंचकर्म सेन्टर लोगों के लिये वरदान सिद्ध होगा। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव आयुष श्रीमती लीना जौहरी ने कहा कि पंचकर्म सेन्टर के उद्घाटन से लखनऊ ही नहीं, वरन आने वाले समय में प्रदेश के जनमानस को भी आयुर्वेद के माध्यम से उपचार की विशिष्ट सुविधा प्राप्त होगी। निदेशक आयुर्वेद डॉ0 प्रकाश चन्द्र सक्सेना ने उपचार की विधियों पर प्रकाश डालते हुए आयुर्वेद के महत्व को रेखांकित किया। समारोह में राजवैद्य शिव शंकर त्रिपाठी के उपचार से स्वस्थ हुए रोगियों को मुख्य सचिव द्वारा अमृता हेल्थ किट व तुलसी का पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। पूर्ण स्वस्थ हुए रोगियों में श्री अजय सक्सेना - माइग्रेन एवं पाली न्यूराइटिस, कु0 आकांक्षा - सोराइसिस, श्रीमती नीलम शुक्ला - रूमेटाइड अर्थराइटिस, श्री अजय मिश्र - पिट्यूटरी मैक्रो एडीनोमा तथा श्री राम किशोर यादव - क्रॉनिक कोलाइटिस रोग से पीड़ित थे। इस अवसर पर स्वस्थ हुए इन रोगियों द्वारा अपने अनुभव भी साझा किये गये।

कार्यक्रम में राजवैद्य शिव शंकर त्रिपाठी द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत व अभिनन्दन पुष्प गुच्छ भेंट कर एवं अंगवस्त्र प्रदान कर किया गया। मुख्य सचिव एवं प्रमुख सचिव आयुष ने डॉ0 त्रिपाठी आयुर्वेद निदानशाला एवं पंचकर्म सेन्टर के उद्घाटन के उपरान्त सेन्टर का अवलोकन कर प्रदान किये जाने वाले उपचारों एवं सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान धन्वन्तरि की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर हुआ। कार्यक्रम का संचालन वैद्य माण्डवी बाजपेयी तथा धन्यवाद ज्ञापन वैद्य दीपांजली त्रिपाठी द्वारा किया गया।

# डा.भीमराव अंबेडकर का जन्मदिवस 133 किलो का केक काटकर धूमधाम से मनाया, सरकारी स्कूल के बच्चों में स्टेशनरी का सामान वितरित किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** आदर्श भीम युवा ग्रुप द्वारा भारतीय संविधान निमार्ता, भारत रत्न,बोधिसत्व बाबा साहेब डॉ आंबेडकर का 133 वां जन्मदिवस एक 133 किलोग्राम का केक काटकर धूमधाम से मनाया गया । कार्यक्रम शुभारंभ बुद्ध वन्दना के साथ असिस्टेंट प्रोफेसर ओमपाल सिंह ने किया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम कर देश भक्ति में रंग दिया । कार्यक्रम के अतिथि श्री पाल सिंह (चेयरमैन पति नगर पालिका अध्यक्ष ),डॉक्टर हरी ओम (चेयरमैन, रिदम हॉस्पिटल), डॉ.नीलम ,हीरालाल,धर्मदत्त (सभासद) ने बाबा साहब के



जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनसे प्रेरणा लेकर शिक्षित होकर अपने साथ समाज व देश की उन्नति के लिए कार्य करने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में समाज सेवियों,टीम मेंबर्स, विद्यार्थियों और मीडिया बंधुओ को सम्मनित करने के साथ ही सरकारी स्कूल के 100 विद्यार्थियों में स्टेशनरी का समान वितरित किया गया। इस अवसर पर मंजीत सिंह,सुमित गौतम,जय कुमार, हिमांशु, ब्राइट, यशवंत कुमार, महेश कुमार, अरुण कुमार, आशीष कुमार, रॉबिन कुमार, योगेश कुमार, राजेश कुमार, विपिन कुमार,सनोज कुमार, गौरव आदि मौजूद रहे।

# रोहिणी आचार्य के पहले हम से लड़ लें वाले बयान पर चिराग का पलटवार, कहा-चार जून को देख लेंगे

**पटना (आरएनएस)।** लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने रोहिणी आचार्य के उस बयान पर पलटवार किया है जिसमें रोहिणी ने कहा था कि पापा की तबीयत खराब है, ये लोग पहले हम से लड़ लें। चिराग पासवान ने कहा, चार जून को देख लेंगे।

चिराग पासवान ने पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अपमानजनक टिप्पणी करने वाले दलों पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा कि ये लोग जितना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में अपमानजनक भाषा का उपयोग करेंगे, एनडीए को राजनीतिक मोर्चे पर उतना ही फायदा पहुंचेगा। आज तक इन लोगों ने जितना ज्यादा प्रधानमंत्री को गलत ठहराने का प्रयास किया, एनडीए को उतना ही फायदा पहुंचा है।

चिराग से पूछा गया कि विपक्षी दल लगातार कह रहे हैं कि केंद्र की मोदी सरकार सत्ता के लिए लगातार ईडी और सीबीआई का बेजा इस्तेमाल कर रही है। इस पर उन्होंने कहा कि ये बातें तो ये लोग आज से नहीं, बल्कि साल 2014 से करते हुए आ रहे हैं, लेकिन इससे फायदा क्या हुआ? इससे हम सब वाकिफ हैं। प्रधानमंत्री मोदी को मिलने वाला जनसमर्थन लगातार बढ़ता जा



रहा है। चिराग पासवान ने सीएम केजरीवाल पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पहले केजरीवाल इन लोगों के नाम की पर्ची लेकर घूमते थे और इन्हें भ्रष्ट बताते थे, लेकिन आज यही लोग इंडी गठबंधन के नाम से एकजुट हो चुके हैं और खुद को भ्रष्टाचार के खिलाफ बताते हैं। देश की जनता इन्हें नकार चुकी है और आगे भी नकारेगी।

वहीं, रोहिणी आचार्य के इस जवाब पर कि पहले हमारे भाई-बहन से निपट लें, फिर हमारे पिता के पास आएं, उस पर चिराग ने कहा कि अरे अभी दिन ही कितने बचे हैं, 4 जून को देख लेंगे।

-नाराज क्षत्रिय समाज के नाराज होने से चुनाव में उठाना पड़ सकता है,खामियाजा

# आगामी 17 अप्रैल को धौलाना से क्षत्रिय भरेंगे हुंकार : ठाकुर ललित राणा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़/धौलाना।** सत्ता की लालसा और स्वाभिमान में अंतर होता है। राजपूतों ने कभी सत्ता की लालसा नहीं रखी। यही कारण है कि वह मांगने में कम विश्वास रखते हैं, जिसके चलते राजनीतिक प्रतिनिधित्व कम मिल पाता है। देशभक्त और स्वाभिमान रखने वाली जाति न तो किसी का अपमान करती है और न ही अपने स्वाभिमान से समझौता सहन करती है। ऐसे में राजपूत समाज की उपेक्षा राजनीतिक दलों को भारी पड़ सकती है। अब लोकसभा में राजपूतों के विरोध का सामना भाजपा को करना पड़ेगा। बड़ा चुनाव होने के कारण भाजपा शायद विरोध से ज्यादा प्रभावित न हो, लेकिन विधानसभा चुनावों में इसके परिणाम चौकाने वाले हो सकते हैं। भाजपा को अलीगढ़ से लेकर सहारनपुर तक की कई सीट गंवानी पड़ सकती हैं।

क्षत्रिय समाज के आक्रोश से जूझती भाजपा जिस तरह पश्चिमी उत्तर प्रदेश की विधानसभा क्षेत्रों में होने वाली पंचायतों से पहले और बाद में अपने शीर्ष नेतृत्व की सभाएं आयोजित कर रही वह विचारणीय है। आखिर भाजपा अपने मूल वोटर कहे जाने वाले नाराज क्षत्रिय समाज को किस तरह से अपने पाले में करें। क्षत्रिय समाज को साधने के लिए भाजपा ने पार्टी में क्षत्रिय के प्रतिनिधियों को तव्वजो देकर समाज की नाराजगी को भांप लिया है। सहारनपुर में सात अप्रैल को हुई क्षत्रिय समाज की महापंचायत के बाद ठाकुरों की चौबीसी के गढ़ रारधना में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजकर पार्टी के फायर ब्रांड नेता व पूर्व विधायक संगीत



सोम को साधना पार्टी की नीतियों का ही हिस्सा था। मगर मामला जस का तस रही नजर आ रहा है।

मेरठ, सहारनपुर और गाजियाबाद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सभाएं और रोड शो,रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा सभाएं और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा ठाकुरों के बीच पहुंच कर बेहतर राष्ट्र के निर्माण में क्षत्रिय समाज के योगदान की अपील की जा रही है वह। अपने आप में अद्भुत और अकल्पनीय प्रयोग है। धौलाना में 17 अप्रैल को क्षत्रिय समाज द्वारा आयोजित होने वाले क्षत्रिय स्वाभिमान सम्मेलन के दो दिन बाद 18 अप्रैल को सम्भावित सभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आने की चर्चा इस बात का संकेत है कि क्षत्रिय समाज को साधने की रणनीति बनाई जा रही है। राजनीति के चाणक्यों का मानना है कि राजनीतिक दल राजपूत समाज के आक्रोश को नजरअंदाज नहीं कर सकते। राजपूतों की राजनीतिक महत्वाकांक्षा नहीं रही है, लेकिन वह स्वाभिमान से समझौता भी सहन नहीं करते हैं। यही कारण है कि गाजियाबाद में जिस प्रकार राजपूत समाज के प्रतिभावान देशभक्त प्रत्याशी को उठा फेंका, वह अपमानजनक है। राजपूत समाज इसके लिए किसी भी हद तक जा सकता है। अपनी पगड़ी के सम्मान से खिलवाड़ स्वीकार नहीं करेगा।कोई राजनीतिक दल राजपूतों को नजरअंदाज नहीं कर सकता है। इसका उत्तर 17 अप्रैल की महासभा में दिया जाएगा।

# विधान परिषद सदस्य नरेंद्र भाटी ने डॉक्टर भोला सांसद के समर्थन में किया जनसंपर्क

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** जिसमें गांव जोट, सराय, मुरसाना धनोरा आदि गांव होते हुए युवा हिंदू वाहिनी प्रदेश अध्यक्ष के कार्यालय पर जो कि सहकारी नगर पर स्थित है।

सैकड़ो कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष विजय कपासिया एवं हरीश कुमार शर्मा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश सहकारी कताई मिल पर आगामी चुनाव को लेकर चर्चा की तथा साथ ही साथ ग्राम धनोरा में श्री सूर्य प्रताप सिंह के आवास पर बहुत बड़ी जनसभा हुई जिसमें भाटी ने



सैकड़ो लोग एवं कार्यकर्ताओ को संबोधित किया। तथा भाजपा प्रत्याशी भोला सिंह के समर्थन में वोट करने की अपील की।

# प्रदेश में बसपा पार्टी का मजबूत जनाधार करनाल से पार्टी को जनता का मिलेगा पूरा आशीर्वाद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हिसार(राजेश सलूजा)।** भाजपा सरकार के राज में प्रदेश में विकास नहीं बल्कि भ्रष्टाचार चरम सीमा पर रहा है। जिसकी वजह से जनता इस राज से तंग आ चुकी है। जनता इस बार बदलाव का मूड बना चुकी है। यह कहना है करनाल से लोकसभा से बसपा प्रत्याशी इंद्रजीत सिंह ( नवजोत) जलमाना का। वह करनाल रोड़ स्थित एक निजी होटल में प्रैसवार्ता के दौरान बोल रहे थे। बसपा प्रत्याशी इंद्रजीत सिंह जलमाना ने कहा कि बसपा पार्टी का

**करनाल लोकसभा से जनता जनार्दन ने बसपा पार्टी को जीतने का बनाया मन : इंद्रजीत जलमाना**



परिवार दिन प्रतिदिन मजबूत होता जा रहा है।करनाल लोकसभा के सभी गांव में जनता दिन रात मेहनत कर पार्टी को मजबूत करने का काम कर रही है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर तंज कस्ते हुए कहा कि गठबंधन में सभी अपने अपने लिए लड़ रहे है। गुटबाजी के चलते पार्टी प्रत्याशी भी मैदान में नहीं उतार पर रहे है। जिससे साफ प्रतीत होता है गठबंधन डरा हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास के नाम पर केवल बरगलाने का काम किया गया है। जमीनी स्तर पर सभी वादे टूटे हुए नजर आते है। लेकिन अब जनता सच्चाई का साथ देने वाली है। इस अवसर पर रमेश पोडिया, पूर्व सरपंच जानपाल सिंह रत्तक, शीशा सिंह, अंकुश बल्हारा ,यादविंदर सिंह, गुरबाज सिंह, प्रताप सिंह शेखपुरा, मास्टर शमशेर सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# भाजपा ने घोषणा पत्र नहीं,संकल्प पत्र जारी किया है: रजनी तिवारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश सरकार में उच्च शिक्षा विभाग की राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि भाजपा ने अपना घोषणा पत्र जारी नहीं किया,बल्कि संकल्प पत्र जारी किया है। क्योंकि भाजपा सदैव एक संकल्प के साथ कार्य करती है भाजपा जो संकल्प लेती है,वह पूरा करती है। सोमवार को रेलवे रोड स्थित स्थानीय रेस्टोरेंट में राज्यमंत्री रजनी तिवारी पत्रकारों से वार्ता कर रही थी। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र के माध्यम से ही भाजपा जनता के बीच में अपने विचार रखती है। 2014 से जब से भाजपा की सरकार केंद्र में आई है तब से निरंतर विकास की कार्य भारतवर्ष में किये जा रहे हैं और नए कीर्तिमान भारत में स्थापित

**भाजपा जो संकल्प लेती है, उसे वह पूरा जरूर करती है**




हो रहे हैं। आज चारों ओर सड़क की सुविधा,महिलाएं बच्चे जनता सुरक्षित है,गरीब कल्याण की केवल बात ही नहीं करते गरीब कल्याण की दिशा में भी कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प है कि अगले 5 वर्ष तक गरीब व पिछड़े व्यक्तियों को राशन मिलता रहे,हर गरीब व्यक्ति के ऊपर अपनी छत हो,पीने का पानी हो बिजली हो,इसी संकल्प को लेकर पुनः हम जनता के बीच जा रहे हैं और जनता यह जानती है कि भाजपा जो संकल्प लेती है।

उसको पूरा करती है चुनाव में कार्यकर्ता पूरे मनोयोग से लग रहे हैं। ओर इस बार निश्चत रूप से 400 पार करके नया इतिहास बनेगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष नरेश तोमर, लोकसभा सह संयोजक संजय त्यागी, जिला महामंत्री पुनीत गोयल,जिला कोषाध्यक्ष कपिल एसएम, क्षेत्रीय संयोजक व्यापर प्रकोष्ठ विनोद गुप्ता, अमित टोनी,राजीव अग्रवाल, जिला मीडिया प्रभारी सुयश वशिष्ठ आदि मौजूद रहे।

पूजा अर्चना

माता कालरात्रि की श्रद्धालुओं ने मंदिर व घरों में की पूजा अर्चना

# आज मां मंशा देवी की पंखा शोभायात्रा निकाली जायेगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** सोमवार को सप्तम नवरात्रि पर श्रद्धालुओं ने मंदिर व घरों में माता रानी के सातवें स्वरूप माता कालरात्रि की पूजा अर्चना कर जयकारे लगाये,जिससे घर आंगन व मंदिर में जयकारे गूंजने लगे। साथ ही सुरक्षा की दृष्टिद से सुबह व शाम को पुलिस बल तैनात रहता है। आज मंगलवार को शहर में मां मंशा देवी की पंखा शोभा यात्रा निकाली जायेगी।

**बड़ों के साथ बच्चों ने भी लगाये माता रानी के जयकारे**

**सुरक्षा की दृष्टि से मंदिरा पर महिला व पुलिस बल तैनात**

आपको बता दें कि मां दुर्गा की नवशक्तियों में सातवां रूप कालरात्रि माता का है। सातवें नवरात्र में मंदिरों व घरों में माता रानी के इसी स्वरूप की भक्तों द्वारा पूजा अर्चना की जाती है। भक्तों द्वारा इनकी पूजा करने से मनोकामना पूर्ण होती है।



सोमवार को बड़ों के साथ छोटे बच्चों ने भी व्रत रखकर मंदिर व घरों में माता कालरात्रि की पूजा अर्चना कर माता रानी के नाम के जयकारे लगाये। जिससे घर आंगन में जयकारे गूंजने लगे। भक्तों ने माता रानी से विश्व से अमन शांति बनाये रखने की प्रार्थना की।

मंदिर के पुजारी पंडित श्याम मोहन शर्मा का कहना कि जो भक्त सच्चे मन से मां मंशा देवी की सभी नौ रूपों की श्रद्धा से पूजा अर्चना करता है। माता उसकी मनोकामना अवश्य पूर्ण करती है। इसी आस्था के चलते मंदिर में नवरात्रों में भक्तों पूजा अर्चना करने के लिए भारी संख्या में आते है। भक्तों की सुरक्षा की दृष्टिद से मंदिर पर सुबह व शाम को महिला व पुरुष पुलिस बल तैनात रहता है।

मंशा देवी मंदिर के प्रधान शिव कुमार मित्तल ने बताया आज मंगलवार 16 अप्रैल को शहर में मां मंशा देवी की निकाली जायेगी। जिसमें भव्य झांकियां भी शामिल होगी।




मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267